दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी संपादक - डा.के.के.संधू प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 166 मंगलवार 17 जून, 2025 Tuesday 17 June , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## गरीब विरोधी है मोदी सरकार, मनरेगा को खत्म करने में जुटी-खड़गे का आरोप

नई दिल्ली, 16 जून (निस) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने में लगी है और इस योजना के कार्यान्वयन में कटौती करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। ( शेष पृष्ठ दो पर )

# ईरान-इजराइल में मिसाइल जंग तेज, इजराइल में 8 की मौत, कई घायल

## अमेरिकी दूतावास भी बना निशाना, ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने के प्रयास तेज



तेल अवीव 16 जून (निस) ईरान ने सोमवार को सेंट्रल इजराइल में कई स्थानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 8 लोगों की मौत और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पिछले चार दिनों में यह इजराइल पर ईरान का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। अब तक ईरानी हमलों में इजराइल में 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 600 से अधिक घायल हैं। वहीं ईरान में अब तक 224 लोगों की मौत और 1,277 से ज्यादा घायल होने की पुष्टि हुई है। एक अमेरिकी मानवाधिकार संगठन का दावा है कि ईरान में अब तक 406 लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल का जवाबी हमला-इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के 30त्न मिसाइल लॉन्चर्स को तबाह कर दिया है। इसके लिए 50 से अधिक फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स का इस्तेमाल किया गया और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चिंग सिस्टम को नष्ट किया गया।इजराइली एयरफोर्स ने रविवार को तेहरान में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहकिक समेत 4 खुफिया अफसरों की मौत हो गई। यह हमला ईरान के खुफिया ढांचे पर बड़ा झटका माना जा रहा है।

**तेहरान में इजराइली हमलों से मची भगदड़, बॉर्डर की ओर भागने लगे लोग... सड़कों पर लगा ट्रैफिक जाम**

ईरान की राजधानी तेहरान इस समय इजरायली हमलों के चलते गहरे संकट में है। लगातार हो रही बमबारी, मिसाइल हमलों और बढ़ती मौतों ने शहर को डर और दहशत के साए में ला खड़ा किया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि शहर की सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम लगा है और लोग बड़ी संख्या में देहात या सीमाई इलाकों की ओर भाग रहे हैं।

**राजधानी से निकलने की होड़-**-एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान से ग्रामीण इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई लोग तुर्किए की सीमा की ओर भी भागने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में तेहरान-तुर्किए बॉर्डर (बाज़ारगान क्रॉसिंग) पर भी भारी भीड़ देखी गई है। एक स्थानीय पत्रकार ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, तेहरान से एक नाटकीय पलायन जारी है। शहर की मुख्य सड़कों और हाईवे पर जाम लगा( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान,बोले-यह दोनों देशों की मित्रता पर मुहर

## दोनों देशों में रक्षा सहयोग और निवेश बढ़ाने पर सहमति,युद्ध कोई समाधान नहीं - मोदी



**निकोसिया 16 जून ( निस ) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, ''साइप्रस के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' सम्मान को प्राप्त करके मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं।'' साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित करते हुए कहा कि यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हमारी सक्रिय साझेदारी नई ऊंचाइयों को छुएगी। हम मिलकर न केवल अपने दोनों देशों की प्रगति को मजबूत करेंगे बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित विश्व के निर्माण में भी योगदान देंगे। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा, ''राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत-साइप्रस के बीच स्थायी द्विपक्षीय साझेदारी और शांति, प्रगति एवं समृद्धि के साझा दृष्टिकोण के लिए मिलकर काम करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में साइप्रस( शेष पृष्ठ दो पर )

## रॉबर्ट वाड्रा को ईडी ने फिर भेजा समन, 17 जून को होगी पूछताछ




नई दिल्ली 16 जून (निस) : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन स्थित हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के व्यवसायी पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए उन्हें 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। इस मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। 56 वर्षीय वाड्रा को 10 जून को मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए पूछताछ से परहेज किया कि 9 जून को उन्हें फ्लू जैसे लक्षण थे और उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुसार कोविड परीक्षण कराया था। उनके वकील ने तब कहा था कि वाड्रा का समन से बचने का कोई( शेष पृष्ठ दो पर )

# अमित शाह ने आपदा प्रबंधन को लेकर दिया मंत्र



नई दिल्ली 16 जून (निस) : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) की सराहना की, जिससे भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इंटरस्टेट मॉक ड्रिल को सालाना कार्यक्रम बनाया जाए। मेरा मानना ??है कि राज्यों की मदद के बिना यह संभव नहीं है। कई चक्रवात, कई आपदाएँ ऐसी होती हैं जिनके लिए इंटरस्टेट मॉक ड्रिल की आवश्यकता होती है और हम राज्यों की मदद के बिना यह नहीं कर सकते। अमित शाह ने आगे कहा कि हम आने वाले दिनों में इस पर आगे बढ़ना चाहते हैं। हम स्टार्टअप इंडिया को आपदा राहत तकनीक के विकास से भी जोड़ना चाहते हैं। मैं आपको पहले से बता रहा हूँ कि राज्यों को भी इसके लिए मंथन शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जो काम किया है, वह सराहनीय है। आपदा से बचाव के बारे में सोचना अधूरा दृष्टिकोण है। समग्र दृष्टिकोण में ऐसी धरती का निर्माण शामिल है, जहाँ कोई आपदा न आए...हमें इस दृष्टिकोण को लोकप्रिय बनाना चाहिए। अगर हम पर्यावरण संरक्षण के बारे में नहीं सोचेंगे तो हम आपदा से खुद को नहीं बचा पाएंगे।शाह ने कहा कि हम सबके लिए यह हर्ष का विषय है कि 10 वर्षों के भीतर ही NDMA, NDRF और CDRI इन तीनों संस्थाओं ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के और करीब ला दिया है। NDMA ने नीतिगत मामलों की संरचना, शोध कार्य, विभिन्न प्रकार के अध्ययनों के लेखों( शेष पृष्ठ दो पर )

## छात्रों पर जानलेवा हमला नाकाबिले बर्दाशत, वीसी की जवाबदेही हो तय- हुड्डा



चंडीगढ़, 16 जून (सतीश कुमार )पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि जिस तरह जाय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। इस पूरे मामले में लाठी बरसाने वाले स्टाफ के साथ-साथ वाइस चांसलर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों की मांगों को कांग्रेस पूर्ण समर्थन देती है। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है। ऐसे में उनपर जानलेवा हमला करना पूरी तरह आपराधिक कार्रवाई है। कानून के मुताबिक सिर पर वार को जानलेवा हमला माना जाता है और एफआईआर भी उसी धारा में दर्ज होती है। इसलिए छात्रों के हमला करने और करवाने वाले दोनों को सजा भुगतनी पड़ेगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि छात्रों ने अभी तक पूरी ( शेष पृष्ठ दो पर )

# अगली जनगणना होगी 2027 में, केंद्र ने जारी कर दिया नोटिफिकेशन

**देश में पहली डिजिटल-प्लस जाति जनगणना**




नई दिल्ली 16 जून (निस)। भारत सरकार ने देश की अगली जनगणना के लिए वर्ष 2027 को निर्धारित करते हुए औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, देश के अधिकांश हिस्सों में जनगणना की आधार तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि होगी। हालांकि, ठंडे और बर्फीले क्षेत्रों—जैसे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के कुछ भाग, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड—में यह तिथि 1 अक्टूबर 2026 तय की गई है। इन क्षेत्रों में मौसम की कठोर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।गौरतलब है कि यह अधिसूचना वर्ष 2019 में जारी पुराने आदेश को निरस्त करते हुए लागू की गई है। कोविड-19 महामारी के चलते वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना को स्थगित कर दिया गया था, जिसके बाद यह निर्णय देशभर में बहुप्रतीक्षित था। सरकार का कहना है कि इस जनगणना के माध्यम से जनसंख्या से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और अन्य पहलुओं पर आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे। ( शेष पृष्ठ दो पर )

## टायर फटने से सवारियों से भरी पिकअप पलटी, 5 की मौत, 15 घायल

सारण 16 जून (निस) : बिहार में सारण जिले के बाजितपुर गांव के पास नेशनल हाइवे-19 पर एक मालवाहक पिकअप गाड़ी का टायर फटने से वह पलट गया और इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। 15 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस दुर्घटना की खबर जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई, तो वो भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पलटे वाहन को सीधा करके दबे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस भयावह सड़क दुर्घटना में पांच ग्रामीणों की मौत हुई है, जबकि 15 के घायल हैं। घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं मृतकों की पहचान सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में रहने वाले राज कुमार पंडित की पत्नी अंजू देवी (48), राजू बैठा की पत्नी राधिका देवी (50), श्रवण राम के पुत्र सोनू कुमार (23), पंचूराम की पुत्री राजलक्ष्मी कुमारी (15), रामबाबू राम के पुत्र शिवम कुमार (7) के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार( शेष पृष्ठ दो पर )

# ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद कई एजेंसियां विमान हादसे की जांच में जुटीं, पायलटों की रिकार्ड बातचीत से मिलेगी मदद



अहमदाबाद, 16 जून (निस) एयर इंडिया विमान हादसे की जांच कर रही टीम को कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर यानी ब्लैक बॉक्स मिल गया है। इससे भीषण हादसे के कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिसमें अब तक 270 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में विमान में सवार 241 यात्री और क्रू के अलावा 29 लोग मेस के शामिल हैं।इससे पहले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने केवल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिलने की पुष्टि की थी। अधिकारियों ने ब्लैक बॉक्स की बरामदगी की जानकारी पीएम मोदी के प्रधान सचिव को दे दी है, जो रविवार को अहमदाबाद पहुंचे थे। प्रधान सचिव ने क्रैश साइट का निरीक्षण किया और सिविल अस्पताल में जाकर घायलों से मुलाकात की। पीएम के प्रधान सचिव ने सर्किट हाउस में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों, एएआईबी और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राहत, बचाव और( शेष पृष्ठ दो पर )

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महापौरों को बताया शहरों के विकास का सारथी

## पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक का आयोजन







चंडीगढ़, 16 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना में महापौर रीढ़ के समान हैं। मुख्यमंत्री श्री सैनी आज पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**शहर आर्थिक विकास के इंजन और नवाचार के केंद्र -** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महापौर जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं और उनके पास कार्यकारी शक्तियां होती हैं। यह व्यवस्था नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत सेतु बनाती है और निर्णय प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब शहरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। शहर केवल निवास स्थान नहीं हैं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन, नवाचार के केंद्र और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के संगम हैं।

**अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मान रहा है हरियाणा -** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मानते हैं। हमारा विजन है कि शहर 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का संगम बनें। हमें शहरों ( शेष पृष्ठ दो पर )

# यूपी में बारिश बनी काल, आकाशीय बिजली गिरने से 25 लोगों की मौत



लखनऊ 16 जून (निस) : यूपी में भीषण गर्मी के बाद बारिश ने लोगों को राहत दी है, लेकिन यह राहत कई परिवारों के लिए आफत बन गई। बीते 2 दिनों में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से करीब 25 लोगों की मौत हो चुकी है। सिर्फ 24 घंटों में 12 लोग इस कुदरती कहर की चपेट में आकर अपनी जान गवां चुके हैं। इन घटनाओं में सबसे ज्यादा नुकसान प्रयागराज जिले में हुआ है, जहां 4 लोगों की मौत हुई। लोगों का कहना है कि तेज बारिश के दौरान अचानक बिजली गिरी, जिससे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। वहीं जौनपुर में आकाशीय बिजली से 3 लोगों की जान गई। गोरखपुर और ललितपुर में 2-2 लोगों की मौत हुई है। बरेली में तेज बारिश और बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं ने लोगों के साथ-साथ प्रशासन को भी सतर्क किया है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन हादसों पर दुख जताया है और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही, मौसम विभाग और जिला प्रशासन को सतर्कता बरतने को कहा है। मौसम विभाग ने आकाशीय बिजली से बचने के जरूरी उपाय बताएं जिनमें बारिश और आंधी के समय खुले मैदानों में ना जाएं। पेड़, बिजली के खंभे या ऊंची इमारतों के पास खड़े ना हों। घर के अंदर रहें और बिजली के उपकरणों से दूरी बनाएं। जब तक मौसम पूरी तरह साफ ना हो जाए, सुरक्षित स्थान पर ही रहें। आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश और आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई है।

## पृष्ठ एक का शेष...

### ईरान-इजराइल में मिसाइल जंग तेज, इजराइल ...

हुआ है क्योंकि लोग संभावित इजरायली हवाई हमलों से बचने की कोशिश में भाग रहे हैं।

**अमेरिकी दूतावास भी बना निशाना**-ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि यदि इजराइल हमले बंद करता है, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई रोक सकता है। तेल अवीव में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास एक मिसाइल गिरी जिससे दूतावास को मामूली नुकसान हुआ। किसी अमेरिकी कर्मचारी को चोट नहीं आई, पर सावधानी के तौर पर दूतावास बंद कर दिए गए। पेटाह टिकवा शहर में एक रिहायशी इमारत को मिसाइल ने पूरी तरह नुकसान पहुंचाया। कई अपार्टमेंट जलकर खाक हो गए। इजराइल की आपात सेवा %मैगन डेविड एडोम% के अनुसार, दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई व 74 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख की भी इजराइली हमले में मौत हो चुकी है। ईरान में अब तक 224 लोगों की मौत हो चुकी है और 1,277 से अधिक घायल हुए हैं। हालांकि मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि असली आंकड़े इससे कहीं ज्यादा हैं।

**भारत ने शुरू की प्रक्रिया** - सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने अपने 1,500 छात्रों सहित करीब 10,000 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से संपर्क किया है। छात्रों को आर्मेनिया की नॉरदुज सीमा चौकी के रास्ते बसों से निकाला जाएगा।ईरानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि देश छोड़ने से पहले सभी विदेशी नागरिकों को राजनयिक मिशनों के माध्यम से अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, वाहन की जानकारी, निकलने का समय और बॉर्डर की जानकारी जनरल प्रोटोकॉल विभाग को देनी होगी।

### ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद कई एजेंसियां विमान ....

जांच कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। रिलीज के मुताबिक एएआईबी ने इस दुर्घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है साथ ही विमान अमेरिकी निर्मित होने के कारण अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड भी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत समानांतर जांच कर रहा है। प्रधान सचिव ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से घटनाक्रम और राहत कार्यों की जानकारी ली। सिविल अस्पताल में उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और डीएनए सैंपल मैचिंग का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दी जाए और पूरी प्रक्रिया सहज और संवेदनशील तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने घायलों से भी बातचीत की और अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि उनका इलाज प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है। सभी लोग शोक में डूबे हैं। ऐसे में पीड़ित परिवारों का दुख बांटना और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है।

### अमित शाह ने आपदा प्रबंधन को लेकर ...

को लोगों तक पहुँचाना, अनेक ऐप बनाना और नीतिगत मामलों के समग्र समन्वय में बहुत बढ़िया काम किया है...ह्हत्रत्र ने पूरे देश में अपनी छवि बनाई है, ख्याति और सम्मान भी कमाया है।

### टायर फटने से सवारियों से भरी पिकअप ...

सुबह हुई, जब दिघवारा थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी ये सभी ग्रामीण अपने-अपने मक्के की बोरियों को हाजीपुर स्थित एक फैक्ट्री में भुनवाने जा रहे थे। दुर्घटना स्थल पर मक्के की बोरियां खुलकर बिखर गई हैं। पिकअप में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस की तरफ से ऐसा वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। अगर ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग सख्त होता तो इस तरह के हादसे नहीं हों। पुलिस ने मामल दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**

**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**

### छात्रों पर जानलेवा हमला नाकाबिले बर्दाश्त, वीसी की ...

तरह शांति और अनुशासन का परिचय दिया है। न्याय की इस लड़ाई को भी शांति व अनुशासन के साथ आगे बढ़ाएं। कांग्रेस समेत तमाम युवा और पूरा प्रदेश छात्रों के साथ खड़ा है। छात्रों की आवाज को कांग्रेस विधानसभा से लेकर संसद तक हर मंच पर उठाएगी। कांग्रेस के तमाम विधायकों व सांसदों ने छात्रों के बीच पहुंचकर अपने समर्थन का ऐलान किया है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति नियमों में अनुचित बदलाव किया है। पहले 70त्न या उससे अधिक अंक (OGPA 7.0) लाने वाले हरेक छात्र को स्टाइपेंड दिया जाता था। लेकिन अब उसे सिर्फ टॉप 25 फीसदी छात्रों तक सीमित कर दिया है। इतना ही नहीं, मेरिट स्टाइपेंड के लिए न्यूनतम योग्यता 70त्न से बढ़ाकर 75फीसदी (OGPA 7.5) कर दी गई है। इसी तानाशाही के विरुद्ध सभी ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाई थी। लेकिन रात के अंधेरे में बीजेपी सरकार के इशारे पर बेरहमी से उनपर लाठियाँ बरसाई गईं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने पूरे कार्यकाल में एक भी बड़ी यूनिवर्सिटी प्रदेश में स्थापित नहीं की। इसके विपरीत बीजेपी सरकार, कांग्रेस द्वारा पहले से स्थापित संस्थानों को बर्बाद करने में जुटी है। इसके लिए विश्वविद्यालयों पर अनाप-शनाम नियम थोपे जा रहे हैं और उन्हें राजनीति का अड्डा बनाया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी, बीजेपी के इन मंसूबों का डटकर विरोध करेगी।

### रॉबर्ट वाड्रा को ईडी ने फिर भेजा समन, 17 ...

इरादा नहीं है और वह इस महीने के अंत में विदेश यात्रा से पहले या बाद में कभी भी ईडी के सामने पेश होने के लिए तैयार हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एजेंसी ने पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करने और उसके बाद मामले में आरोपपत्र दाखिल करने के लिए उन्हें तलब किया है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के एक भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अप्रैल में लगातार तीन दिनों तक व्यवसायी से पूछताछ की थी। ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के तीन मामलों में उनकी जांच की जा रही है। भंडारी (63) 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक अदालत ने इस महीने की शुरुआत में भारत सरकार द्वारा प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को बरी किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति मांगने के लिए दायर आवेदन को अस्वीकार कर दिया था, जिससे कानून का सामना करने के लिए उसे देश में लाए जाने की संभावना लगभग समाप्त हो गई थी।

### अगली जनगणना होगी 2027 में, केंद्र ने जारी ...

ये आंकड़े आगामी नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए दिशा-निर्देशक की भूमिका निभाएंगे।

**पहली डिजिटल-प्लस-जाति जनगणना** - केंद्र सरकार ने औपचारिक अधिसूचना जारी कर देश-व्यापी जनगणना 2027 की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह 16 वां अखिल भारतीय और स्वतंत्र भारत का 8 वां जनगणना-अभियान होगा, जो 2011 के बाद पहली बार देश की जनसंख्या, धर्म-सम्प्रदाय और सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल का अद्यतन चित्र पेश करेगा। इस बार की जनगणना को दो-चरणी में शेड्यूल किया गया है, पहले चरण में (हाउस-लिस्टिंग एवं आवास अनुसूची)= 16 जून 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, जिसके तहत हर मकान और बुनियादी सुविधाओं का ब्योरा दर्ज होगा। दूसरे चरण में (जनसंख्या एवं जाति-गणना)= 27 फरवरी 2027 से 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि तक; यही तिथि जनगणना-संदर्भ भी होगी। बर्फीले क्षेत्रों—जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड—में यह संदर्भ-तिथि 1 अक्टूबर 2026 रखी गई है। जाति-आधारित आंकड़े= आज़ादी के बाद पहली बार मूल जनगणना प्रपत्र में ही विस्तृत जाति-वर्गीकरण दर्ज होगा, जिससे पिछली बार के सामाजिक-आर्थिक सर्वे (एसईसीसी-2011) की विसंगतियाँ दूर होंगी। मोबाइल-ऐप व पोर्टल= 30लाख से अधिक प्रशिक्षित गणनाकर्मी टैबलेट-आधारित मोबाइल-ऐप से डेटा भरेंगे, जबकि नागरिक सेल्फ एनुमरेशन पोर्टल पर स्वयं व अपने परिजनों का प्रोफ़ाइल अपडेट कर सकेंगे। पोर्टल केवल संदर्भ-तिथि से कुछ दिन पहले तक खुला रहेगा, ताकि अंतिम समेकन समय पर पूरा हो सके।

### गरीब विरोधी है मोदी सरकार, मनरेगा को खत्म करने ...

मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है। मनरेगा जो संविधान के तहत काम का अधिकार का क़ानूनी अधिकार सुनिश्चित करती है, उसमें कटौती करना संविधान के ख़िलाफ़ अपराध है।खड़गे ने कहा कि क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है क्योंकि वे गरीबों की जेब से करीब 25,000 करोड़ छीनना चाहती है, जो कि हर साल, साल के अंत तक, डिमांड से ज़्यादा होने पर अगले वित्तीय वर्ष में अलग से ख़र्च करने पड़ते हैं? उन्होंने दूसरा सवाल किया कि चूंकि मनरेगा एक मांग- के साथ आने वाली योजना है, इसलिए यदि आपदाओं या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में पहली छमाही के दौरान मांग में डिमांड की वृद्धि होती है, तब क्या होगा? क्या ऐसी सीमा लागू करने से उन गरीबों को नुकसान नहीं होगा जो अपनी आजीविका के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं? खरगे ने कहा कि सीमा पार होने पर क्या होगा? क्या राज्य डिमांड के बावजूद रोज़गार देने से इंकार करने के लिए मजबूर, या श्रमिकों को समय पर भुगतान के बिना काम करना होगा? क्या ये सच नहीं कि एक ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7 प्रतिशत परिवारों को वादा किए गए 100 दिन का काम मिल पाया है? उन्होंने पूछा कि 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन क्यों किया गया? ग़रीब विरोधी मोदी सरकार, मनरेगा मज़दूरों पर ज़ुल्म ढाने पर क्यों उतारू है?

### पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च ...

में हैं। वह साइप्रस से कनाडा जाएंगे और जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वह क्रोएशिया की यात्रा करेंगे।

**साइप्रस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय मित्र- पीएम मोदी** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ निकोसिया में एक व्यापार जगत के लोगों के साथ गोलमेज बैठक में हिस्सा लिया और व्यापार, निवेश एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज दिन में साइप्रस की राजधानी निकोसिया पहुंचे। उन्होंने बैठक में भारत और साइप्रस के व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित किया। व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों में ''विकास की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''साइप्रस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय साझेदार रहा है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ''व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा दिया गया। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और मैंने भारत और साइप्रस के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अग्रणी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा, ''नवाचार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी आदि जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। मैंने पिछले दशक में भारत के सुधार पथ के बारे में भी बात की।

# प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जागरूक हुए आमजन



पानीपत, 16 जून (हरप्रीत छत्तवाल) केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के अमृतकाल थीम पर आधारित सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा जिला सचिवालय परिसर, पानीपत में लगाई गई प्रदर्शनी से आमजन ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और बदलावों को आमजन तक सरल व प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया जा रहा है।डीआईपीआरओ डॉक्टर सुनील बसताडा ने बताया कि पांच दिवसीय प्रदर्शनी में प्रकृति से प्रगति तक, नारी सशक्तिकरण की उड़ान, किसान समृद्धि का संचार, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा, अमृत पीढ़ी का विकास, पूर्वोत्तर नव विकास का केंद्र, विरासत और विकास तथा भारत का तकनीकी दशक जैसी योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है, जो बीते 11 वर्षों में देश में हुए व्यापक परिवर्तन और विकास की झलक प्रस्तुत कर रही हैं। प्रदर्शनी को देखने आए लोगों ने गहरी रुचि दिखाई और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति सराहना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के पांचवे दिन आम जनता द्वारा इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और इसी के साथ सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ उनका प्रचार-प्रसार भी बहुत जरूरी है ताकि आमजन उन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल में जनसेवा को समर्पित की गई योजनाओं व नीतियों की जानकारी इस प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही है। डीआईपीआरओ डॉक्टर सुनील बसताडा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार की 11 साल की विकासात्मक गतिविधियों से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जनहितकारी नीतियों से भी आमजन को अवगत कराते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों का क्रियांवयन प्रभावी ढंग से करवाया जा रहा है जिससे आमजन को सीधे तौर पर लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से जिला सचिवालय में सोमवार 16 जून तक चल रही प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए जिला के लोगों को निमंत्रण दिया।


# जननायक जनता पार्टी का सदस्यता अभियान शुरु

## *जिले में दस हज़ार सदस्य बनाये जाएंगे- ओ पी सिहाग*



**पंचकूला,16 जून ( सतीश मंगला ):** जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज 15 जून से प्रदेश भर में एक साथ पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में पंचकूला हल्के के वार्ड नंबर 20 के अलीपुर टाउन गांव में पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ । इस बारे जानकारी देते हुए जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने बताया कि अलीपुर टाउन में पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक सामुदायिक केंद्र में उनकी अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी रनदीप कौल ने भाग लिया। सिहाग ने कहा कि इस बैठक का आयोजन पार्टी के हल्का अध्यक्ष सोहनलाल गुजर ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि रनदीप कौल ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेना है ।इस अवसर पर मौजूद पार्टी नेता रणधीर सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, जिला प्रभारी रनदीप कौल तथा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने काफी कार्यकर्ताओं को दस रुपये का सदस्य शुल्क लेकर सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत की । जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आप जिले में पार्टी को मजबूत बनाने में जुट जाए। उन्होंने कहा कि सदस्य बनाने का जो टार्गेट हम को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला एवं युवा नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिया है उसको सबने मिलकर पूरा करना है। सिहाग ने कहा पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश के हर हल्के में पांच हज़ार सदस्य बनाने बारे निर्देश दिए हैं हमे पंचकूला तथा कालका हल्के में दस हज़ार सदस्य बनाने हैं। इससे पहले पंचकूला हल्का अध्यक्ष सोहन लाल गुजर ने सभी का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि वो हल्के के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर हल्के में सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिये दिन रात एक कर देंगे। आज इस अवसर पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी भारद्वाज, सतबीर धनखड़, जितेन्द्र संधू, मिल्कियत सिंह मीठु, महाबीर चिकारा एवं बहुत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे जिनमें महिला कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या थी।

# पंचकूला और कालका में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**पंचकूला,16 जून ( सतीश मंगला ):** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) अपर्णा भारद्वाज ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत, जिसे पहले स्थगित कर दिया गया था, अब 12 जुलाई 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-1, पंचकूला और उप-मंडल न्यायालय, कालका में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए और जनता का मार्गदर्शन करने के लिए, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के साथ-साथ मिनी सचिवालय (डीसी कार्यालय भवन) में स्थापित हेल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) तैनात रहेंगे। ये पीएलवी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान करके वादियों और आगंतुकों की सहायता करेंगे और निपटान के लिए योग्य मामलों की पहचान करने में मदद करेंगे। लोक अदालत से पहले, पीएलवी और पैनल अधिवक्ता कानूनी साक्षरता शिविरों और कानूनी सहायता क्लीनिकों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों को अंजाम देंगे। इन आयोजनों के दौरान, वे लोगों को लोक अदालत प्रणाली के लाभों, यह कैसे त्वरित और लागत-मुक्त न्याय प्रदान करती है, और उन मामलों की श्रेणियों के बारे में शिक्षित करेंगे जिन्हें समझौते या आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है।अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के लिए, पंचकूला में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार भी किया जाएगा। ये स्क्रीन लगातार लोक अदालत की तारीख, स्थान और उठाए जा रहे केस के प्रकार के बारे में जानकारी प्रदर्शित करेंगी, जिससे जनता की भागीदारी और विवादों के शीघ्र समाधान को बढ़ावा मिलेगा। अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि लोक अदालत के दौरान सभी प्रकार के मामलों पर विचार किया जाएगा, जिसमें मुकदमे से पहले के और लंबित मामले शामिल हैं। इनमें सिविल विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले, वैवाहिक विवाद, एमएसीटी मामले, बैंक वसूली मामले, बिजली और पानी के बिल विवाद और इसी तरह के अन्य समझौता योग्य मामले शामिल हो सकते हैं। इसका उद्देश्य लंबित मामलों को कम करना और समयबद्ध तथा वादी-अनुकूल तरीके से सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना है। कुशल प्रबंधन के लिए, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला की मंजूरी से कई बेंचों का गठन किया जाएगा। ये बेंच विभिन्न श्रेणियों के मामलों को संभालेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि प्रत्येक मामले को आपसी समझ और सुलह के जरिए सुलझाया जाए।कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना और हिरासत प्रणाली के भीतर न्याय तक पहुंच को बढ़ावा देना।राष्ट्रीय लोक अदालत या कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए, जनता के सदस्यों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सेक्टर-1, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के कार्यालय में आने या हेल्पलाइन नंबर 0172-2585566 पर कॉल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वे मुफ्त सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महापौरों को बताया शहरों के ...

को केवल इमारतों और सड़कों का ढांचा नहीं बनाना, बल्कि उन्हें जीवंत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 900 मिलियन आबादी शहरों में निवास करेगी। यह सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि एक बड़ी संभावना है। नए अवसरों, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर और नई जीवनशैली की। हमें इस परिवर्तन को सुनियोजित शहरीकरण, डिजिटल एकीकरण और पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनाना है।**हरियाणा में शहरी विकास को मिली गति** - मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों को विकास कार्यों के लिए 2014-15 में 1,693 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर 5,666 करोड़ रुपये कर दिया गया है। चार मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं और फरीदाबाद व करनाल को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत फरीदाबाद में 930 करोड़ रुपये की लागत से 45 परियोजनाएं तथा करनाल में 927 करोड़ रुपये की लागत से 122 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 2,147 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है और नई अधिकृत कॉलोनियों में एक हजार करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।**शहरी परिवहन, आवास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में बड़ी उपलब्धियां** - मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत मिशन के तहत अब तक 2,930 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 375 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लक्ष्य में से 9 शहरों में 50 बसें चलाई जा चुकी हैं और प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 2026 तक 450 बसें खरीदी जाएंगी।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 21,431 मकान बनाए जा चुके हैं और 11,412 मकान निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में 15,256 परिवारों को प्लॉट दिए जा चुके हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर कचरा संग्रहण, सामुदायिक कंपोस्टिंग और बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में हरियाणा ने सराहनीय कार्य किया है। नागरिकों को शहरी सेवाएं आसानी से मिलें, इसके लिए हर प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाया गया है।**महापौरों से शहरों को ब्रांड बनाने का आह्वान** - मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक पिछले अनुभवों की समीक्षा, नई चुनौतियों पर चर्चा और मेयर निकायों को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने सभी महापौरों से आह्वान किया कि वे अपने शहर को ब्रांड बनाएं, उसे विशिष्ट पहचान दें और इस मिशन में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि परिषद की यह बैठक सार्थक चर्चा और नए संकल्पों के साथ समाप्त होगी तथा सभी प्रतिनिधि अपने-अपने शहरों में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने की अभूतपूर्व प्रगति** - मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अद्वितीय प्रगति की है। 2014 में जब प्रधानमंत्री जी ने शपथ ली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। आज भारत 2025 तक चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है और 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, वह निश्चित रूप से साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महापौर और अध्यक्ष के चुनाव सीधे करवा कर उनकी प्रतिष्ठा और विकास की गति को बढ़ाने का कार्य किया है। अंत्योदय की भावना के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सभी महापौरों को और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करना होगा।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में किया गया प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अंप्रेटिसशिप मेले का आयोजन

**सोनीपत, 16 जून ( विनोद ) :** अप्रेंटिसशिप एवं प्लसमेन्ट अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोनीपत में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अंप्रेटिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें राई, कुण्डली, बड़ी, खरखौदा तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से 25 औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। रोजगार मेले में इस वर्ष आईटीआई में जुलाई 2025 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा में पास होने वाले छात्रों तथा आईटीआई पास आउट छात्रों के अलावा अन्य योग्यताओं के छात्रों



का चयन किया। इस अवसर पर राई औद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित युवाओं को जीवन में आगे बढने् के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपका जिस भी कंपनी के लिए चयन होता है वहां अपने क्षेत्र में बारे में ईमानदारी और मेहनत से कार्य सीखों क्योंकि यह आपकी सफलता की पहली सीढी है। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जो युवा इस दौरान मेहनत से सीखकर आगे बढ़ता है वह अपने जीवन में जरूर कामयाब होगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं हमारा हर युवा अच्छी कंपनियों में कार्य करें और आत्मनिर्भर भारत के सपने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा आईटीआई को हर क्षेत्र में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान राई औद्योगिक एसोसिएशन से दमनजीत सिंह, नवीन सचदेवा ने भी बच्चों को जीवन में आगे बढने् के तौर तरीकों के बारे में बताते हुए उन्हें प्रेरित किया। अप्रेंटिसशिप एवं प्लसमेन्ट अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने बताया कि इस रोजगार मेले में जय भारत मारूती खरखौदा, गुरू रामदास बॉडी बिल्डर सोनीपत, अर्जुन इम्पैक्स सोनीपत, जेएसजी इनोटेक सोनीपत, रिब्बल इन्टरनेशनल सोनीपत, सत्यम पोलिकनाईट राई, एके इन्टरनेशनल, विमलेश इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, गुरूना ऑटोमोबाईल, डेनब्लॉक बहालगढ़, लारस मेडिकेयर, तथा ऑटो लिफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड इत्यादि प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से लगभग 450 छात्रों का अप्रैटिसशिप तथा प्लेसमेंट के लिए चयन किया गया। मेले को सफल बनाने के लिए जिले के सभी आईटीआई के अप्रैटिसशिप अनुदेशक तथा वर्ग अनुदेशकों का सहयोग रहा। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा आईटीआई प्रांगण में पौधारोपण करते हुए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आईटीआई के वाईस प्रिंसिपल हरेन्द्र जावा, रोजगार मेला इन्चार्ज व वर्ग अनुदेशक सुरेश कुमार, वर्ग अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार, सुनील दत्त, सुनील मलिक, सुभाष चन्द्र व सीमा देवी, टर्नर अनुदेशक भूप सिंह, ड्राईंट अनुदेशक मंजीत सिंह, इम्पलोयबिलिटी स्किल अनुदेशक अक्षय तथा लिपिक नितेश कुमार सहित आईटीआई का स्टाफ मौजूद रहा।

## मलेरिया उन्मूलन को लेकर पक्का तालाब क्षेत्र में चला विशेष अभियान

**रायपुर रानी, 16 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी स्थित पक्का तालाब क्षेत्र में मलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से सोमवार को एक विशेष सोर्स



रिडक्शन अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर रानी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का सर्वेक्षण करते हुए मलेरिया के संभावित स्त्रोतों की पहचान की और संक्रमण की पुष्टि वाले घरों को नोटिस जारी किए। अभियान के दौरान 10 समूह बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान पानी ठहरेगा जहाँ, मच्छर पनपेगा वहाँ थीम के माध्यम से स्थानीय लोगों को बताया गया कि घर के कूलर, फ्रिज, टंकियां, कंटेनर और होदियों को सप्ताह में एक बार अच्छे से साफ कर सुखाना जरूरी है और पानी केवल शाम को ही भरें ताकि मच्छरों को पनपने का अवसर न मिले। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों को सूचनात्मक पंपलेट वितरित कर मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बाजू के कपड़े पहनने और घर के आसपास पानी जमा न होने देने जैसे उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सुझाव दिया कि जहां पानी जमा हो, वहां मिट्टी का तेल या काला तेल डाला जाए या फिर उस स्थान को मिट्टी से भर दिया जाए। वहीं, बुखार की स्थिति में निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल जांच एवं उपचार कराने की अपील की गई। अभियान में डॉ. गौरव प्रजापति, स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, प्रेम चंद, नसीब सिंह, सुनील कुमार और विनोद कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल ने 2025 के राष्ट्रीय ग्रीन स्कूल रैंकिंग में 4था स्थान हासिल किया : अनुपम पर्यावरण नेतृत्व का दूसरा वर्ष

**पिंजौर, 16 जून ( अजीत सिंह, अख्तर फ़ारूक़ी ):** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर, ने एक बार फिर स्थिरता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को साबित करते हुए 2025 के राष्ट्रीय ग्रीन स्कूल रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया है। यह पुरस्कार ग्रीन मेंटर्स द्वारा प्रदान किया गया है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक परिषद ( इसीओएसओसी) के साथ विशेष परामर्शी दर्जा रखता है। यह स्कूल के लिए लगातार दूसरे वर्ष इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने का प्रतीक है, जो पर्यावरण शिक्षा और हरे नवाचार के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। यह असाधारण मान्यता स्कूल को 2025 का 9वां एनवाईसी ग्रीन स्कूल सम्मेलन प्रस्तुत करने का एक अवसर देती है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा और जलवायु सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क सिटी में 23, 24 सितम्बर 2025 को आयोजित होगा। यह न केवल सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल के स्थायी प्रथाओं को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों को इसके नवोन्मेषी पर्यावरण दृष्टिकोण से प्रेरित करने का भी है। सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में, स्थिरता केवल एक अतिरिक्त पहलू नहीं है – यह जीवन का एक तरीका है। कक्षा में हरे पाठ्यक्रम और अनुभवात्मक शिक्षण को एकीकृत करने से लेकर छात्र संचालित ईको-क्लब पहलों को बढ़ावा देने तक, हर कदम पर्यावरणीय जिम्मेदारी को हमारे छात्रों में समर्पित बनाने के लिए तैयार किया गया है। स्कूल के स्थिरता मॉडल की प्रमुख विशेषताएँ हैं– संरचित अपशिष्ट पृथक्करण और खाद बनाने की प्रणाली। वर्षा जल संचयन, पानी के ऑडिट, और छात्र संचालित जल संरक्षण परियोजनाएँ। ऊर्जा की बचत के उपाय, जैसे कि सौर पैनल,बीएलडीसी पंखे और एलईडी रोशनी का उपयोग, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा पर जागरूकता अभियान। विश्व पर्यावरण दिवस, स्वच्छता पखवाड़ा, और पृथ्वी बचाओ अभियान जैसे हरे थीम वाले दिनों का अनुसरण, जिससे व्यावहारिक पर्यावरणीय क्रियाएं बढ़ती हैं। स्कूल का ईको क्लब जैव विविधता संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और वृक्षारोपण, स्थायी जीवन, और वार्षिक विज्ञान मेले के दौरान स्टेम आधारित पर्यावरणीय समाधान से संबंधित परियोजनाओं का संचालन करता है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम में जलवायु शिक्षा, बिना कागज के सीखने के अभ्यास, और सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शामिल हैं – जो पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिकों की एक पीढ़ी का पोषण करते हैं। स्कूल का हरित कैम्पस एक समृद्ध इको-टैंक, स्वदेशी पौधों की प्रजातियाँ, और सूक्ष्म पारिस्थितिकी तंत्र का घर है, जिससे छात्रों को प्रकृति के माध्यम से सीखने का अवसर मिलता है। ये पहलकदमी हमारी मूल दर्शन को प्रतिबिंबित करती हैं – कि शिक्षा को पारिस्थितिकी के साथ हाथ से हाथ मिलाकर चलना चाहिए। सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल अपने अनुभव को न्यूयॉर्क में 23, 24 सितम्बर 2025 को साझा करने की तैयारी कर रहा है। अपनी मिशन के प्रति प्रतिबद्ध हैं- उदाहरण देकर नेतृत्व करना और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से एक स्थायी भविष्य का निर्माण करना। निर्देशक कमल राय और प्रधानाचार्य डॉ. पियूष पुंज ने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों, छात्रों और माता-पिता को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी। उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता से से. विवेकानंद मिलेनियम स्कूल शिक्षा में हरे नवाचार का एक प्रकाशस्तंभ बनता जा रहा है।

## सचिवालय परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उठाया योग प्रशिक्षण का लाभ

पानीपत, 16 जून (हरप्रीत छत्तवाल) 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को आयुष विभाग के प्रशिक्षकों ने योग प्रशिक्षण दिया गया और योग के लाभों से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया व योग के अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षण लिया। योग प्रशिक्षण में आयुष विभाग के संदीप कुमार रिशिपाल कौर और दिनेश शर्मा ने योग का प्रशिक्षण दिया व योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

***आयुष योग विशेषज्ञा व पतंजली के योग शिक्षकों द्वारा करवाया गया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास***

**पंचकूला, 16 जून ( सतीश मंगला ) :** आगामी 18 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन परेड ग्राउंड, सैक्टर-5 में किया



गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, डा0 दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि इस शिविर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, स्कूली छात्रों एवं इच्छुक जनसाधारण को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन परेड ग्राउंड, सैक्टर-5, पंचकूला में जिला स्तर पर जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास आयुष योग विशेषज्ञा व पतंजली के योग शिक्षकों द्वारा करवाया गया जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने बढ-चढ कर भाग लिया। डा. मिश्रा ने बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर का आंरभ प्रार्थना मंत्र के उच्चारण से किया गया। तदोपरांत योग क्रियाओं जैसे ताडासन, वृक्षासन, पादहस्त, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उत्तानमण्डुक, उष्ट्रासन, वक्रासन, मक्रासन, शलभासन, सेतुबंध, उत्तानपादासन, पवनमुक्त, अर्धहलासन, अनुलोम विलोम, कपालभाती, भ्रामरी का अभ्यास करवाते हुए इन यौगिक क्रियाओं द्वारा होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई।

## सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन

**पंचकूला, 16 जून ( सतीश मंगला ) :** भाजपा मुख्यालय पंचकमल के अटल सभागार में विकसित भारत का अमृत काल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया जिसमें पंचकूला के डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, व्यापारी, युवा उद्यमी, शिक्षाविद, समाजसेवी सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रोफेशनल मीट की मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता उपस्थित रहे। प्रोफेशनल मीट को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। देश आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और



वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। रेखा शर्मा ने कहा, मोदी सरकार का सेवा, सुशासन और सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ देश की 140 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए रेखा शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मातृत्व वंदना योजना, और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक कार्यो ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बनाया है। रेखा शर्मा ने कहा, शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कौशल विकास मिशन, स्टार्टअप इंडिया और मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। मोदी सरकार में आज देश का हर नागरिक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार है। इस अवसर पर जिला प्रधान अजय मित्तल ने कहा, देश की प्रगति में समाज के प्रबुद्ध एवं बौद्धिक वर्ग की बड़ी भूमिका होती है। समाज को शिक्षित एवं सशक्त करने में शिक्षकों की अहम् भूमिका होती है। इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ, विधिक, व्यापार सहित अन्य क्षेत्रो से जुड़े देश के करोड़ो लोग आज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी अहम् भूमिका निभा रहे है। प्रोफेशनल मीट को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न ऑपरेशन सिंदूरज् का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मिशन इस बात का प्रतीक है कि मोदी सरकार राष्ट्र की रक्षा और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने इसे भारत की दक्ष, संवेदनशील और निर्णायक विदेश नीति का शानदार उदाहरण बताया।

## पानी की किल्लत से जूझते ग्रामीणों ने खुद उठाया जिम्मा, श्रमदान से साफ किया गांव का कुआं

**मोरनी, 16 जून ( अरुण वर्मा ) :** प्रशासन की अनदेखी और लंबे समय से जारी पानी की किल्लत से तंग आकर चंडी वास और ढाकवाला



गांव के ग्रामीणों ने मिसाल पेश करते हुए श्रमदान के ज़रिए अपने गांव के पुराने कुएँ की सफाई की। लंबे समय से मलबे और कीचड़ से भरे इस कुएँ का जल स्तर काफी नीचे चला गया था, जिससे ग्रामीणों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। पंचायत और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता से नाराज ग्रामीणों ने मिलकर स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी संभाली और सामूहिक रूप से कुएँ की सफाई का काम शुरू किया। इस कार्य में गांव के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। इस अभियान की अगुवाई संगठन के प्रधान नवीन ने की। उनके साथ देव दर्शन, राकेश, प्रिंस, गुरनाम, अजय, बलजिंदर, हनी और अन्य ग्रामीणों ने भी योगदान दिया। वहीं गांव के बुजुर्ग रामजी दास, दयानंद शर्मा, लालचंद शर्मा और बचना राम जैसे वरिष्ठ जन भी श्रमदान में पीछे नहीं रहे। सफाई अभियान के बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से लंगर का भी आयोजन किया। इस पहल से ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब उन्हें साफ पानी मिलेगा और पानी से फैलने वाली बीमारियों से राहत मिलेगी। ग्रामीणों की यह सामूहिक पहल ना सिर्फ प्रशासन के लिए एक संदेश है बल्कि अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकती है।

## समाधान शिविर में श्यामटू की शामलात जमीन विवाद की जांच के निर्देश

**रायपुररानी, 16 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** श्यामटू गांव के ग्रामीणों ने




सामुदायिक केंद्र के पास स्थित शामलात जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत समाधान शिविर में की। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने संबंधित अधिकारी डीडीपीओ को एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पंचकूला उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान यह शिकायत सामने आई है। जिसके बाद उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी आदेश दिए। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य जिले की जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करना है और मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं इन शिविरों की मॉनिटरिंग करते हैं। वहीं, श्यामटू गांव की शिकायत पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को सतर्क रहने और त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# नालों की सफाई में लाए गंभीरता, जहां अभी भी गंदगी उसे कराएं तुरंत साफ : अखिल पिलानी

**बरसाती पानी की निकासी की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने ड्रोन से बनाई नालों की वीडियो से देखी सफाई व्यवस्था**

**यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) :** शहर में बरसाती पानी की निकासी को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने सोमवार को निगम अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नालों का नक्शा व ड्रोन से बनाई नालों की वीडियो देख गंदगी वाले स्थानों की तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। वीडियो में नालों में जहां गंदगी, घास फूंस, पौधे व गाद दिखाई दी, उसे तुरंत साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नालों की सफाई में गंभीरता लाए। नालों में अभी भी जहां गंदगी है, उसे तुरंत साफ कराए। बरसाती पानी की निकासी को लेकर



किए जा रहे कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। ड्रोन से बनाई वीडियो में सबसे पहले जगाधरी जोन के प्रकाश चौक से गौरी शंकर मंदिर तक, गौरी शंकर मंदिर से सेंट थॉमस स्कूल, एचडीएफसी बैंक, बस स्टैंड जगाधरी, स्ट्रीट वेंडिंग जोन, गायत्री शक्ति पीठ, सेक्टर 17 से होते हुए, श्मशान घाट, निर्माणाधीन ओपन एयर थियेटर, स्वामी विवेकानंद स्कूल वाली पुलिया, जिमखाना क्लब से प्रोफेसर कॉलोनी से होते हुए कैप्शन, मॉडल टाउन, जब्बी वाला गुरुद्वारा, सरोजनी कॉलोनी, टैगोर गार्डन तक नालों का जायजा लिया। इस दौरान जगाधरी के दूसरे नाले पुलिस चौकी बूड़िया गेट, हनुमान गेट, तेजली गेट, मेट्रो गेट, ढोल वाली पुलिया, मोहन नगर से बड़े नाले तक का सफाई का जायजा लिया। इसके बाद ड्रोन से बनाई वीडियो में यमुनानगर जोन के लाजपत नगर, विजय नगर कॉलोनी से होते हुए विश्वकर्मा चौक तक, कैंप, पुराना हमीदा, जोडियो, स्टार्च मिल, शुगर मिल गन्ना यार्ड से डिच ड्रेन व अन्य स्थानों का जायजा लिया। वीडियो के माध्यम से नालों में जहां जहां गंदगी नजर आए, निगम आयुक्त पिलानी ने अधिकारियों को वहां का जायजा लेकर तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। हालांकि मुख्य सफाई निरीक्षकों ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि अधिकतर स्थानों की सफाई हो चुकी है। जिन स्थानों की सफाई बाकी है, उन्हें तुरंत साफ कराया जाएगा। निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले पानी निकासी के सभी इंतजाम पूरे किए जाए। नालों की गहराई तक सफाई कराए। ताकि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। आमजन से भी उन्होंने अपील की कि नालों में पॉलिथीन व ठोस कचरा न डाले। इससे पानी निकासी में बाधा होती है। मौके पर नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई विनोद कुमार, बीआई नरेश दहिया आदि मौजूद रहें।

## एनफोर्समेंट टीम ने ठरवा गांव में अवैध वाहनों पर कसा शिकंजा, दो टिप्पर और पोकलेन मशीन जब्त

**रायपुररानी, 16 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** खनन विभाग और एनफोर्समेंट टीम ने ठरवा गांव में अवैध खनन और उसके लिए उपयोग हो रहे वाहनों पर संयुक्त



छापेमारी की है। इस कार्रवाई के तहत दो टिप्पर और एक पोकलेन मशीन को पकड़कर पुलिस चौकी मौली में इंपाउंड किया गया है। जानकारी देते हुए मौली पुलिस चौकी इंचार्ज रामकरण ने बताया कि ये वाहन बिना आवश्यक अनुमति के खनन सामग्री ढुलाई में लगे हुए थे, जो कानून का उल्लंघन है। नियमों के अनुसार, इन वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन को रोकना विभाग की प्राथमिकता है और ऐसे वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# सम्पादकीय

## इजराइल का ईरान पर हमला: तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत?

विश्व स्तर पर तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है। इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला कर दिया है। इससे ईरान का आसमान सफेद, काले, नारंगी और लाल रंग के धुंए से पट गया। इस हमले में 300 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। नताज सहित कई न्यूक्लियर साइट्स को इस हमले में निशाना बनाया गया है। इजराइल ने दावा किया है, कई परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत हुई और ईरान को भारी नुकसान हुआ है। यह हमला इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से ऑपरेशन राइजिंग लायन का हिस्सा बताया गया है। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए किया गया है। इस हमले में अमेरिका की भी मूक सहमति है। खुले तौर पर अमेरिका इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। हमले के बाद ईरान ने कड़ा जवाब देने की चेतावनी देकर ड्रोन से इजरायल पर हमला शुरू कर दिया है। तेहरान ने इसे युद्ध की घोषणा मानते हुये कहा कि ईरान ऐसा जवाब देगा, जिससे इजराइल कांप उठेगा। विदेशी मामलों के जानकार एवं रक्षा विशेषज्ञों का मानना है, कि यह हमला क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ने से तेल और गैस की आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 40 फीसद से अधिक तेल का परिवहन कई देशों के लिए होता है, उसके ब्लॉक होने से सारी दुनिया के जनजीवन और व्यापार को लेकर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत ने फारस की खाड़ी से गुजरने वाली सभी उड़ानों को वापस बुला लिया है। वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट हो रही है। भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी और सेंसेक्स 1000 अंक तक लुढ़क गए हैं। कच्चे तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। अमेरिका ने इस हमले को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। सूत्रों का दावा है, नेतन्याहू को अमेरिका के राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। ईरान के साथ भारत की बहुत पुरानी दोस्ती है। विश्लेषकों ने इजराइल की इस कार्रवाई को परमाणु अपराध निरूपित किया है। इजराइल ने अभी जो इराक के ऊपर हमला किया है। यह हमला विश्व युद्ध के खतरे को बढ़ाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के 75 वर्षों बाद पहली बार न्यूक्लियर साइट्स पर हमला हुआ है। ईरान के जवाबी हमले से आसपास के देशों की प्रतिक्रिया से स्थिति विस्फोटक होना तय है। विश्व समुदाय ईरान पर हुए हमले के बाद संयम और कूटनीति की अपील कर रहा है। क्या इससे यह संकट टल पाएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपनी सत्ता बचाने के लिए ईरान और गाजा को निशाना बना रखा है। डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका में भारी विरोध हो रहा है, ऐसी स्थिति में उन्होंने भी इजराइल के कंधे पर सवार होकर सारी दुनिया को भयाक्रांत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिस तरह से आतंक फैला रहे हैं, उससे सारी दुनिया परेशान है। नेतन्याहू ने अंतराष्ट्रीय संस्थाओं की बात नहीं मानी, मानव अधिकारों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जो नियम युद्ध के लिए बनाए गए थे उनका भी पालन नहीं कर रहे हैं। जिस तरह की मनमानी अमेरिका और इजराइल मिलकर कर रहे हैं उसके बाद अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है, इजराइल द्वारा ईरान के ऊपर किए गए हमले के बाद विश्व युद्ध को रोका जाना संभव नहीं है। परमाणु ठिकानों पर हमला करके वैश्विक आबादी के लिए जो खतरा पैदा किया गया है वह इतनी आसानी से निपटने वाला नहीं है। इस हमले के बाद दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था तथा परमाणु हमले की आशंका के चलते जिस तरह का वातावरण बन गया है उसमें भारी तबाही होना तय माना जा रहा है। वर्तमान स्थिति में कोई भी ऐसा वैश्विक नेता नहीं है जो इस युद्ध की आशंका को रोक सके। सभी बड़ी-बड़ी महाशक्तियां इस विनाशकारी युद्ध की आग में घी डालने का काम करके युद्ध को भड़काने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुकें हैं। ऐसी हालत में 75 वर्षों से जो नहीं हुआ था अब वह होने जा रहा है। एक बार फिर सारी दुनिया विनाश की ओर आगे बढ़ रही है। समय रहते यदि इसे नहीं रोका गया तो विनाशकारी परिणाम बहुत जल्द देखने को मिल सकते हैं। पिछले तीन दशक में छोटे-छोटे देशों के पास भी नवीन तकनीकी के हथियार जो बड़े विनाशकारी साबित हो रहे हैं ऐसी स्थिति में एक बार युद्ध शुरू हुआ तो इसे रोकना बहुत मुश्किल होगा। भारत को इस स्थिति में पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंध और विदेशनीति में सुधार करने की जरूरत है। गुटनिरपेक्ष देश के रूप में अब भारत की पहचान नहीं रही, जिसके कारण भारत वह भूमिका अदा नहीं कर पा रहा है जो गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय भारत भूमिका अदा करता था। समय रहते भारत को इस विषम स्थिति में बहुत सजग रहने की जरूरत है। भारत और ईरान के हजारों वर्ष पुराने संबंध हैं। भारत और रूस के बीच संबंध चीन और अमेरिका की तुलना में हमेशा मजबूत रहे हैं। भारत को बहुत सोच-समझ कर निर्णय लेने होंगे, तभी जाकर हम अपने आप को तृतीय विश्व युद्ध की विभीषिका से बचा कर रख पाएंगे।

# उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना होगा

- ललित गर्ग

(विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस -17 जून 2025) मानव एवं जीव-जंतुओं का जीवन भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, भूमि का दोहन, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थली करण और सूखा निवारण आज की जलवायु समस्याओं का सटीक समाधान हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मरुस्थली करण एवं सूखा निवारण दिवस 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एकजुट करने के लिए, मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' है, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिवस पर भूमि के महत्व और इसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। कोलंबिया गणराज्य इस वर्ष 17 जून को मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भूमि क्षरण को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बोगोटा में आयोजित यह कार्यक्रम स्थिरता, शांति और समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में भूमि बहाली एवं सूखा निवारण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, साथ ही भोजन, पानी, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वस्थ भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देगा। स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं- हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं- खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021-2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो



हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी। भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव-भूमि-को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये इस दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है। भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। सरकार द्वारा मरुस्थलीकरण समस्या के समाधान के लिए, भूमि और पारिस्थितिकी प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार के लिए टिकाऊ ग्रामीण आजीविका सुरक्षा हासिल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने आजीविका स्तर सुधारने के लिए भूमि, जल और जैव विविधता का संरक्षण और प्रबंधन किया। सरकार के इन्हीं प्रयासों के तहत अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) ने 19 अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर देश का पहला एटलस बनाया है तथा दूरसंवेदी उपग्रहों के जरिये जमीन की निगरानी की जा रही है। मरुभूमि की लवणता व क्षारीयता को कम करने में वैज्ञानिक उपाय को महत्व दिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतः उत्पन्न होने वाली अनियोजित वनस्पति के कटाई को नियंत्रित करने के साथ ही पशु चरागाहों पर उचित मानवीय नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

# आईएसआई का छिपा चेहरा है मोहम्मद युनूस

-बी पी गौतम

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के क्रिया-कलापों से अब स्पष्ट हो गया है कि वे पाकिस्तान और आईएसआई का चेहरा हैं। बांग्लादेश अब, उस राह पर चल रहा है, जिस राह पर कट्टरपंथी और आईएसआई चलाना चाहती थी, इसीलिये 1949 में गठित हुई, उस आवामी लीग को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसने 1971 में मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था और मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लाभाषियों की हत्या एवं महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने वाली जमात-ए-इस्लामी से प्रतिबंध हटा दिया गया है, साथ ही फांसी की सजा पा चुके एटीएम अजहरुल इस्लाम को दोष मुक्त कर दिया गया है एवं मोहम्मद यूनुस चीन की गोद में बैठने को उतावले दिखाई दे रहे हैं। उदारवादी बांग्लादेश को कट्टरपंथी देश बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस का चेहरा बेनकाब हो गया है, वे अलोकप्रिय होते जा रहे हैं, इसलिये वे जहां भी जाते हैं, वहां उनके विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किये जाते हैं, इस स्टोरी में बांग्लादेश में चल रही गतिविधियों पर ही चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम... ब्रिटेन में हुआ यूनुस का जोरदार विरोध -बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को ब्रिटेन के लंदन में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। सैकड़ों ब्रिटिश बांग्लादेशी मोहम्मद यूनुस के होटल के बाहर जमा हो गये और यूनुस गो बैक के नारे लगाने लगे। अवामी लीग की यूके शाखा और अन्य संबंधित संगठनों से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मद यूनुस के प्रशासन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन, लिंचिंग, हत्याओं और बांग्लादेश में कानून व्यवस्था बर्बाद करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां पकड़ी हुई थीं, जिन पर लिखा था कि यूनुस भीड़तंत्र के निर्माता, जिहादियों को मुक्त करने और देशभक्तों को जेल में डालने वाले हैं, उनके इस्तीफे की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस के खिलाफ नारे लगाये और उनके पुतले को जूतों की माला पहनाई। मोहम्मद यूनुस और उनके प्रेस सचिव शफीकुल आलम की तस्वीरें कूड़ेदान में डाल दी गईं। अवामी



लीग समर्थकों ने सड़कों पर बैनर और पोस्टर लेकर शेख हसीना के समर्थन में नारे लगाये। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम को भी भारी विरोध का सामना करना पड़ा है, उन्हें प्रदर्शनकारियों से बचने के लिये पिछले दरवाजे से होटल से बाहर निकलना पड़ा लेकिन, प्रवासी बांग्लादेशियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और पीछा करने की कोशिश की, वह ब्रिटिश पुलिस सुरक्षा से घिरे होने के कारण किसी तरह बच पाये, इसके पहले जापान दौरे के दौरान मोहम्मद यूनुस को इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था। यूनुस की लोकप्रियता बांग्लादेश में भी लगातार कम होती दिख रही है। अंतरिम सरकार और बांग्लादेश की सेना के अंदर तनाव बढ़ गया है, कई लोगों ने पिछले साल शेख हसीना को हटाये जाने के बाद देश को बेहतर बनाने के लिये पर्याप्त प्रयास न करने के लिये यूनुस को दोषी ठहराया है।

**शेख हसीना के बोलने पर भी है यूनुस को आपत्ति**

मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत की धरती से राजनीतिक बयान देने पर रोक लगाने की उनकी मांग को अनसुना कर दिया। यूनुस ने कहा कि जब अप्रैल में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक हुई थी तो, उन्होंने भारतीय धरती से शेख हसीना को राजनीतिक बयान देने से रोकने के लिये पीएम मोदी से अपील की थी। लंदन के चैटम हाउस में बातचीत के दौरान यूनुस ने कहा कि भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के प्रयास जारी रहेंगे, उन्होंने कहा कि भारत से हम बहुत अच्छा रिश्ता रखना चाहते हैं, वह हमारा पड़ोसी है, हम उनके साथ कोई समस्या नहीं चाहते हैं लेकिन, भारतीय प्रेस के फेक न्यूज के कारण हर समय कुछ न कुछ दिक्कतें हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह बांग्लादेश को आशंकित करता है और गुस्सा दिलाता है, हम इस पर बहुत काबू पाने की कोशिश करते हैं लेकिन, साइबर स्पेस में बहुत सी चीजें घटित होती रहती हैं और हम उससे अलग नहीं रह सकते हैं। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि हम शांत रहने की कोशिश करते हैं, अचानक कुछ घटित होता है और फिर गुस्सा लौट आता है, इस समय हमारे लिये शांति स्थापित करना ही बड़ा काम है। यूसुस ने की 2026 में चुनाव कराने की घोषणा -बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को घोषणा करते हुये कि अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जायेगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार तीन मुख्य उद्देश्यों सुधार, न्याय और चुनाव के आधार पर सत्ता में आई है। यूनुस ने कहा कि सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य चुनाव आयोजित करने के लिये सभी दलों के साथ चर्चा की है, इसके अलावा न्याय, सुधार और चुनाव से संबंधित चल रही सुधार गतिविधियों की समीक्षा के बाद में आज देशवासियों को घोषणा कर रहा हूं कि अगले राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे। यूनुस ने कहा कि हमारा लक्ष्य भविष्य में संभावित संकट को रोकना है, इसके लिये संस्थागत सुधार की जरूरत है। चुनाव प्रक्रिया से सीधे जुड़े संस्थानों में सुशासन सुनिश्चित किये बिना, छात्रों और नागरिकों की ओर से दिये गये सभी बलिदान बेकार हो जायेंगे, उन्होंने दोहराया कि मौजूदा प्रशासन का गठन तीन चीजों के लिये किया गया है, जिनमें सुधार, न्याय और चुनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिये हर जरूरी उपाय कर रहे हैं कि देश इस अवधि के दौरान स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव कराने के लिये तैयार हो। चुनावों में बार-बार हेर-फेर के द्वारा एक राजनीतिक दल फासीवादी शासन में बदल गया। जिन लोगों ने उन दिखावटी चुनावों का आयोजन किया, उन्हें लोगों ने अपराधी करार दिया। उनसे जो शासन उभरे, उन्हें आखिरकार जनता ने अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय को लेकर जनता और राजनीतिक दलों में काफी उत्सुकता है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, चुनाव दिसंबर से जून के बीच होंगे।

# इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच हो रहे जी-7 से उम्मीदें

- डॉ हिदायत अहमद खान

रटंत तोते की तरह दुनिया के अधिकांश देशों के कर्ता-धर्ता बुलंद आवाज में यह तो कहते सुने जाते हैं कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी इस युद्ध रूपी जाल में वही फंसते हुए दिख जाते हैं। यदि यकीन नहीं होता तो पिछले दो दशक के आंकड़े उठाकर देख लें, यकीन हो जाएगा। अधिकांश देश अपनी सीमा के अंदर और सीमा पार से उपजती समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने की बजाय एक-दूसरे पर हिंसक कार्रवाई करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। कहने को वर्तमान में अमेरिका की विश्व स्तर पर चौधराहट कायम है, लेकिन जिस तरीके से ट्रंप सरकार व्यापारिक लाभ को आगे रखकर फैसले ले रही है, उससे दुनियां के देश शांति का रास्ता छोड़ हिंसा की राह अपनाने को मजबूर होते चले जा रहे हैं। फिर चाहे मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व शासनकाल की बात हो या फिर वर्तमान में लिए जा रहे कल्पनातीत फैसले हों। इससे हटकर एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच एक लंबा युद्ध का इतिहास लिखा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा का जो हाल किया, उसे देख दुनियां कराह उठी है। नौनिहाल बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों समेत बीमार लोगों की बड़ी तादात इजराइली हमलों में इस दुनियां को सदा के लिए अलविदा कह चुकी है। खूबसूरत दिखने वाले मकानात और शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। अब खाने-पीने और इलाज नहीं होने के कारण नई आपात स्थिति निर्मित हो गई है। इसलिए कहा जा रहा है कि इस समय यदि किसी को दुनियां में क्रूरता के साथ इंसानियत कुचलने का प्रमाण देखने का दिल करे तो वह गाजा का दौरा कर सकता है। इस हिंसा का कोई अंत नहीं है, क्योंकि जब सोच कत्लेआम की हो जाए तो खून भी पानी हो जाता है और मानव कीड़े-मकोड़ों की तरह नजर आने लगते हैं। इसी बीच इजराइल ने संभवतः दुनियां का ध्यान गाजा से हटाने के लिए ईरान पर यह कहते हुए हमला किया कि उसे परमाणु संपन्न देश बनने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद लगातार चौथे दिन इजराइल और ईरान की एक-दूसरे पर आक्रामक कार्रवाई ने पश्चिम एशिया को विस्फोटक मोड़ पर ला-खड़ा किया है। रात के अंधेरे में इजराइली वायुसेना ने तेहरान स्थित विदेश मंत्रालय परिसर को निशाना बनाया, जहां 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे एक दिन पहले ही ईरानी रक्षा मंत्रालय पर मिसाइल बरसाई गईं थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताज़ा आंकड़ों की बात करें तो ईरान में वैज्ञानिकों और सैनिक कमांडरों से हटकर अब तक करीब 224 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि डेढ़ हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान ने 'ट्रू-प्रॉमिस-थ्री' नामक अभियान के तहत पलटवार करते हुए सेंट्रल इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनसे पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 90 लोग जख्मी हो गए। इजराइली पक्ष का कहना है कि ईरानी हमलों में कुल 20 मौतें हुई हैं जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने भी इस युद्धक्षेत्र को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' का नाम देते हुए दो-सौ से अधिक फाइटर जेट तैनात किए हैं। इस कार्रवाई में 14 ईरानी परमाणु-महत्व के वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा सैन्य कमांडर मारे जाने का दावा किया गया है। जवाबी कार्रवाई में ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने इजराइल के तीन एफ-35 जेट गिराने, कुछ रक्षा प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करने तथा तेल-गैस संपदा पर हमले का संकल्प जताया है। दोनों देशों की बयानबाज़ी ने क्षेत्रीय-सुरक्षा संतुलन की कमर तोड़ दी है, यहां तक कि आईआरजीसी के वरिष्ठ जनरल मोहसेन रेज़ाई ने दावा किया कि ज़रूरत पड़ने पर पाकिस्तान नया सहयोगी होगा।

इसका समय रहते इस्लामाबाद ने खंडन कर दिया, पर इस बयान ने परमाणु-खतरे की चिंता को और गहरा कर दिया है। ऐसे विस्फोटक दृश्य-पटल पर सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का मंच—जी-7 अपना वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान के नेता ऊर्जा-सुरक्षा, खाद्य-श्रृंखला और वैश्विक विकास के मसले पर चर्चा को बैठेंगे, किंतु राजनयिक गलियारे में असली कसौटी यही होगी कि वे इजराइल-ईरान युद्धविराम के लिए कोई ठोस खाका पेश कर पाते हैं या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, जिन्होंने दावा किया है कि बहुत जल्द शांति समझौता होगा, पहली बार सम्मेलित मंच पर प्रत्यक्ष रूप से दोनों पक्षों को संयम बरतने का आग्रह कर सकते हैं। यूरोपीय संघ पहले ही क्षेत्र में मानवीय गलियारे तथा अंतराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की माँग उठा चुका है, लेकिन बिना संयुक्त रूख के परिणाम निकल पाना संभव नहीं लगता है। जी-7 की भूमिका इस बार इसलिए भी निर्णायक है कि मौजूदा टकराव से तेल-बाज़ार बेकाबू होता दिख रहा है। याद रहे यदि संघर्ष लंबा खिंचा तो ब्रेंट क्रूड 150 डॉलर प्रति बैरल लांघ सकता है, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति की नई लहर उठेगी। भारत, चीन और उभरते एशियाई देश इसके गंभीर असर से खुद को बचा नहीं सकेंगे।

# टगरा कलिराम गाँव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**कालका, 16 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी,अजीत सिंह ):** रविवार को कालका के टगरा कलिराम गाँव स्थित सोमनाथ माड़ी में एक निःशुल्क



चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंडित केदारनाथ हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा, कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा के सहयोग से आयोजित किया गया। क्यूरसिया हॉस्पिटल और क्लोव डेंटल के अनुभवी डॉक्टरों की टीमों ने मरीजों की जांच की और सेवाएं प्रदान कीं। कुल 373 मरीजों ने इस शिविर में आकर निःशुल्क चिकित्सा जांचों का लाभ उठाया। आयोजकों के अनुसार, 107 मरीज सामान्य रोगों की जांच, 63 हड्डी रोग, 69 नेत्र जांच, 36 दंत चिकित्सा, और 86 मरीजों ने रक्त जांच के लिए शिविर में पंजीकरण कराया। चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ, लोगों को हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड और फैमिली आईडी रजिस्ट्रेशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में भी सहायता दी गई। कई लोगों को नए हैप्पी कार्ड भी मौके पर जारी किए गए। जांच और परामर्श के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। विधायक शक्ति रानी शर्मा ने इस शिविर के सफल आयोजन पर पूरी टीम का हार्दिक धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की भावना को सशक्त करती हैं।

# जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य : राम कुमार कश्यप

**इंद्री, 16 जून ( बिशपाल राणा ) :** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी




बनता है। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का पूरा प्रयास करते हैं। विधायक रामकुमार कश्यप सोमवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एवं हलके के लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर उनके पास आते हैं। उनका प्रयास हमेशा यही रहता है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और सुलझाई जा रही हैं। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि वे जनसेवा की भावना से प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम विशेष रूप से संचालित कर रहे हैं, ताकि आम जनता से सीधे संपर्क में रह सकें। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि वे हर सोमवार सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में हलके के लोगों से रूबरू होते हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि हलके के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

**उपचुनाव में विजयी उम्मीदवार को दी शुभकामनाएं** – जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पंचायती राज के अंतर्गत हलके के गांव टपरियो में हुए उप-चुनाव में सरपंच पद के विजयी उम्मीदवार गुरदेव सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नव-निर्वाचित सरपंच को कहा कि जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, ऐसे में गांव में आपसी भाईचारे के साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर गांव के नव-निर्वाचित सरपंच ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विधायक को गांव की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। जनसुनवाई कार्यक्रम में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं हलके के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य जागरूकता का दिवस : अश्वनी मिश्रा

**बाबैन,16 जून ( राजेश कुमार ):** आज बाबैन के बाजार व आसपास के



गांवों में 21 जून को ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योगपीठ के योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने ग्रामीणजनों को योग दिवस के बारे में अवगत कराते हुए सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं, योगासन, प्राणायाम, ध्यान आदि कराए गएयुवा राज्य प्रभारी अश्वनी मिश्रा ने लोगों को उच्चरक्त चाप, तनाव, डिप्रेशन, चिंता, अवसाद, थायराइड, मधुमेह आदि में लाभकारी योगाभ्यास के बारे में बताया। उन्होंने आहार संबंधी बातें बताते हुए फास्ट फूड, जंक फूड को त्यागकर कर शुद्ध, सात्विक, हितकारी भोजन करने की प्रेरणा भी दी तथा नियमित योग करने का आह्वान किया । गांव के सरपंच संजीव गोल्डी ने कहा कि योग दिवस कुरुक्षेत्र कार्यक्रम में बाबैन से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भाग लें। इस मौके पर विकास भटनागर, अनिल गुप्ता, अनिल राणा भी मौजूद रहे।

# मानव संरक्षण कल्याण संगठन की मीटिंग का किया आयोजन



**ऐलनाबाद,16 जून ( ब्यूरो ):** मानव संरक्षण कल्याण संगठन की मीटिंग प्रदेश कार्यालय हुड्डा कॉलोनी ऐलनाबाद में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा व शहरी अध्यक्ष सुमीत गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । मीटिंग में सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने संगठन के आगामी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन ने पुरे भारत वर्ष में समय समय रक्तदान की सेवा के अलावा समाज में जब कहीं भी किसी सामाजिक कार्य की आवश्यकता पड़ती है। तब तब संगठन के सभी सदस्य उस सामाजिक कार्य के लिए तत्पर तैयार रहते हैं और जब तक वह कार्य सम्पूर्ण ना हो तब तन-मन धन से लगे रहते हैं इसके लिए मैं संगठन के सभी पदाधिकारियों व सभी सदस्यों को बधाई देता हूं और कामना करता हूं भविष्य में भी इसी तरह मिलजुल कर संगठन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर तैयार रहेंगे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शहरी अध्यक्ष सुमीत गोयल व शहरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर परिहार ने कहा कुछ समय बाद 15 अगस्त आ रही है जिस पर पूरे भारत वर्ष में संगठन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष भी यह कार्य क्रम संगठन द्वारा किया जाना है शरीर अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से सभी सदस्यों के साथ तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने के लिए चर्चा की और तिरंगा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को कैसे शामिल किया जाए इस पर विचार किया गया । संगठन के जिला सचिव ओ.पी पारीक व शहरी सचिव भजन लाल गर्ग ने सभी को सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन सदस्यों की जो ड्यूटी लगाई जाए उस पर उन्हें पूर्ण रूप से ध्यान देकर कार्य करना है ताकि तिरंगा यात्रा में कहीं कोई चूक ना हो और हमारे देश की आन बान शान तिरंगे का मान रख सके । इस अवसर पर संगठन के शहरी उपाध्यक्ष अजीत यादव जी व शंकर परिहार,जिला कार्यकारिणी सदस्य साहिल प्रजापति ,शहरी सचिव दलीप कुमार,राकेश रॉयल,अतुल गगनेज सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जेजेपी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंजनी लढा पहुंचे चौटाला हाउस

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला का लिया आशीर्वाद

**ऐलनाबाद,16 जून ( ब्यूरो ):** जननायक जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष अंजनी लढा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष





डॉ. अजय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला का आभार जताते हुए कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे। इसी कड़ी में वे शनिवार को पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बरनाला रोड स्थित चौटाला हाउस पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने इस अवसर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंजनी लढा ने पिछले लंबे समय से अपने अनुभव और समर्पण के आधार पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है, वह सराहनीय है। डॉ. अजय चौटाला ने आशा व्यक्त की कि अंजनी लढा फिर अपनी कर्मठता से पार्टी संगठन को मजबूती देंगे। इस अवसर पर उनके साथ जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, हरिसिंह भारी, सुरेंद्र बेनीवाल, अनिल कासनियां, अजब ओला, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष शारदा सिहाग, गौरीशंकर बूमरा, सुरजीत सिहाग, सुखमंदर सिंह सिहाग, शगनजीत सिंह गिल, दीपक भाटिया, कुलदीप जांगू, गौरीशंकर लढा, नितिन टांडी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपमंडल पिहोवा के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी : डीडी शर्मा

**पिहोवा, 16 जून( विवेक ):** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि उपमंडल पिहोवा के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आमजन को सभी प्रकार की सुविधाएं पंहुचाना ही हमारी प्राथमिकता है। जय भगवान शर्मा डीडी सोमवार को उपमंडल पिहोवा के कान्फ्रेंस हॉल में पिहोवा व इस्माईलाबाद नगरपालिका के चेयरमैन व पार्षदों की एक बैठक लेकर विकास कार्यों पर समीक्षा कर रहे थे।भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में उपमंडल पिहोवा में कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा स्वयं हर प्रकार के विकास कार्यों पर निगरानी रखते हैं तथा फीडबैक लेते हैं। प्रत्येक नगरवासी को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। बैठक में सभी पार्षदों द्वारा उनके क्षेत्र की समस्याएं सुनी गई तथा उन समस्याओं



के समाधान भी किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विकास कार्यों की नई नीतियां लागू करने के लिए सभी से सुझाव भी मांगे।उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग से सम्बंधित जनहित के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी, पब्लिक हैल्थ तथा अन्य विभागों से विकास कार्यों की रिपोर्ट ली। जो विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा जिन विकास कार्यों को आरंभ करना है, इन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी पार्षदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से सम्बंधित कई प्रकार की मांगे रखी गईं। इस मौके पर पार्षद प्रिंस गर्ग द्वारा वार्ड न. 17 में कम्यूनिटी सेंटर बनाने की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त पार्षद गगन टांक ने अपने सम्बंधित वार्ड में गलियों के नवीनीकरण की मांग की। उन्होंने सड़कों तथा नालों के नवीनीकरण व मुरम्मत पर किए जा रहे कार्यों की विशेष तौर पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने शहर से बरसाती पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध करने के आदेश दिए।जय भगवान शर्मा डीडी शर्मा ने सभी लोगों से आहवान किया कि वे 21 जून को जिलास्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड में किया जाना है। योग कार्यक्रम में एक लाख नागरिक एक साथ योग करने के लिए तैयार है। ये रिकॉर्ड कुरुक्षेत्र की उपलब्धियों में प्रदेश और देश नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त करेगा। इसलिए प्रत्येक नागरिक 21 जून को जिलास्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लें और पूरे विश्व में योग का संदेश पहुंचाएं। बैठक में नगरपालिका प्रधान पिहोवा आशीष चक्रपाणि, नगरपालिका प्रधान इस्माईलाबाद मेघा बंसल, नगरपालिका सचिव पिहोवा मोहन लाल, नगरपालिका सचिव इस्माईलाबाद प्रिंस मेंहदीरत्ता, नगरपालिका पिहोवा के सभी पार्षदों सहित नगरपालिका कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# खरोग मार्ग पर ग्रामीणों ने शुरू किया बाबड़ी निर्माण, त्रिवेणी का पौधा रोपण और छबील से सैलानियों को दी राहत

**मोरनी, 16 जून ( अरुण वर्मा ) :** मोरनी खंड की बालग पंचायत के ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया। खरोग मार्ग पर पहाड़ से निकले प्राकृतिक जल स्रोत को संरक्षित करने के उद्देश्य से ग्रामीणों ने एक नई पेयजल बाबड़ी (छोटी जल संरचना) के निर्माण का कार्य शुरू किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर जल देवता से आशीर्वाद लिया और स्थान पर त्रिवेणी (पीपल, नीम और बरगद) का पौधारोपण भी किया। ग्रामीणों ने इसकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं ली है इस पहल में गांव के युवा, बुजुर्ग और सामाजिक कार्यकर्ता एकजुट होकर आगे आए। खरोग निवासी पवन कुमार, चन्द्र प्रकाश, राजु शर्मा, महेन्द्र शर्मा, दुर्गा चंद सहित अन्य ग्रामीणों ने





जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में पहाड़ से अचानक पानी का प्राकृतिक स्रोत फूट था। जल को व्यर्थ बहने से रोकने और गांव के उपयोग में लाने के लिए सभी ने मिलकर यहां बावड़ी निर्माण का निर्णय लिया इस पुनीत कार्य के साथ-साथ युवाओं द्वारा मोरनी-टिक्करताल मार्ग पर ठंडे जल की छबील भी लगाई गई, जिसमें हजारों सैलानियों ने गर्मी से राहत पाने के लिए पानी ग्रहण किया। बावड़ी निर्माण के बाद सामूहिक भंडारे का आयोजन कर सभी ने सेवा और सहयोग का संदेश दिया ग्रामीणों की इस जागरूकता और सामूहिक प्रयास से न सिर्फ जल संरक्षण को बढ़ावा मिला, बल्कि आने वाले समय में यह स्थल क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों के लिए एक उपयोगी जलस्रोत के रूप में कार्य करेगा।

# बैंकर उधार कर्ता पर कार्रवाई करने से पहले सावधानी पूर्वक विचार करें - उपायुक्त डॉक्टर विरेंद्र कुमार दहिया

पानीपत,16 जून ( हरप्रीत छत्तवाल ) सरफेसी मामलों को लेकर उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने सोमवार को जिले के 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ बैठक कर बैंकर को उधार कर्ता के साथ सावधानी पूर्ण कार्य करने व एक्शन लेने से पहले विचार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बैंकर उधार कर्ता पर अनावश्यक खर्चा न थोपें। उपायुक्त ने अकाउंट रेगुलर करने और प्रस्ताव समझौता पर बैंकर को विचार करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी स्थिति में बैंकर व उधार कर्ता केस में समझौता नहीं हो पता तो दोबारा परमिशन नहीं दी जाएगी इसके लिए बैंकर्स को सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। विदित रहे कि सरफेसी एक्ट का मुख्य उद्देश्य बैंकों और वित्तीयसंस्थानों को गैर- निष्पादित परिसंपत्तियों को कम करने और ऋण वसूली प्रक्रिया को तेज करने में मदद करना है। यह अधिनियम मुख्य रूप से सुरक्षित ऋणों के मामलों में लागू होता है, जहां ऋण के बदले में संपत्ति को गिरवी रखा जाता है। सरफेसी एक्ट के प्रावधानों के कारण, उधारकर्ताओं को समय पर ऋण चुकाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उनकी संपत्ति को जब्त होने से बचाया जा सके। इस मौके पर करीब 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर मौजूद रहे।

# अवैध खनन का कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा- उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया

पानीपत,16 जून हरप्रीत छत्तवाल) जिले में अवैध रूप से खनन का करने वाले माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ और सख्ती बरती जाएगी है। जहां पर भी अवैध खनन की संभावनाएं नजर आती है तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और खनन विभाग की टीम पहुंच जाती है व आवश्यक कार्रवाई करती है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि पुलिस विभाग की टीम को सूचना मिली की अधमी गांव में अवैध रूप से मिट्टी का ट्रैक्टर ट्राली भरकर लाया जा रहा है। टीम ने मौके पर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया व विभाग की टीम द्वारा इसे कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया गया।उपायुक्त ने कहा की अवैध रूप से खनन का कार्य करने वाले स्वयं को व समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी अवैध माफिया के खिलाफ प्रशासन अभियान चलाए हुए हैं। विभाग की टीमों को और सख्ती बरतनी चाहिए। जांच के और प्रयास करनी चाहिए तभी जाकर जिले में अवैध खनन का कार्य करने वालों पर शिकंजा कसेगा। जिला खनन अधिकारी निरंजन ने बताया कि अवैध रूप से खनन करने वाले के खिलाफ 2 लाख 12 हजार का जुर्माना किया गया है व ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध खनन का कार्य करने वालों की खिलाफ जहां भी संभावना होती है टीम वहां पहुंचकर एक्शन लेती है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की व खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से अवैध खनन का कार्य करने वालों पर शिकंजा कर रही है।

# पूर्वजों ने मेहनत मजदूरी के बलबूते समाज में सम्मान पूर्वक अपनी पहचान बनाई : शेरु विंग

**असंध, 16 जून ( दलसिंह मान ) :** अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयंसेवक संघ की करनाल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठक का



आयोजन समाजसेवी पुरुषोत्तम दुकराल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरु विंग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश दुकराल भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, नितिन जुनेजा, सनातन धर्म मंदिर कमेटी के प्रधान विक्की जुनेजा व विशु चोपड़ा उनको पटका पहना व अरुट जी महाराज का स्वरूप भेंट कर स्वागत किया। बैठक में संघ की स्थानीय इकाई का गठन किया गया। जिसमें योगेश दुकराल को सर्वसम्मति से असन्ध इकाई का प्रधान चुना गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शेरू विंग ने सामाजिक एकता एवं पंजाबी समाज के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि 1947 के देश विभाजन विभाजन में तकरीबन 20 लाख से ज्यादा पंजाबी खत्री समाज के लोगों का नरसंहार हुआ। उनके पूर्वज धर्म के खातिर अपना सब कुछ छोड़कर पलायन करके शरणार्थी कैंपों में शरण ली। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वजों ने मेहनत मजदूरी के बलबूते समाज में सम्मान पूर्वक अपनी पहचान बनाई और बच्चों का पालन पोषण किया। उन्होंने कहा कि आज पंजाबी खत्री समाज हर क्षेत्र में पूरा योगदान कर रहा है। परंतु उनके हितों के अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को अब जागरुक का करने का समय आ गया है। इस अवसर पर युवा नेता डॉ हिमांशु छाबड़ा, विक्की जुनेजा बादल छाबड़ा व पारुल गांधी ने कहा कि युवा समाज को अपने हितों और अधिकारों के लिए मजबूती के साथ आगे आना होगा। इसलिए संघ की मजबूती के लिए एक जुट होकर काम करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरू विंग व कार्यकारिणी कमेटी व सदस्यों ने नव निर्वाचित प्रधान योगेश दुकराल को पटका पहना व अरुट जी महाराज का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रधान दुकराल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह उसे सच्ची निष्ठा व लगन से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर नितिन जुनेजा यश लूम्बा,शाम चुघ,दि्वंकल दुकराल, चेतन चानना सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एक युवक को 9 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**ऐलनाबाद,16 जून ( ब्यूरो ):** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने भावदीन टोल प्लाजा के पास एक युवक को 9 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ डिंग थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सीआईए ऐलनाबाद पुलिस सोमवार को डिंग इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान भावदीन टोल प्लाजा के पास पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को शक के आधार पर हिरासत में ले लिया। इसके बाद युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ करने पर युवक की पहचान हरजिंद्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी भीटीवाला थाना लंबी मुक्तसर साहिब हाल चक साहिबा जिला सिरसा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

# आधार कार्ड के लिए निर्धारित किए गए स्थान पर किया जाए आधार से संबंधित कार्य : अभय जांगड़ा

**सोनीपत, 16 जून ( विनोद ) :** जिला परिषद के सीईओ अभय जांगड़ा ने कहा कि आधार से संबंधित कार्य करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जिन विभागों को आधार बनाने व अपडेट करने से संबंधित कार्य के लिए मशीने उपलब्ध करवाई गई है वे विभाग व संस्थाएं इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके द्वारा जो स्थान निर्धारित किया गया है वहीं आधार से संबंधित कार्य होना चाहिए। अगर कोई इस कार्य को किसी अन्य स्थान पर करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीईओ जिला परिषद अभय जांगड़ा ने सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित कार्य के लिए संबंधित विभाग द्वारा जिसे नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है वे स्वयं समय-समय पर अपने से संबंधित आधार सेंटर की जांच करें ताकि कहीं भी किसी प्रकार की लापरवाही न हो सके। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों व स्कूली विद्यार्थियों के आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में विशेष कैंप लगाकर पांच साल तक बच्चों की आयरिस (आंखों) और फिंगरप्रिंट वेरिफिकेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करने से संबंधित कार्य को भी तुरंत पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग अपने बच्चों का माई आधार ऐप पर चैक कर लें कि किस बच्चे का एमपीयू पेंडिंग है ताकि सभी बच्चों को आधार अपडेशन के लिए न बुलाना पड़े। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 14 जून 2026 कर दिया है। उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया कि अगर उन्होंने पिछले 8-10 साल से अपना आधार नंबर अपडेट नहीं करवाया है तो वे 14 जून 2026 तक घर बैठे https:// myaadhaar.uidai.gov.in/ verifyýadhaar पोर्टल पर जाकर स्वयं भी आवश्यक जानकारी दर्ज कर अपना आधार कार्ड निलशुल्क अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से करवाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार अपडेट करवाने के लिए वे लोगों को जागरूक करें ताकि हर व्यक्ति अपना आधार अपडेट करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला के हर बच्चे व व्यक्ति को आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए आधार का अपडेट होना बेहद जरूरी है। माई आधार पोर्टल पर जाकर स्वयं की पहचान व रिहायशी पते से जुड़े दस्तावेज की जानकारी दर्ज करने पर आधार कार्ड अपडेट हो जाएगा।




इस मौके पर एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसीपी राजपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी, एडीआईओ विजय बल्हारा, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण चण्डीगढ़ से प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव शर्मा, शिक्षा विभाग से डॉ0 अत्तर सिंह, क्रीड से प्रवीण मल्हौत्रा, एडीसी कार्यालय से नितिन शर्मा, सीएससी डीएम शशिकांत कौशिक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय आइटीआई में योग शिविर आयोजित

**चिडाव, 16 जून ( प्रवीन कुमार ) :** योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निसिंग में योग दिवस शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल जसविंदर सिंह संधू ने की। शिविर में योगासन के महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराते हुए स्वस्थ युवा, सक्षम भारत' संकल्प के तहत परशिक्षकों, स्टाफ सदस्य व अतिथियों ने मिलकर योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया। संधू ने अभ्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग मानव जीवन को संतुलित, शांत और सकारात्मक उर्जा देने के साथ-साथ शरीर को बलिष्ट एवं स्वस्थ मन की प्राप्ति का रास्ता हैं। इस मौके पर योग प्रशिक्षक मुकेश शर्मा, कुसुम रानी व सोनू ने अभ्यार्थियों को ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम सहित अन्य योगाभ्यास कराए। जिनका सभी प्रतिभागियों ने एकाग्रता पूर्वक अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग से होने वाले फायदे, मानसिक एकाग्रता और तनावमुक्त जीवन पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अभ्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने के लिये प्रेरित कर अभ्यार्थियों को निरंतर योगाभ्यास करते रहने के लिए सुझाव दिया। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक शीशपाल, विनोद, पवन, सुभाष, नवीन सहित अन्य शामिल रहे।



# हीमोफीलिया जागरूकता एवं सहायता शिविर का सफल आयोजन

**कैथल, 16 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** हीमोफीलिया जैसी गंभीर और दुर्लभ बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने तथा पीड़ितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पंजाबी वेलफेयर सभा, कैथल के सभागार में एक दिवसीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर इंटास फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जाना जाता है।




शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिले में हीमोफीलिया के करीब 30 मरीज हैं, जिनमें एक हीमोफीलिया क्ऱऔर दो इनहिबिटर पॉजिटिव रोगी शामिल हैं।

शिविर के दौरान इंटास फाउंडेशन द्वारा मरीजों को जीवनरक्षक दवा फैक्टर 8 निशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस दवा की बाजार में कीमत लगभग ?4 लाख तक होती है, और यह आपातकालीन स्थितियों में मरीजों के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। इसके अलावा, शिविर में मरीजों का महंगा और विशेष इनहिबिटर टेस्ट भी नि:शुल्क किया गया। यह जांच यह पता लगाने में मदद करती है कि रोगी के शरीर में ऐसी एंटीबॉडी तो नहीं बन गई हैं जो फैक्टर 8 की प्रभावशीलता को निष्क्रिय कर देती हैं। यह परीक्षण आमतौर पर केवल PGI चंडीगढ़ में ही उपलब्ध है और समय पर उपचार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रमेश बंसल ने उपस्थित मरीजों को आवश्यक इंजेक्शन वितरित किए और दवा के सही उपयोग व सावधानियों की जानकारी दी। शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए राकेश यादव ने सरल और प्रभावशाली व्यायामों का प्रशिक्षण भी दिया, जिसे मरीजों और उनके परिजनों ने काफी सराहा।

इस अवसर पर इंटास फाउंडेशन से दीपक, विनय और भव्या सहित स्थानीय स्वयंसेवकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर के सफल आयोजन के लिए राकेश यादव व उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर की सफलता ने यह सिद्ध किया कि यदि संगठित प्रयास किए जाएं तो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को राहत और उम्मीद दी जा सकती है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया, ताकि हीमोफीलिया से पीड़ित हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके।

# धान की सीधी बिजाई करने पर दी जा रही है अनुदान राशि : डॉ. वजीर सिंह



**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** कृषि विभाग के उप निर्देशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि किसान धान की रोपाई की तैयारी कर रहे है, किसानों के लिए धान की सीधी बिजाई करने पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसान अनुदान राशि के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर आगामी 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि धान की रोपाई से करीब 20-25 प्रतिशत पानी की बचत होती है , इसलिए प्रदेश सरकार किसानों को सीधी बिजाई के लिए अनुदान राशि देकर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 तक किसानों को अनुदान 4 हजार प्रति एकड़ रुपये था जोकि 2025 में किसानों को अनुदान 4500 रुपये एकड़ मिलेगा। धान की रोपाई में प्रति एकड़ में 7 से 8 हजार रुपये की लागत आती है जबकि सीधी बिजाई में ये ही लागत 2500 रुपये से 3000 रुपये प्रति एकड़ तक ही रहती है। इसलिए प्रति एकड़ अनुदान में 500 रुपये खरीफ 2025 के लिए बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि किसान आगामी 25 जून तक धान की सीधी बिजाई कर सकते है, सीधी बिजाई के दौरान हाईब्रिड़ और बासमती धान की ही बुवाई कर सकते है। सीधी बिजाई के बाद गेहूं की फसल की तरह ही सिंचाई करनी होती है, ऐसे में किसानों को धन, पानी और समय की बचत होती है। उन्होंने बताया कि करनाल जिला में सिंचाई के लिए पर्याप्त इंतजाम है, इसलिए धान की सीधी बिजाई को लेकर किसानों को अनुदान दिया जा रहा है।

# एमडीएम वर्कर्स 26 हजार न्यूनतम मानदेय को लेकर 20 जून को देंगी ज्ञापन : शरबती

**यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) :** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा (रजि.1933) सम्बंधित सीटू, एमडीएम डब्ल्यूएफआई व सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक संघ कार्यालय दशहरा ग्राउंड में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान नीलम भट्टी व संचालन जिला सचिव कविता ने की।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सबसे पहले अहमदाबाद में विमान दुर्घटना व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गए यात्रियों की याद में दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बैठक में 17 जून को फिलिस्तीनी जनता के समर्थन और युद्ध के विरोध में उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में,18 जून को स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों के आंदोलन के समर्थन में सिविल सर्जन को नोटिस, 20 जून को न्यूनतम वेतन 26 हजार को लेकर डीसी के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन, 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रीय हड़ताल में भागेदारी व यूनियन की सांगठनिक मजबूती को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित सीटू जिला सचिव शरबती ने अपने संबोधन में बताया कि बकाया व कटा हुआ मानदेय तुरंत जारी हो, स्कूल मर्ज व बंद न हो और इसके चलते या बच्चे कम होने की स्थिति में वर्करों को काम से न हटाया जाए, हटाई गई वर्करों को अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए, रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपए मिलें या उम्र 65 साल हो, बेगार बंद हो, वर्दी भत्ता 2000 रुपए हो आदि माँगो को लेकर जिला की सभी एमडीएम वर्कर्स 9 जुलाई को एक दिन की राष्ट्रीय हड़ताल में खाना बनाने का काम बंद करके अन्य जनसंगठनों के साथ शहर में रोष मार्च निकाला जाएगा। इस मौके पर सीटू नेता विनोद त्यागी, रोशन लाल, एसकेएस जिला सचिव गुलशन भारद्वाज, प्रकाश कौर, पूजा व उषा आदि ने भी संबोधित किया।




# कुंआ पूजन पर डीजे देखने गए छात्र की गोली लगने से मौत

**सफीदों, 16 जून ( एस.के मित्तल ) :** उपमंडल के सबसे बड़े गांव मुआना में कुंआ पूजन के दौरान बज रहे डीजे को देखने गए एक छात्र की गोली लगने से मौत हो गई। मृत्तक की पहचान 8वीं कक्षा के छात्र गांव मुआना निवासी आशीष (13) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक लड़के के पिता के ब्यान के आधार पर गांव मुआना निवासी दिनेश के खिलाफ हत्या के आरोपों में केस दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र के पिता अनिल ने पुलिस को बयान में कहा कि वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। उसके पास 5 बच्चे है। उसका सबसे छोटा लड़का आशीष (13) गांव के सरकारी स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ता था। अनिल ने ब्यान में कहा कि वह 11 जून को खंड सफीदों के गांव रोझला में काम पर गया हुआ था। उसके पास सायं करीब 6 बजे उसकी पत्नी नीलम का फोन आया कि आशीष को चोट लग गई है और उसे सफीदों के निजी अस्पताल में लेकर गए है। सूचना पाकर वह निजी अस्पताल सफीदों में पहुंचा। निजी अस्पताल से आशीष को गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया गया। पीजीआई में आकर उसे पता चला कि उसके लड़के आशीष के कमर में गोली लगी हुई है। उसके पड़ौस मे देशराज के यहां पोता हुआ था और उसके घर पर पीलिया आया हुआ था। इस दौरान कुंआ पूजन के प्रोग्राम में डीजे बज रहा था। उसका लड़का आशीष डीजे देखने के लिए वहां पर गया हुआ था। इस दौरान गांव मुआना निवासी दिनेश खुशी में फायर कर रहा था। उसने आरोप लगाया कि दिनेश ने उसके लड़के आशीष को गोली मारी है। 15 जून की रात को ईलाज के दौरान उसके बेटे आशीष की मृत्यु हो गई। ब्यान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।

**क्या कहते हैं सदर थाना प्रभारी :** इस मामले में सदर थाना प्रभारी डा. सुनील कुमार ने कहा कि पीजीआई रोहतक से रूक्का प्राप्त हुआ था। रोहतक पीजीआई में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृत्तक लड़के के पिता के ब्यान पर गांव मुआना निवासी दिनेश के खिलाफ फिलहाल हत्या के आरोपों में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की तफतीश जारी है।

# भगवान परशुराम की तरह सेना ने किया पापियों का नाश : कार्तिकेय शर्मा

**सफीदों, 16 जून ( एस.के मित्तल ) :** शहीदों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का मूल हिस्सा है और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता हमारा कर्तव्य है। यह बात राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कालवा गांव के ययाति तीर्थ पर शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सांसद निधि से गौशाला के लिए कमरा निर्माण की घोषणा भी की। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि शहीद देश की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर करते हैं। ऐसे में हमें उनकी शहादत को याद रखना चाहिए। सरकार अपना काम करती है, लेकिन सामाजिक व्यक्ति के नाते हमारा भी दायित्व है कि हम शहीदों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील रहें। अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उन्होंने प्रार्थना की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सांसद ने कहा कि जिस तरह भगवान परशुराम अधर्मियों का नाश किया, वैसे ही हमारी सेना ने पापियों को सबक सिखाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, ना आँख झुका के बात करेंगे, ना आँख उठा के, बल्कि आँख में आँख डाल के जवाब देंगे। कार्तिकेय शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे अपने बुजुर्गों के लिए समय निकालें ताकि उनका सम्मान बना रहे। उन्होंने कहा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, लेकिन युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने धर्मशालाओं में यूपीएससी और एचसीएस की कोचिंग शुरू करने की योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अगले दो माह में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब तबके की मांगों पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भगवान परशुराम के दिखाए रास्ते पर चलने और उनका आदर करने की अपील की। साथ ही, छह गांवों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर हल करने का आश्वासन दिया। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि 11 साल में कांग्रेस संगठन नहीं बना सकी, जबकि हमने तीन बार सरकार बनाई। उन्होंने स्थानीय लोगों से मिले प्यार और आशीर्वाद की सराहना की। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला पंचकुला प्रभारी प्रमोद कौशिक, हरिराम दीक्षित, सियाराम शास्त्री, सोनू शर्मा, राधेश्याम शर्मा, कालवा के सरपंच शैलेंद्र, रोहताश, परशराम वत्स, सतबीर अत्री, देवेंद्र शर्मा, रामफल शर्मा, सुभाष गौड़, सुरेंद्र वत्स, लख्मीचंद, नारायण दत्त सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# घर पर परिजनों द्वारा सावधानी बरतने से डायरिया की बीमारी से बचना संभव : डा सुखबीर सिंह

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि घर पर परिजनों द्वारा सावधानी बरतने से डायरिया की बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है। इसके लिए उन्हें स्वच्छता का ध्यान रखना है। इसके अलावा हाथ धोने का सही तरीका अपनाना है, पीने के लिए साफ पानी का प्रयोग या पानी को उबालकर पीना होगा। अहम बात ये है कि पूर्ण आहार व पर्याप्त पोषण को लेकर जागरूक रहना होगा। घर पर परिजनों द्वारा इन बातों का ध्यान रखने से डायरिया पर काबू पाया जा सकता है। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने सोमवार को एलएनजेपी सिविल अस्पताल जिला कुरुक्षेत्र के बाल चिकित्सा वार्ड में बच्चों के डायरिया (दस्त) से बचाव के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि यह अभियान 16 जून से आरम्भ होकर 31 जुलाई तक चलेगा। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया (दस्त) के बारे में जागरूक करेंगे। बच्चों को ओआरएस पैकेट व जिंक टेबलेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही उनके अभिभावकों को ओआरएस घोल बनाने तथा जिंक टैबलेट के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर एलएनजेपी सिविल अस्पताल प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. सारा अग्रवाल, उप सिविल सर्जन डा. जगमिन्द्र सिंह, डा. अंजली वैद्य, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मनिषा सिंह, एएसएमओ एवं अर्बन नोडल अधिकारी (बाल स्वास्थ्य व टीकाकरण) डा. प्रदीप नागर, सिविल अस्पताल एसएमओ डा. तजिन्द्र सिंह, बाल चिकित्सक डा. अशोक व डा. अपर्णा मौजूद रहे।

# बरसाती मौसम से पहले शहर के सभी नाले-नालियों को साफ करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी : राजेश कुमार

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि शहर के नाले नालियों की साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसके लिए जहां टेंडर के माध्यम से भी टीम लगाकर सफाई की जारी है। वहीं नगर परिषद की भी एक 12 सदस्य टीम है, जो शहर की छोटी नालियों की साफ सफाई लगातार कर रही है।



कार्यकारी अधिकारी ने सोमवार को गांव बाहरी स्थित नगर परिषद द्वारा लगाए गए पांच बूस्टरों को भी चेक किया और अधिकारियों का आदेश दिए कि बूस्टर में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए, क्योंकि इसी के द्वारा शहर के पानी को सरस्वती नदी में डाला जाता है। इसके बाद वह आगे जाता है। इसके अलावा जहां-जहां भी साफ सफाई की दिक्कत थी वहां जेसीबी व अन्य उपकरण से सफाई करवाई गई। इसके बाद नाले में से निकली शीलट को जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर ट्राली में लोड करवाकर उठाया गया।

कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि अक्सर गोबर व पॉलीथिन प्लास्टिक के कारण नालियां जाम हो जाती है और पानी ओवरफ्लो हो जाता है इसके बाद वह सड़क पर फैल जाता है। ऐसे में नाले नालियों की सफाई करवाना बहुत जरूरी है। वहीं आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए डीसी नेहा सिंह व जिला नगर आयुक्त सतेंद्र सिवाच के आदेश अनुसार नाले नालियों की सफाई की लगातार अधिकारियों द्वारा भी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने खासकर डेयरी संचालकों से अपील की कि वह डेयरी का गोबर नाले नालियों में न बहाए और लोग भी कूड़ा करकट नाले नालियों में डालकर नगर परिषद के द्वारा डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य करने में लगे टिपरो में ही डालें।

उन्होंने कहा कि जो डेयरी संचालक गोबर को नालियों में बहाते मिला तो उनके पहले भी चालान किए गए हैं और आगे भी चालान किए जाएंगे और जरूरत पड़ी तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ एमई मंगूराम, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, वैभव कुमार व राकेश कुमार के साथ सफाई कर्मचारी की टीम मौजूद थी।

## डीएलएसए ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए उनको उनके अधिकार के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है। इस गठित टीम द्वारा गांव पिंडारसी में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। उन्हे डीएलएसए द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही नालसा स्कीमस की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया।

# डीएलएसए द्वारा गांव खिड़की विरान में किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि पीएलवी तनुज ने गांव खिडक़ी विरान में आमजन को संगठित और अंसगठित मजदुरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रुप से विकलांग और विकलांग व्यकित्यों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (असंगठित मजदुरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं ) योजना 2016, पोष एक्ट, पोक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानुनी सहायता के बारे में जागरुक किया गया और उन्हें पंपलेटस बांटे गए। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता लाना है।



# वनवासी कल्याण आश्रम के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**हिसार, 16 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** वनवासी कल्याण आश्रम की हिसार इकाई द्वारा वनवासी छात्रों का स्वागत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए कार्यक्रम में दर्शकों को हरियाणवी, पंजाबी व जनजातीय संस्कृति में सामंजस्य देखने को मिला। वनवासी छात्रों की बेजोड़ प्रस्तुतियां देखकर दर्शक दंग रह गए। दर्शकों ने हर प्रस्तुति के उपरांत तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

भिवानी में वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रावास में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, असम, मेघालय व जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी शिक्षार्जन करते हुए देशभक्ति के संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इन सभी छात्रों को हरियाणा भ्रमण करवाया जा रहा है। हिसार पहुंचने पर इन छात्रों का मिलेनियम पैलेस में स्वागत-सत्कार हुआ और यहां तरणताल की सुविधा के साथ ही इनके नाश्ते की समुचित व्यवस्था रही। सायंकाल इन विद्यार्थियों ने गुजवि के सभागार में अपनी प्रतिभा व कुशलता से रंग जमा दिया।





वनवासी कल्याण आश्रम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई मुख्यातिथि रहे और समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख विजय कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के विविध आयामों से परिचय करवाया। क्षेत्रीय नगरीय कार्य प्रमुख जयभगवान ने वनवासी यात्राओं से संबंधित संस्मरण साझा किए। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल व प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए का सान्निध्य रहा। डॉ. अमित मेहता, डॉ. ललित मोहन बंसल, संदीप बूरा, वेदप्रकाश गोयल, नरेश कुमार पूनिया, सुनीता रहेजा, एडवोकेट राजेश जैन व पुनीत मैनी विशिष्ट अतिथि रहे। वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और वनवासी के जिला सूचना व जनसंपर्क प्रभारी राजेश चुघ ने मंच का प्रभावशाली संचालन किया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संरक्षक जगदीश बंसल, जिला उपाध्यक्ष मनीष बिंदल, जिला उपाध्यक्ष समीर सरदाना, जिला सचिव अजय सैनी, जिला कोषाध्यक्ष पर्व गुप्ता, सदस्य गौरव सिंगला, ईश्वर सैनी व पवन राड़ा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वनवासी छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना करते हुए नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। नागा जनजातीय नृत्य व त्रिपुरी जनजाति के नृत्य को देखकर दर्शक अचंभित रह गए। इन छात्रों ने योगा नृत्य व हरियाणवी नृत्य के साथ ही भंगड़े की प्रस्तुति देकर अपनी कुशलता का परिचय दिया। इसके साथ ही वनवासी छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत करके देशभक्ति की भावना का संचार कर दिया। खास बात यह रही कि पूर्वोत्तर राज्यों के वनवासी छात्रों ने विभिन्न संस्कृतियों के बीच सामंजस्य स्थापित करके मंच पर अनेकता में एकता से साक्षात्कार करवाया।

**वनवासी बंधुओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य**

वनवासी कल्याण आश्रम का लक्ष्य देशभर के वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले बंधुओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसी लक्ष्य के तहत हरियाणा में वनवासी विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास निशुल्क संचालित किए जाते हैं। एक छात्रावास भिवानी में एवं दूसरा फरीदाबाद में स्थित है। इन छात्रावासों में विद्यार्थी शिक्षा व संस्कार ग्रहण करके वापस अपने-अपने प्रदेशों में चले जाते हैं। वहां वे विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देते हुए समाज में उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों का छात्रपालक बनकर हरियाणा के समाजसेवी मिसाल कायम कर रहे हैं। छात्रपालक बनकर, मंदिर निर्माण में सहयोग करके एवं वनवासी बंधुओं के लिए रोजमर्रा की सामग्री उपलब्ध करवाकर कोई भी इंसान इस अभियान में अपना योगदान दे सकता है।

**चलाए जा रहे 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प**

देशभर में 12 करोड़ वनवासी हैं और उनकी उन्नति के लिए, शिक्षा, चिकित्सा व ग्राम विकास जैसे 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा देशभर में चलाए जा रहे हैं। इन प्रकल्पों से दो करोड़ वनवासी बंधु लाभान्वित हो रहे हैं। हरियाणा के समाजसेवियों के सहयोग से हर वर्ष वस्त्र, राशन व अन्य सामग्री के कई ट्रक वनवासी बंधुओं की सहायतार्थ भेजे जाते हैं। इसके साथ ही सैकड़ों कंबल भी हर वर्ष वनवासी बंधुओं को उपलब्ध करवाए जाते हैं। विशेष बात यह है कि इस सेवा कार्य में हिसार सहित प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रों से समाजसेवियों का दिल खोलकर सहयोग रहता है।

**वनवासी बच्चों ने हिसार के परिवारों में किया रात्रि प्रवास**

पूर्वोत्तर राज्यों व जम्मू-कश्मीर से हिसार आए वनवासी छात्रों ने गुजवि के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम के समापन पर दो-दो छात्रों ने हिसार के विभिन्न परिवारों में प्रवास किया। ये वनवासी छात्र इन परिवारों में सदस्यों की भांति रहे और सुबह इन परिवारों के बच्चों के साथ प्रातःकालीन सैर की और नाश्ता किया। इतना ही नहीं वनवासी छात्रों व स्थानीय परिवारों के बच्चों ने एक-दूसरे की संस्कृति को समझा और अपने-अपने अनुभव साझा किए। रात्रि प्रवास के दौरान जिस अपनेपन व समरसता का संचार हुआ वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

## अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग : निरंजन लाल

**करनाल, 16 जून ( सुनील कुमार ) :** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई मोहन लाल, एएसआई नवीन, ईएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान घरौंडा के गांव हरसिंह पुरा बस स्टैंड के पास रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा गया। जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालकों के पास बिल नहीं पाया गया। इसी कारण इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा घरौंडा थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सैनी समाज ने उठाई सीईटी एग्जाम की डेट बढ़ाने की मांग



**सफीदों, 16 जून ( एस.के मित्तल ) :** सैनी समाज हलका सफीदों की एक बैठक नगर के सैनी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रधान सत्यवान सैनी बहादुरगढ़ ने की। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श हुआ। सभी एकमत से फैसला लिया कि समाज के हित के अनेक कार्य हाथ में लिए जाएंगे तथा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। वहीं बैठक में सरकार से मांग की गई कि सीईटी एग्जाम की तिथि आगे बढ़ाई जाए ताकि बच्चे से इस परीक्षा से वंचित ना रहे। वहीं यह भी मांग रखी गई कि इस परीक्षा के आवेदन में पुराने बैकवर्ड प्रमाण पत्र को मान्य किया जाए। क्योंकि बैकवर्ड समाज के बच्चों को साईट सहीं रूप से ना चलने के कारण नया सर्टीफिकेट बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर नंबरदार जयनारायण सैनी, पूर्व प्रधान सतीश सैनी, पूर्व सरपंच सूबे सिंह सैनी रोजला, पार्षद सुनील सैनी, नाथु राम सैनी खेड़ा खेमावती, रविंद्र सैनी, गुरनाम सैनी खेड़ा खेमावती, मा. रमेश चंद्र पाजू खुर्द, सूरजमल सैनी बहादुरगढ़, फौजी सत्ता सैनी हाट, बनी सिंह सैनी सिंघपुरा, अमन सैनी, श्यामा सैनी, कप्तान सैनी सरफाबाद, ईश्वर बैनीवाल, सुषमा लाठर, एडवोकेट नरेंद्र सैनी, राकेश सैनी कारखाना, महताब सैनी कारखाना, भूरा सैनी रोझला, हुकम सैनी सफीदों शहर, सतीश सैनी साहनपुर, रणबीर सैनी, विनोद सैनी ऐंचरा, अश्वनी सैनी रत्ताखेड़ा, संजय सैनी खातला, जयभगवान सैनी बानियाखेड़ा, बलिंद्र बानियाखेड़ा विशेष रूप से मौजूद थे।

## महिलाओं ने निकाली गांव में कलश यात्रा



**असंध, 16 जून ( दलसिह मान ) :** गांव गोली में सोमवार को सैकड़ों महिलाएं कलश यात्रा लेकर ठाकुर जुगल किशोर मंदिर पहुंची। जहां पर उन्होंने पूजा अर्चना कर घर में सुख शांति की प्रार्थना की और भजन कीर्तन किया। आरंभिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने कलश यात्रा में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चे व पुरुष भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक गीतों पर नाचते हुए आगे बढ़ रही थी। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बाबा राम वाला मंदिर तक पहुंची। यात्रा के समापन पर ठाकुर जुगल किशोर मंदिर में धार्मिक कथा का आयोजन किया गया। जहां कथा वाचक श्रीपाल दास ने प्रवचन करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन में सेवा धर्म और सदाचार के महत्व को समझाया। उन्होंने श्रीमद् भागवत के प्रसंगों के माध्यम से यह संदेश दिया कि आध्यात्मिक जीवन केवल पूजा तक सीमित नहीं है,बल्कि सेवा और सहयोग भी उतना ही आवश्यक है।

## मरणोपरांत नेत्रदान कर दो लोगों को रोशनी दी



**करनाल, 16 जून ( सोनी दुआ ) :** विकास नगर, करनाल निवासी 83 वर्षीय श्रीमती इंद्रकांता बख्शी का निधन होने पर परिजनों ने उनकी आँखें दान करने का निर्णय लेकर मानवता की उत्कृष्ट मिसाल दी। लक्ष्य जनहित सोसायटी के फाउंडर व समाजसेवी दिनेश बख्शी ने अपनी माता के मरणोपरांत नेत्रदान करने के लिए इस सेवा में लगी संस्था माधव नेत्र केन्द्र के सदस्यों से सम्पर्क कर अपनी इच्छा व्यक्त की। माधव नेत्र केन्द्र, करनाल की टीम ने दिवंगत इंद्रकांता बख्शी के नेत्र सुरक्षित संचित किए। ताकि जरूरतमंद दो लोगों की जिन्दगी में रोशनी दी जा सके। माधव नेत्र केन्द्र की टीम में शामिल डॉ. चन्द्रमोहन चावला, राजकुमार अरोड़ा, अनु ग्रोवर और अनु मदान ने परिजनों के नेत्रदान सम्बन्धी निर्णय की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह देकर कृतज्ञता जताई।

## उद्यान केयर होम में योग शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उद्यान केयर होम में योग शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस योग शिविर में बच्चों और स्टाफ को योगा का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है।

# आज का अघोषित आपातकाल देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण एवं खतरनाक : जरनैल सिंह

**यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) :** जन चेतना मंच जिला यमुनानगर की एक बैठक हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान की अध्यक्षता में एडवोकेट बलबीर सिंह के निवास स्थान पर यमुनानगर में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 25 जून को देश में आपातकाल लागू होने के 50 वर्षों के हालात बारे एक सेमिनार किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के सदस्यों ने कहा कि 1975 के आपातकाल से आज का अघोषित आपातकाल देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण एवं खतरनाक है। उसके विरोध में जनता ने आवाज उठाई थी और उस घोषित आपातकाल को वापस लेना पड़ा था लेकिन 1975 के बाद का दौर खासतौर से 2014 के बाद देश में भाजपा (आर एस एस) सरकार जो कि अंबानी अडानी के धनबल और बिकाऊ मीडिया में झूठ और नफरत के बलबूते पर आई है , झूठ लूट और फूट से जनता के संवैधानिक व जनतांत्रिक अधिकारों को कुचला जा रहा है। सत्ता में बैठे लोग सांप्रदायिक व अपराधिक तत्वों को खुला समर्थन व बढ़ावा दे रहे हैं। पाठय पुस्तकों में साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। तथा कथित साधु संत हिंदू राष्ट्रवाद का राग अलाप रहे हैं। हिंदू मुस्लिम एजेंडा बनाकर देश को विभाजन की तरफ धकेला जा रहा है। यह अघोषित आपातकाल है और इस अघोषित आपातकाल का मुकाबला किया जाना चाहिए। क्योंकि जनता के जनतांत्रिक अधिकार अभिव्यक्ति की आजादी और उनके खान पान पर जो हमला है यह अघोषित इमरजेंसी है इसलिए इसका विरोध जरूरी है। वर्तमान में महंगाई, भ्रष्टाचार अपराध व बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन सरकार भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को संरक्षण देकर जनतांत्रिक व



संविधानिक अधिकारों को कुचल रही है। यमुनानगर में गोलीबाज और अपराधी बेकोफ हैं। शिक्षा स्वास्थ्य की सेवाएं आम जन से दूर होती जा रही हैं। और यहां तक की जो जो सेवाएं सरकार जनता को देती थी कल्याणकारी राज्य के तौर पर वे सारी सेवाएं बंद की जा रही हैं। अल्पसंख्यकों और दलितों को निशाना बनाकर दबाया जा रहा है। यह देश के लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है इसलिए इस अघोषित आपातकाल का भी मुकाबला किया जाना चाहिए और एक नागरिक के तौर पर हम सभी इस अघोषित आपातकाल से चिंतित हैं। इसलिए इस अघोषित आपातकाल का पर्दाफाश करने के लिए 25 जून को एक कन्वेंशन की जाएगी जिसमें नागरिकों के अधिकारों को बहाल करने की मांग की जाएगी। बैठक में जरनैल सिंह सांगवान के अलावा बलबीर सिंह एडवोकेट के स बंसल, राजेश बिंद्रा, जगमाल सिंह, राहुल भान राम वर्मा राम तीरथ यादव व अजमेर सिंह ने भी वर्तमान हालात और शहर की गंभीर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया।

## सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज


**सफीदों, 16 जून( एस.के मित्तल ):** सफीदों पुलिस ने सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए ब्यान में गांव रोझला निवासी अक्षय ने कहा कि 14 जून की देर रात्रि वह सफीदों से बाईक पर अपने गांव रोजला जा रहा था। जब वह नहर पुल के नजदीक पहुंचा तो गांव हाडवा निवासी अमित ने उससे लिफ्ट मांगी। जिसको वह पीछे बैठाकर नहर पुल से चला तो एक गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार से चलाकर उसकी बाईक में सीधी टक्कर दे मारी। टक्कर लगते ही वह व अमित बाईक समेत सड़क पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। परिजन व राहगीर उसे सफीदों के नागरिक अस्पताल में लेकर आए। इस दुर्घटना में उसकी टांग टूट गई। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**सफीदों, 16 जून( एस.के मित्तल ) :** सफीदों पुलिस ने सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में अंकित निवासी गांव नंदगढ़ जिला जींद ने कहा कि 20 अप्रैल को उसके गांव का राकेश अपनी मोटरसाईकिल पर अपने पुत्र अनमोल तथा उसकी मां राजबाला को बैठाकर गांव नंदगढ़ से सफीदों में सबल सिंह बोरी धाम पर पूजा-अर्चना के लिए जा रहा है। जैसे ही राकेश बाईपास सफीदों पर सुबह करीब सवा 10 बजे पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाईक को सीधी टक्कर दे मार दी। इस टक्कर में बाईक सवार तीनों नीचे गिरकर घायल हो गए। तीनों घायलों को सफीदों के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां से उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई खानपुर रैफर कर दिया गया। जहां पर 22 अप्रैल को इलाज के दौरान उसकी मां राजबाला की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में योग सेमिनार का किया आयोजन

**कैथल, 16 जून( प्रवेश बहादुर ) :** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वाधान में तथा एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी के विशेष सहयोग से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया, योग विभाग की डीन डॉ. पवित्रा देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। योग सेमिनार में योग विशेषज्ञ डॉ. एचएस हुड्डा ने अपने व्याख्यान में कहा कि आधुनिक जीवन में तनाव




तथा ऑयली भोजन का नियमित सेवन से दिल की बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। योग की क्रियाओं से दिल को मजबूत बनाया जा सकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि श्योकंद ने बताया कि आयुर्वेद एवं योग को जीवन में अपनाने से जीवन को आरोग्य बनाया जा सकता है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि पतंजलि ऋषि के अष्टांग योग के बारे में विस्तृत रूप से बताया। एएमओ चौशाला डॉ. मिनी राठी ने आयुर्वेद पंचकर्म एवं योग की विभिन्न रोगों की चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचकर्म में रक्तमोक्षण जिसे लीच थेरेपी से वात रोगों जैसे कमर दर्द, जोड़ों के दर्द, पित्त रोगों आदि में बड़ा ही अच्छा प्रभाव देखने को मिलता है। पंचकर्म की अन्य थेरेपी शिरोधारा, वमन आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि योग एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक स्थिरता भी प्रदान करता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता में सुधार होता है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग से हार्मोन पर बहुत ही प्रभावशाली असर होता है। जीवनशैली में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, तनाव, ये सब हार्मोन संतुलित न होने का ही परिणाम है। अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम,ध्यान आदि योग क्रियाएं हार्मोन को बैलेंस करने में मददगार है। इस अवसर पर आयुष विभाग की जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ राजेन्द्र कुमार, योग विशेषज्ञ डॉ. एचएस हुड्डा,आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि श्योकंद, डॉ. एकता चहल, डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. राजीव पाल आदि स्टाफ सदस्यों सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने जीएसटी प्रणाली में सुधार किए जाने की वकालत की : सुरेश गोयल

**हिसार, 16 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री व पूर्व नगर निगम पार्षद सुरेश गोयल धूप वाला ने एक ब्यान में कहा की भारत में लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली ने एक देश, एक कर की अवधारणा को साकार किया है। उन्होंने कहा की हालांकि, इसके क्रियान्वयन के सात वर्षों बाद भी इसमें कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रहीं हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 जून को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करने जा रही हैं। इस बैठक को जीएसटी सुधार की दिशा में निर्णायक माना जा रहा है। धूप वाला ने कहा की अब तक समय-समय पर जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनेक संशोधन और दरों में बदलाव किए गए हैं। लेकिन कर संरचना अभी भी जटिल बनी हुई है। वर्तमान में 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की



विभिन्न दरें लागू हैं, जो आम उपभोक्ता और व्यापारियों दोनों के लिए असुविधाजनक और कभी-कभी तर्कहीन प्रतीत होती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दरों को केवल दो श्रेणियों-आवश्यक वस्तुएँ और अन्य वस्तुएँ-में सीमित किया जाना चाहिए। विशेष रूप से 28 प्रतिशत की विलासिता दर को भी यथासंभव कम करना समीचीन होगा। सुरेश गोयल ने कहा की इसके अतिरिक्त, इनपुट टैक्स क्रेडिट ( आईटीसी) रिफंड में आ रही जटिलताओं को भी दूर किया जाना चाहिए। व्यापारियों को अपनी लेखा पुस्तकों के सरलीकरण की भी वर्षों से अपेक्षा है। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि सामान्य व्यापारी भी बिना पेशेवर मदद के अपनी हिसाब-किताब संभाल सके। भाजपा नेता ने कहा की केंद्रीय बजट 2025-26 में आयकरदाताओं को दी गई राहत के बाद अब व्यापारी वर्ग को भी जीएसटी कानून में बड़े सुधार की उम्मीद है। यह कदम देश के व्यापारिक वातावरण को सरल, पारदर्शी और उदार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** डीसी नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इस सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। साथ ही हरित योग के तहत जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा 10 लाख औषधीय पौधों का 21 जून तक वितरण व रोपण किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है, इसको प्रदेश में आगे बढ़ाते हुए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के 1000 उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों को 12 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण तदर्थ योग के प्रभाव का आकलन योग समावेश के तहत किया जा रहा है। नशा पीड़ितों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर कार्यालय के समय अधिकारियों व सभी कर्मचारियों के लिए 5 मिनट का योगा ब्रेक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों के लिए सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग प्रशिक्षण के शिविर चल रहे हैं।

**योगा डे के लिए तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण**

डीसी नेहा सिंह ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति तीन तरह से पंजीकरण करवा सकता है। इनमें मोबाइल नंबर 9501131800 पर मिस कॉल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योग डे डॉट एचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करके और विभाग द्वारा तैयार किए गए बार कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं। रविवार तक 9 लाख 90 हजार ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है।

**ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार नागरिकों को योग के लिए बिठाया जाएगा। मेला ग्राउंड में जिलाभर के स्कूलों की छठी कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बिठाए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों से करीब 37 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं ने करीब 40 हजार योग साधकों को लेकर आने की तैयारी क है। वहीं पतंजलि योग पीठ की तरफ से हर गांव में योग शिविर लगाकर प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के लिए टी-शर्ट, पानी की व्यवस्था, रिफ्रेशमेंट, सर्टिफिकेट की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों के अलावा स्कूली स्टाफ को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो विश्व रिकॉर्ड की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। वहीं 20 हजार को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मैट वितरित किए जाएंगे।

**सुबह 5 बजे से शुरू होगा राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग करने वाले सभी 5 बजे से पहले अपनी सीट पर बैठ जाएंगे। करीब 5 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव मंच पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद संबोधित, योग, प्राणायाम किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश को संदेश होगा। करीब 7:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

# ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता बारे जागरूक किया गया

**यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) :** छछरौली ,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से खंड छछरौली के ग्राम पंचायत लोपो में विशेष रूप से भीषण गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम राजकीय माध्यमिक विद्यालय लोपो में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुल्तान सिंह ने की। इस अवसर पर जिला सलाहकार रजनी गोयल एवं जूनियर इंजीनियर धर्मवीर राठी, केमिस्ट नीरज मेहता की अगुवाई में जल घर के डोजर का निरीक्षण किया गया जो सही पाया गया। जिला सलाहकार रजनी गोयल ने जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियर धर्मवीर सिंह राठी, केमिस्ट नीरज मेहता लैब सहायक सुखविंदर सिंह, पंप ऑपरेटर सुलेमान , आंगनवाड़ी वर्कर प्रवीण कुमारी, आशा वर्कर रेखा रानी, हेल्पर मीना कुमारी, ओम प्रकाश मास्टर जी, राजवीर, जसबीर, प्रिंस राठी,विकसित, सूर्योदय, रामधन, सुमेर, कामिल, संजीव, सतपाल, विजय एवं अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे। गोयल ने जल एवं सीवरेज कमेटी के कार्यों के बारे अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और लगातार भूजल दोहन के कारण भू-जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जा रहा है अत: पानी का इस्तेमाल दूध की तरह करें। अपनी भावी पीढ़ी के लिए जल बचाये और आवश्यकता के अनुसार ही जल का प्रयोग करें, खुले चल रहे नलों पर टूंटी अवश्य



लगवाए, क्योंकि जल जीवन दाता है। पानी का सम्मान करें। डोर टू डोर जाकर भी नलों पर टूंटी की स्थिति जांची गई। पानी के सैंपल भी लिए और मौके पर ही पानी में क्लोरीन चेक की गई। केमिस्ट नीरज मेहता द्वारा पानी के केमिकल जांच के लिए वॉटर सैंपल लिए गए जो कि लैब से चेक किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कहीं भी पानी की पाइपलाइन नाली में ना पड़ी हो इसे तुरंत प्रभाव से नाली से बाहर निकाले, कहीं भी अस्वच्छ कनेक्शन न रहने दे, क्योंकि अस्वच्छ कनेक्शन से या लीकेज की वजह से पानी दूषित हो जाता है जिसे पीने से हम बीमार हो जाते हैं और दूषित जल की वजह से अनेकों जलजनित बीमारियों उल्टी,दस्त, हैजा के शिकार हो जाते हैं। अत: कहीं भी अस्वच्छ कनेक्शन न होने दे इसे तुरंत प्रभाव से हटाए। इस अवसर पर उन्होंने पानी के ऑनलाइन बिल जमा करवाने एवं टोल फ्री नंबर 1800180 5678 के बारे भी जानकारी दी। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियर धर्मवीर सिंह राठी ने कहा कि विभाग द्वारा 55 लीटर प्रति व्यक्ति की दर से पीने के पानी की सप्लाई की जाती है जिन व्यक्तियों ने अपने बाड़े-सब्जियों में पीने के पानी के अवैध कनेक्शन लगाए हुए हैं वह तुरंत प्रभाव से बंद करवा दे, नहीं तो विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन कटवा दिए जाएंगे। ग्रामीणों को जल संरक्षण के शपथ भी दिलवाई गई। सरपंच सुल्तान सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

# स्वस्थ शरीर होना ही मनुष्य का परम सुख है : योगाचार्य शीशपाल आर्य

**सफीदों, 16 जून ( एस.के मित्तल ) :** भारत विकास परिषद सर्पदमन शाखा के तत्वावधान में नगर के आर्य समाज मंदिर प्रांगण में चल रहे योग शिविर में लोग बढ़-चढ़कर भाग लेकर योग के गुर सीख रहे हैं। शिविर में योगाचार्य शीशपाल आर्य लोगों को विभिन्न योगासन करवाकर उन्हे उसके फायदों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। रविवार के शिविर में योगाचार्य शीशपाल आर्य द्वारा लोगों को पंचक्रिया, प्राणायाम, कपालभाति, अलोम-विलोम, मुल बंद समेत अनेक आसनों की विस्तार से जानकारी दी गई। अपने संबोधन में योगाचार्य शीशपाल आर्य ने कहा कि पहला सुख, निरोगी काया है। इसका



मतलब है कि स्वस्थ शरीर होना सबसे महत्वपूर्ण सुख है, क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन के अन्य सुखों का आनंद लेने में सक्षम बनाता है। यदि मनुष्य का शरीर स्वस्थ नहीं है, तो वह जीवन में किसी भी अन्य सुख का आनंद नहीं ले सकता हैं। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ मन निवास करता है। स्वस्थ मनुष्य ही अपना काम करने, अध्ययन करने, यात्रा करने का आनंद प्राप्त कर सकता है। आयोजक संस्था के अध्यक्ष संजीव दीवान व सचिव योगेश दीवान ने बताया कि यह निश्शुल्क योग शिविर हर सुबह साढ़े 5 से साढ़े 6 बजे तक लगाया जा रहा है। यह शिविर आगामी 21 जून तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ कमाएं।

# सफाई कर्मचारियों के कंधों पर है शहर की स्वच्छता का पूरा जिम्मा : माफी ढांडा

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उनकी सभी समस्याओं को समय से पूरा किया जाएगा। परिषद में सफाई कर्मचारी महत्वपूर्ण कड़ी है। शहर की सफाई का पूरा जिम्मा सफाई कर्मचारियों के कंधों पर ही है। उन्होंने कहा कि जिला नगर आयुक्त महोदय व कार्यकारी अधिकारी के निर्देश अनुसार नगर परिषद थानेसर द्वारा जो स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, उसके तहत शिव मंदिर में साफ सफाई का कार्य किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह भी सफाई के कार्य में नगर परिषद का साथ दें और अपने शहर को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने सोमवार को सरकार



के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेक्टर-7 के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कार्यक्रम में करीब 35 महिला व पुरुष सफाई कर्मचारियों को सफाई के कार्य में प्रयोग होने वाली किट वितरित की। नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि आज कर्मचारियों को मास्क, ग्लब्स व जैकेट दी गई है, क्योंकि सफाई कर्मचारी जैसे वातावरण में काम करते हैं। ऐसे में उनका स्वास्थ्य से संबंधित कई बीमारियों का होने का अंदेशा बना रहता है। इसलिए उनसे बचाव के लिए ग्लव्स होने जरूरी है। हाथों के द्वारा कई बार सफाई करते हुए कूड़ा कर्कट लग जाता है जोकि बीमारी का कारण बनता है। इसके अलावा सफाई करते हुए हर समय दुर्गंध से भी सामना करना पड़ता है इसलिए मास्क भी जरूरी है। नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि रोड पर कार्य करते हुए ट्रैफिक से बचने के लिए जैकेट दी गई है। सफाई कर्मचारी इन जैकेट को अपने कपड़ों के ऊपर पहन कर सफाई का कार्य करेंगे, क्योंकि रोड पर वाहन चालकों को यह रिफ्लेक्शन जैकेट जैकेट दूर से ही नजर आ जाती है और वे भी सचेत हो जाते हैं। इससे हादसे की संभावना काफी हद तक खत्म हो जाती है।

सफाई का संदेश दूर तक पहुंचाना जरुरी सेक्टर 7 से पार्षद मोहनलाल अरोड़ा ने कहा कि अभी हाल ही में सरकार द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है और योग दिवस भी बड़े स्तर पर कुरुक्षेत्र में ही मनाया जाएगा। ऐसे में सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास सफाई रखें, क्योंकि बाहर से काफी लोग आएंगे। यहां आकर उन्हें स्वच्छता का एहसास हुआ तो यह मैसेज दूसरे क्षेत्र में भी जाएगा। चेयरपर्सन को लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं से करवाया अवगत। चेयरपर्सन को लोगों ने क्षेत्र में आ रही परेशानियों से भी अवगत कराया, जिसमें उन्होंने बेसहारा पशुओं का मुद्दा उठाया। इस पर चेयरपर्सन ने कहा कि बेसहारा पशुओं को अब पानीपत और हिसार शिफ्ट किया जा रहा है। इसका कार्य लगातार जारी है। कुछ ही दिनों में आप देखेंगे कि हमारा शहर कैटल फ्री हो जाएगा। इसके बाद लोगों ने उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्षा के प्रतिनिधि मलकीत ढांडा, पार्षद सतीश गर्ग, विनोद सिंगला, अवनी गुप्ता, आईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज, फील्ड ऑफिसर अनूप सिंह, सुपरवाइजर राजेश कुमार, विशाल, सतबीर के अलावा सफाई कर्मचारी साहिल, अमित वीरेंद्र लक्ष्मी, सलोनी, सुमन, सुदेश, नीतू सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नगर पालिका में एनडीसी के भ्रष्टाचार को लेकर उपायुक्त के नाम का सौंपा ज्ञापन



**शाहाबाद मारकंडा, 16 जून ( रूबी ) :** नगर पालिका में एनडीसी के नाम पर भ्रष्टाचार का मामला बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जनसेवा मंच के संस्थापक प्रधान शुभम साहनी, शिवम कवातरा, जयनाथ पांडे, नरेश आहूजा, राजेंद्र सभरवाल, जय सलूजा, राघव दुआ,जगदीश पाल, रणजीत वर्मा शिकायत लेकर उपायुक्त के पास पहुंचे। उपायुक्त के न मिलने के कारण ज्ञापन सीटीएम डा. रमन गुप्ता को सौंपा गया। जानकारी देते हुए शुभम साहनी ने बताया कि पिछले लंबे समय से नगर पालिका में एनडीसी व अन्य मामलों को लेकर जांच की मांग उठाई जा रही है, लेकिन नपा अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। साहनी ने बताया कि ज्ञापन में उपायुक्त महोदय को कुछ प्रॉपर्टी आईडी नंबर दिए गए हैं ,जिनमें कुछ को पहले अप्रूव्ड किया गया और रजिस्ट्री होने के बाद अनअप्रूव्ड कर दिया गया। इसी तरह एक प्लॉट के दोनों तरफ के प्लॉट अप्रूव्ड हैं जबकि बीच के प्लॉट को अनअप्रूव्ड बताया जा रहा हैं । नगर में 30 से 50 वर्ष पहले बनी इमारतों से डेवलपमेंट चार्ज मांगे जा रहे हैं जबकि डेवलपमेंट चार्ज भरे बिना नक्शा पास नहीं होता है। साहनी ने कहा कि अधिकारी बेवजह जनता को परेशान कर रहे हैं। सभी ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र से मांग की है कि ज्ञापन में लिखी गई प्रॉपर्टी आईडी की जांच करवाई जाए, जिससे एनडीसी के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि शाहबाद की जनता को नपा अधिकारियों व कर्मचारियों के दुर्व्यवहार से निजात मिल सके।

# अब सुरक्षा किट पहनकर सफाई करते नजर आएंगे सफाई कर्मी

**यमुनानगर, 16 जून ( दिनेश कुमार ) :** शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। निगम की ओर से जहां सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वही सफाई कर्मियों की सुरक्षा पर भी ध्यान है। सफाई कर्मचारी सुरक्षित व स्वस्थ रहे, इसके लिए निगमायुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर निगम के 50 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट दी गई है। सीएसआई अनिल नैन, वार्ड 16 से पार्षद संदीप धीमान, आईईसी एक्सपर्ट व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को कर्मियों को सुरक्षा किट वितरित की गई। इस किट में रिफ्लेक्टर जैकेट, दस्ताने, मास्क व अन्य सामान है। अब सफाई कर्मचारी सुरक्षा किट पहनकर सफाई करते नजर आएंगे। किट पहनकर रात के समय सफाई करते समय हादसों का भी खतरा नहीं रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान में रखते हुए कर्मियों को गंदगी उठाने के लिए हाथों में दस्ताने पहनने के लिए दिए गए है। वहीं, मास्क सांस की बीमारियों से बचने में मदद करेगा। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर सोमवार को सीएसआई अनिल नैन ने विभिन्न वार्डो में कार्यरत सफाई कर्मियों को किट दी। सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि हमारे सफाई मित्र अर्थात



सफाई कर्मी दिनभर गंदगी में काम करते है। गंदगी को हाथों से साफ करते है। रात के समय सड़कों की सफाई करते है। दिनभर धूल मिट्टी में काम करते है। इसलिए उनकी सुरक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। रिफ्लेक्टर जैकेट से हादसे से उनकी सुरक्षा होगी। मास्क पहनकर सफाई करने से सांस के माध्यम से धूल व गंदगी शरीर में प्रवेश नहीं होगी। इससे उन्हें सांस की बीमारियों से बचाया जाएगा। हाथों में दस्ताने पहनकर गंदगी उठाने से उनके हाथ सुरक्षित रहेंगे। क्योंकि कचरे में कांच, सुई व अन्य नुकीले व धारदार सामान होता है। बिना दस्तानों के यह कचरा उठाने पर उनके चोटिल होने का खतरा रहता है। दस्ताने पहनकर सफाई करने से वे सुरक्षित होंगे। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच भी कराई जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। अपने शहर को साफ बनाए रखने के लिए खुले में कचरा न फेंके। कचरा केवल डोर टू डोर वाहनों में ही अलग अलग करके डाले। सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें। मौके पर स्नेह सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता सेन, सुदर्शन फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप बजाज, श्रीजी सेवा ट्रस्ट के सचिव नीरज कालड़ा, सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, सुशील कुमार, मुक्ता आदि मौजूद रहें।

# वृक्ष को वृक्ष नहीं अपने पुत्र के समान समझकर उनका संरक्षण करना चाहिए : सुरेश

**चिडाव, 16 जून ( प्रवीन कुमार ) :** गांव गुल्लरपुर में ग्राम पंचायत ने व्यामशाला में पौधारोपण किया। ग्राम सरपंच हिना देवी के नेतृत्व में समाजसेवी सुरेश कुमार ने पंचायत सदस्यों के साथ सैकड़ों पौधों का रोपन किया। समाजसेवी सुरेश कुमार ने कहा कि हमें पेडों को अपने पुत्रों के समान समझकर उनका संरक्षण करना चाहिए। जिस प्रकार माता पिता अपने पुत्र का पालन पौषण कर उसका संरक्षण करते है, उसी प्रकार हमें पौधारोपण कर अपने पुत्र की तरह उनकी देखभाल करनी चाहिए,तभी हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ सकते है। ग्राम सरपंच हिना देवी ने कहा कि जिस मनुष्य ने अपने जीवन में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य नही किया उसका जीवन असफल



है।

उन्होंने कहा कि हमें पेड पौधों की कटाई कर प्रकृति के साथ छेडछाड़ नही करनी चाहिए। पेड़ वर्षा लाने में सहायक होते है जिससे पानी की कमी को दूर किया जा सकता है। पेडों से हमें फल, छाया, आक्सीजन, दवाईयां व इंधन सहित अन्य कई वस्तुएं प्राप्त होती हैं। पेड़ पौधे से हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहता है। इस मौके पर योग सहायक रीना रानी, विशाल, दलीप सिंह, रामप्यारी सहित अन्य ग्राम पंचायत सदस्यों ने गांव में पौधें रोपित किए।

# योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1205 प्रतिभागियों ने लिया भाग : डॉ. सतपाल

**करनाल, 16 जून ( सोनी दुआ ) :** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जिला स्तर पर बनाई गई नोडल अधिकारी मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला करनाल में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि आयुष विभाग करनाल द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में करीब 1205 प्रतिभागियों ने भाग



लिया। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग करनाल द्वारा कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में योग कॉन्फ्रेंस व वर्कशॉप एवं जिला कारागार करनाल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का कार्यक्रम डायरेक्टर डॉक्टर महेंद्र कुमार गर्ग की देखरेख में आज योग सम्मेलन एवं वर्कशॉप का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। योग कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर डॉ महेंद्र गर्ग ने योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वल प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल, प्रोफेसर डॉ शरत गुप्ता, डिप्टी डीन डॉ गौरव कंबोज, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अर्चना भारती, हेल्थ इंस्पेक्टर मनोज, डॉ मनोज मित्तल, अतुल जैन डॉ नितिन रोहिल्ला ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ अमित ने नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के बारे में बताया एवं हमारा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम और पैरा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम किस प्रकार कार्य करता है हमारा मस्तिष्क चेतन, अर्धचेतन तथा अचेतन मन के तल पर कार्य करता है और ध्यान के माध्यम से हम किस प्रकार अपने मस्तिष्क में नकारात्मक विचार व तनाव को दूर करके शांति और आनंद पा सकते हैं अंत में डॉ अमित ने बताया कि जिन खोजा तिन पाइया के माध्यम से बताया कि परमात्मा कहीं बाहर नहीं मिलता परमात्मा आपके भीतर निवास करता है और हमें ध्यान द्वारा उसको प्राप्त करना है यही योग का उद्देश्य है और मानव जीवन का लक्ष्य है। इसी प्रकार द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार करनाल में जेल अधीक्षक जिला कारागार करनाल लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरेख में जिला कारागार करनाल में 31 मई से 21 जून तक आयुष विभाग करनाल द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को 805 कैदियों ने भाग लिया जिसमें योग सहायक गीता दहिया द्वारा महिला कैदियों को तथा मुकेश कुमार द्वारा पुरुष कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास करवाया जा रहा है।

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को लेकर मोहद्दीनपुर मंडल की बैठक आयोजित

**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मोहद्दीनपुर मंडल की बैठक सेक्टर-8 स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन राणा ने की, जबकि संचालन मंडल संयोजक धीरज खरकाली ने किया। इस अवसर पर मंडल सह-संयोजक राहुल तोमर, महामंत्री राजेश लाठर व विक्रम पाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बीते एक दशक में मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय सुरक्षा और



वैश्विक मंचों पर भारत की साख को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी एक माह तक चलने वाले जनजागरण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। इसमें बताया गया कि 19 से 21 जून तक बूथ स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि आयोजन होगा, 25 जून को काला दिवस के रूप में आपातकाल की बरसी मनाई जाएगी, 29 जून को 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण बूथ स्तर पर किया जाएगा,

वहीं 5 जुलाई से 15 अगस्त तक पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियाँ चलाई जाएंगी। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएगा, जिससे जनता सरकार की नीतियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ सके।

# जिला जेल में करवाया योग शिविर का आयोजन



**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस योग शिविर में बंदियों को योगा करवाया गया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन किया जाता है।

# बिजली विभाग द्वारा खुला दरबार आज

**कालका, 16 जून ( ललित धीमान ) :** आज 17 जून मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1: 00 बजे तक बिजली विभाग गाँधी चौक कालका में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सरचार्ज माफी योजना, तथा कृषि पंपों के विस्तार हेतु स्वैच्छिक प्राधिकरण योजना (वीडीएस)के प्रचार-प्रसार हेतु बिजली विभाग द्वारा खुला दरबार एवंम बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दरबार में संबंधित अधिकारीगण इस योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे व बिजली से संबधित शिकायतों का निपटारा भी करवायेगे। इस योजना का लाभ उठाकर आप अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं। सभी नागरिकों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहितकारी योजना की जानकारी प्राप्त करें।

## अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर अग्रवाल सभा ने जताया शोक



**रतिया, 16 जून ( अमन सेठी ) :** अग्रवाल सभा रतिया की एक विशेष बैठक रविवार शाम को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने की। इस बैठक में सर्वप्रथम बीते दिनों अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जान गवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने कहा कि बीते दिनों अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुखदायी व बेहद हृदय विदारक घटना है। यह हादसा पूरे देश के लिए एक दुखद क्षण है। इस दुखदायी घटना पर अग्रवाल सभा गहरा शोक व्यक्त करती है। प्रभु हादसे में जान गवाने वाली दिवगंत आत्माओं को शांति दे व शोक संतप्त परिवारों को यह गहन दुख सहने की शक्ति दे। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव राजकुमार सिंगला, सचिव जनक राज गोयल, कैशियर प्रेमचंद बंसल, राजू करंडी, हरिकेश मंगला, अशोक गर्ग, संजय मोदी, नरेश बंसल भूरा, दिनेश गोयल व मिट्ठू सिंगला साहित अग्रवाल सभा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बरवाला बस स्टैंड पर बागेश्वर धाम प्रेमियों द्वारा लगाई मीठे पानी की छबील



**बरवाला, 16 जून ( प्रवीन कुमार ) :** बरवाला के मुख्य बस स्टैंड पर बागेश्वर धाम के श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से मीठे जल की छबील लगाई गई। तीखी गर्मी में यह सेवा राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए राहत का माध्यम बनी। इस पुण्य कार्य में मनु सिंगला, विशाल, समर, निखिल, अंकित सिंगला, अंशुमान सिंगला, अभिनव शर्मा, आकर्षण, साहिल गुप्ता, रजत सिंगला और चीमा ने मिलकर सहयोग किया। सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राहगीरों को ठंडे मीठे पानी की सेवा दी। बागेश्वर धाम सरकार के प्रति आस्था से प्रेरित होकर युवाओं द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज में एक सकारात्मक संदेश छोड़ता है। आयोजन में सामाजिक समरसता और सेवा भावना की झलक साफ दिखाई दी। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपील की।

## जय श्रीश्याम मंडल ने सक्षम जिंदल व यशु बंसल को किया सम्मानित



**हिसार, 16 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** पूरे भारत में जेईई परीक्षा में सक्षम जिंदल ने द्वितीय स्थान पाकर हरियाणा प्रदेश व हिसार वासियों का नाम रोशन किया है। ऐसे होनहार विलक्षण प्रतिभा के धनी सक्षम जिंदल को जयश्री श्याम मंडल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही यशु बंसल को आईआईटी में चयन होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी, गोबिंद असीजा, राजेश शर्मा, प्रवेश बंसल, अमित अग्रवाल, डॉ. उमेश जिंदल, सूरजभान बंसल आदि मौजूद रहे।

## आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं : सुखबीर मान



**असंध, 16 जून ( दलसिंह मान ) :** जिला जूडो एसोसिएशन करनाल द्वारा आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा में लड़कियों की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस जूडो प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा के प्रधान सुखबीर मान ने शिरकत की और खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। सुखबीर मान ने लड़कियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। आज लड़कियां हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। आज लड़कियां खेल में मेडल प्राप्त कर अपने भारत देश का नाम देश और विदेश में रोशन कर रही हैं। आज हमारी लड़कियां देश की सीमाओं की रक्षा के लिए भी तत्पर रहती हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में की गई निंदनीय घटना का बदला हमारी दो जांबाज शेरनी बेटियों ने उनके घर में घुसकर मार कर लिया है। आज खेली गई जूडो प्रतियोगिता में आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा मुस्कान बुरा ने स्वर्ण पदक, दिल्ली की दीक्षा ने रजत पदक, अनन्या गुरुकुल मोर माजरा ने कांस्य पदक जीतकर नाम रौशन किया है। इस मैच के दौरान कृष्णा मान सैक्टरी जूडो संगठन करनाल ओम प्रकाश, दिलीप कुमार, नरेंद्र, बिजेन्द्र मान, जगत सिंह मान, बलवान शेरा, रितु कोच मौजूद रहे।

# आर्य वीर दल शिविर में बच्चों को मिलते है सकारात्मक विचार और संस्कार : सोहन सिंह राणा





**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र ) :** गांव घोघड़ीपुर में आर्य समाज द्वारा आयोजित 7 दिवसीय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का रविवार को समापन हो गया। सात दिवसीय शिविर में बच्चों ने योगासन, प्राणायाम, जूडो कराटे, लाठी का प्रशिक्षण वैदिक मान्यताएं एवं चरित्र निर्माण के साथ-साथ देश भक्ति व माता पिता तथा समाज सेवा की शिक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने मुख्यतिथि व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बलवान सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। आर्य समाज सभा की ओर से अतिथियों का बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने योगासन, लाठी, प्राणायाम, जूडो कराटे सहित विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर सबको हैरान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सोहन सिंह राणा ने कहा कि आर्य वीर दल बच्चों को जीवन मूल्यों, अनुशासन, नैतिकता और आत्म विकास से जुड़ी गतिविधियां सिखाकर एक सभ्य समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और अपने बच्चों को भी योग व प्राणायाम के लिए प्रेरित करें। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि आर्य वीर दल शिविरों में बच्चों को सकारात्मक विचार और संस्कार मिलते है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इन कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चे फोन से दूर रहेंगे और बच्चों को अच्छे विचार मिलेंगे। इस मौके पर आर्य समाज सभा के प्रधान बलविन्द्र आर्य, मंत्री ओम प्रकाश आर्य, कोषाध्यक्ष बलराज मान, शिविर संयोजक भोपाल सिंह आर्य, महेन्द्र आर्य, राजेन्द्र आर्य, जितेंद्र मान व डॉ. सतीश आर्य सहित आदि मौजूद रहे।

## सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी पाइप ब्लॉक होने की वजह से बैक मार रहा



**यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) :** वार्ड नंबर 10 की यमुना विहार कॉलोनी में सिवरेज की अव्यवस्था से हालात बद से बदतर हालत होने से यहां के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। कालोनी वासियों का कहना है कि हर तरफ गंदी बदबू फैली हुई है। सीवरेज के ढक्कन तक गायब हो गए है। यहां तक के कॉलोनी वासियों के घरों में भी सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी पाइप ब्लॉक होने की वजह से बैक मार रहा है, अभी मानसून की शुरुआत भी नहीं हुई लेकिन मानसून आने के पश्चात क्या हालत होने वाले हैं, इसकी कोई सूध लेने वाला नहीं है। कालोनी वासियों का यह भी आरोप है कि वार्ड नंबर 10 की भाजपा पार्षद किरण यादव वोट लेने के बाद यहां नज़र ही नहीं आई और न ही वह फोन उठाते है। भाजपा अपनी ट्रिपल इंजन सरकार का होने का दावा करती है लेकिन सरकारी काम करने में बिल्कुल नाकाम कर्मचारी आते हैं। सिवरेज के ऊपर से पानी निकाल कर चले जाते हैं। उनके जाने के एक घंटे बाद फिर पानी भर जाता है। पिछले 20 महीने से ज्यादा हो चुके हैं गुहार लगाते-लगाते कालोनी वासियों को, लेकिन अभी तक इसका पक्का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यहां तक कि निगम के जेई, एसडीओ के संज्ञान में भी यह मामला पहुंचा दिया गया था। लेकिन अभी तक इसका कोई भी समाधान नहीं किया गया। यहां तक की कई बार इसकी शिकायत सीएम विंडो पर भी की गई। लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आखिर नवनिर्वाचित मेयर को 10 नंबर वार्ड आखिर क्यों नहीं नजर आया आ रहा। कालोनी वासियों का कहना है कि अगर जल्द इसका समाधान नहीं किया गया तो हमें सड़कों पर उतरने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर बनारसी दास, विक्रम कुमार, मनोज कुमार, प्रीति, नीतू, नीलम, निधि, अमित कुमार आदि शामिल रहें।

# पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक और पॉलीथिन के प्रयोग करें बंद : सतेंद्र सिवाच



**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला नगर आयुक्त सतेंद्र सिवाच ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक और पॉलीथिन के प्रयोग कर रोक लगाना बहुत जरुरी है। प्रदेश सहित जिला में स्वच्छता अभियान चला हुआ है। शहरी निकाय की टीम द्वारा शहर में सफाई अभियान पर पूरा जोर दिया जा रहा है। उन्होंने शहर वासियों को अपील की है कि वो अपने-अपने घर के आस-पास सफाई रखें। यदि हर नागरिक ऐसी शुरुआत होता है कि इससे स्वच्छता का स्तर काफी बढ़ जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के तहत सोमवार आज प्लास्टिक मुक्त शहर के थीम पर नगर परिषद थानेसर ने छोटा बाजार और सब्जी मंडी में कपड़े के थैला का वितरण किया गया। हरियाणा सरकार स्वच्छ भारत मिशन कुरुक्षेत्र के सदस्य सुनील वर्मा और वाह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसवीर के द्वारा किया गया। उन्होंने लोगों को प्लास्टिक, पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए निवेदन भी किया गया। थानेसर नगर परिषद से आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज ने बाजार में उपस्थित जनमानस को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि पॉलीथिन को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए आपसी सहयोग बहुत ही जरूरी है। बिना आपसी सहयोग के पॉलीथिन जैसे बीमारी को दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं भी प्लास्टिक के गिलास व प्लेट का प्रयोग करती हैं। इससे पर्यावरण को बहुत अधिक नुकसान होगा है। ये गिलास सड़क पर फैल जाते हैं, जिससे उस क्षेत्र में गढ़गी व्यापक स्तर पर नजर आती है। वहीं इस प्लास्टिक के नालों से जाने से नाले जाम भी हो जाते हैं। बरसात के मौसम में ये बहुत बड़ी समस्या भी उत्पन्न कर देते हैं। इस अभियान में नगर परिषद थानेसर से राजेश चुघ, सब्जी मंडी से संजय, रामकुमार, अशोक उपस्थित रहे।

# शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने में सफाई कर्मचारियों का अहम रोल





**नीलोखेड़ी, 16 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** दिन हो या रात सफाई कर्मचारी शहर को साफ सुथरा बनाने में कभी पीछे नहीं रहते। नगरपालिका अध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा नगरपालिका में नगर को स्वच्छ बनाने में शानदार भूमिका निभाने पर सभी सफाई कर्मचारियो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर रही थी। नपाध्यक्ष ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने में सफाई कर्मचारियों के सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता। हमरी सेना बार्डर पर देश के दुश्मनों से हमारी रक्षा करती है। वहीं सफाई व्यवस्था को कायम रखते के लिए अपनी जीभ जान लड़ा देते हैं शहर की सफाई करके अपना फर्ज निभाते हैं। अस्वच्छता नामक शत्रु से शहर को बचाते हैं। तपती गर्मी हो या हो कड़क सर्दी अपनी जान जान की परवाह न करते हुए काम पर जाते हैं। भारत देश को स्वच्छ बनाने में दिल और जान लगा के काम करते हैं। सफाई कर्मचारियों को काम के साथ अपने स्वास्थय का भी ध्यान रखना चाहिए। हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए कृतसंकल्प है। समय समय पर कर्मचारियों को सफाई में पकाम आने वाली वस्तुओं का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर वार्ड 2 की पार्षद अंजना कुमारी, वार्ड 9 से पार्षद प्रतिनिधि अशोक अहलावत और वार्ड 13 से पार्षद प्रतिनिधि लवली कुकरेजा, नगरपालिका से सफाई इंचार्ज मुनीष कुमार, प्रेरक नरेश कुमार व संगीता रानी उपस्थित रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी। उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई ओपी सर्कल यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 17 जून को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 वर्ष से पहले के केस बिजली चोरी संबंधी मुकदमे कोर्ट में लंबित है, सुनवाई दरबार में नहीं होगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय तक सेक्टर 8 विद्युत सदन में पहुंचकर बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निवारण करवाएं।

## नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों से राज्य पुरस्कार के लिए मांगे ऑनलाइन आवेदन

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला समाज कल्याण अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए, सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों, संस्थाओं, नशा मुक्ति केन्द्रों, स्कूल व महाविद्यालयों को राज्य पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पुरस्कार प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाने है। इसके लिए आवेदनकर्ता 20 जून 2025 तक विभाग के पोर्टल अवाड.सोशलजस्टिसएचआरवाई.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति /संस्था / पंचायत जिस द्वारा वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में स्थानीय कार्य किया हो वह भी ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

## एसडीएम ने ली एनकोर्ड की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कैथल, 16 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** उप मंडल कार्यालय में नारको समन्वयक समिति ( एनकोर्ड ) की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम अजय हुड्डा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन का मिशन हर गांव को नशा मुक्त बनाना है। जिसकी लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ काम करें। उन्होंने खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करवाएं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेडिकल स्टोरों की समय समय पर चेकिंग करें। नगर पालिका सचिव को निर्देश दिए कि वे वार्ड सदस्यों को साथ लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और सभी वार्डो का नशा मुक्त बनाएं। इसके साथ साथ मानसून सीजन के दृष्टिगत सभी ड्रेनों व नालों की सफाई सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज : डीएसओ राज रानी

**कैथल, 16 जून ( प्रवेशबहादुर ) :** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता ( पुरुष व महिला ) 2024-25 का आयोजन 27 जून से 29 जून 2025 तक जिला पंचकूला में करवाया जा रहा है। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला स्तर पर खिलाड़ियों का ट्रायल होगा, इसके बाद चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों के ट्रायल 17 जून को सायं 4 बजे आरकेएसडी स्टेडियम में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में स्थापित विभागीय प्रशिक्षक केन्द्रों, निजी प्रशिक्षण केन्द्रों, शिक्षण संस्थाओं तथा कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों द्वारा अपने जिले से संबंधित दस्तावेज दिखाने होंगे, जैसे जिला का रिहायशी प्रमाण पत्र, बिजली का बिल, ड्राईविंग लाईसेन्स, पासपोर्ट, बैंक अकाउंट की कॉपी। यह प्रतियोगिता सीनियर स्तर की प्रतियोगिता है। जिला कैथल से निम्न भार वर्गों में राज्य स्तर पर कुल 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला ( ट्रायल के आधार पर ) व राज्य स्तर पर विभिन्न भार वर्गों में करवाया जाना है, जिसमें सीनियर ( महिला ) वजन 45 से 48 किलोग्राम, 51, 54, 57, 60, 65, 70, 75, 80 व 80 से अधिक किलोग्राम, सीनियर ( पुरुष ) वजन 47 से 50 किलोग्राम, 55, 60, 65, 70, 75, 80, 85, 90 तथा 90 से अधिक किलोग्राम शामिल होंगे।

## जन समस्याओं का तय समय सीमा में किया जाए समाधान : डीसी प्रीति



**कैथल, 16 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार एवं डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। यह शिविर मुख्यमंत्री की जन-सेवा, समर्पण और समाधान की सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। डीसी प्रीति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनका तय समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इन शिविरों में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पीपीपी आईडी में इनकम में त्रुटि तथा मेंबर जोड़ने से सम्बंधित, राशन कार्ड, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, पानी, अवैध कब्जे आदि से सम्बंधित समस्याएं रखी जाती हैं। काफी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाता है, शेष को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है।

जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार नागरिकों की सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

## लेजर लैंड लेवलर द्वारा करवाए खेत को समतल : कुलबीर सिंह

**करनाल, 16 जून ( परमजीत कौर ) :** सहायक कृषि अभियंता कुलबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में किसानों के खेत को समतल करने के लिए कस्टम हायरिंग पर लेजर लैंड लेवलर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जो किसान अपने खेत को समतल करवाना चाहते हैं वे किसान न्यूनतम राशि 1075/- ( 10 घंटे ) की दर से सहायक कृषि अभियन्ता, मुख्यालय हरियाणा, पंचकुला के खाते में चालान के माध्यम से जमा करवाएं।

उन्होंने बताया कि लेजर लैवलर चलाने हेतु चालान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में बनाया जाएगा चालान जमा करवाने उपरान्त चालान की प्रति, आवेदन व शपथ पत्र सहित सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि लैवलिंग का कार्य वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा। खेत को समतल करवाने के लिए ट्रैक्टर द्वारा खर्च डीजल किसान द्वारा वहन किया जायेगा । इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक कृषि अभियंता, उचानी करनाल के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# विराट, रोहित की जगह लेने के लिए पर्याप्त प्रतिभाएं-पोंटिंग





ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम को अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी महसूस होगी पर इनकी जगह लेने के लिए उसके पास पर्याप्त प्रतिभाएं हैं। पोंटिंग के अनुसार दिग्गज बल्लेबाजों की जगह लेना हमेशा ही कठिन होता है पर भारतीय टीम के पास पर्याप्त प्रतिभाएं हैं जो इस चुनौती को अच्छे से सामना कर सकती हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट शुरु होगा। ये सीरीज अगस्त 2025 तक चलेगी और प्रशंसकों व खिलाड़ियों के लिए इसमें एक भावनात्मक चुनौती भी रहेगी। पूर्व कप्तान के अनुसार रोहित और विराट के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद नये कप्तान शुभमन गिल की टीम को इंग्लैंड के कठिन हालातों में अपने को साबित करना रहेगा। इस दोरे में ध्रुव जुरेल, करुण नायर, अभिमन्यु ईस्वरन और साई सुदर्शन जैसे प्रतिभाशाली युवाओं के पासा अपने को साबित करने का अवसर है। पोंटिंग ने कहा कि इतने लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ियों की जगह लेना हमेशा ही मुश्किल रहा है पर इसमें अगर कोई टीम तेज से ऐसा कर सकती है तो वह भारतीय टीम है, क्योंकि उनके पास अभी काफी युवा प्रतिभाएं हैं। उन्होंने कहा कि मैंने 10 साल तक आईपीएल में यह देखा है। इससे निकले यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी क्रिकेट में आते ही धूम मचा रहे हैं। भारत स्किल को आसानी से बदल सकता है हालांकि अनुभव की कमी रहेगी। शुभमन जैसे युवा कप्तान के साथ, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं जिनका लाभ टीम को मिलेगा। पोंटिंग ने कहा कि पुनर्निर्माण के दौर का सामना भारतीय टीम बेहतर तरीके से कर सकती है। रोहित और विराट ने पिछले माह ही अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

**क्रिकेट में बढ़ रहा क्लब कल्चर**

जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने टी20 लीग में खेलने अचानक ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उससे ये संकेत मिल रहे हैं कि भविष्य में क्रिकेट में भी क्लब कल्चर आयेगा। मैक्सवेल और क्लासेन से पहले भी कई अन्य खिलाड़ियों ने भी ऐसा ही किया है। इसमें वेस्टइंडीज के सबसे अधिक खिलाड़ी हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम बेहद कमजोर हो गयी क्योंकि दिग्गज खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जगह लीग क्रिकेट को प्राथमिकता देने लगे। खिलाड़ियों इस बदलाव के पीछे व्यक्तिगत प्राथमिकताएं, वित्तीय लाभ, और खेल की बढ़ती व्यावसायिकता शामिल हैं। पहले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ही देश के बजाए फ्रेंचाईजी क्रिकेट को अधिक वरीयरता दे रहे था पर अब इनमे कई और देशों के खिलाड़ी भी शामिल होने लगे हैं। न्यूजीलैड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन सहित कई खिलाड़ियों ने केन्द्रीय अनुबंध देने से हंकार कर दिया है।

हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार विभिन्न देशों के 60 फीसदी सवे अधिक प्रमुख खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़कर केवल घरेलू फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने पर विचार कर रहे हैं. इसका मुख्य कारण लीगों में बेहतर वित्तीय अवसर और कम समय की प्रतिबद्धताएं हैं। इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्राथमिकता में कमी और लीगों की बढ़ती लोकप्रियता देखी जा रही है। जिस उम्र में खिलाड़ी सन्यांस ले रहे है वो खेल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है। खिलाड़ियों का यह रुझान अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है जो खेल की संरचना में बदलाव का संकेत देता है कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने इसपर चिन्ता जतायी है, और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है पर किसी भी देश के पास अपने स्टार खिलाड़ियों को रोकने के लिए कोई योजना नहीं है। खिलाड़ियों को केवल सेंट्रल अनुबंध देकर नहीं रोका जा सकता. मैक्सवेल और क्लासेन दोनों ने के संन्यास के कारण अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर के इस मोड़ पर व्यक्तिगत और पेशेवर कारणों का हवाला दिया है। .क्लासेन ने 33 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने पारिवारिक समय और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता दी है हालांकि वह फ्रेंचाइजी लीगों में खेलते रहेंगे। इससे जो संकेत मिल रहे है कि उनको अगले कुछ सालों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट के तमाम अनुबंध हैं। मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया, ताकि वह 2026 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर सकें और फ्रेंचाइजी लीगों में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें। एविन लुईस वेस्ट इंडीज के इस बल्लेबाज ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहने का फैसला किया। उन्होंने विभिन्न लीगों में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई है.

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने 2021 में फ्रेंचाइजी क्रिकेट से संन्यास लिया था पर वह आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने 2021 में रिटायरमेंट लिया वह भी लीग क्रिकेट में सक्रिया हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहे कम उम्र में जिस तरह से तमाम क्रिकेटर इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो रहे है उससे एक संकेत तो साफ है कि फ्रंचाइज क्रिकेट का बाजार और उसकी चमक धमक खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य के संकेत दे रही है।

# आईपीएल में सबसे बेहतर कप्तान के तौर पर उभरे श्रेयस अय्यर



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में भले ही अपनी टीम को खिताब नहीं जिता पाये हों पर वह एक बेहतर नेतृत्वकर्ता के रुप में उभरे हैं। श्रेयस ने जहां पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 10 साल बार खिताब जिताया था। वहीं इस बार पंजाब की कप्तानी करते हुए उसे 11 साल बाद फाइनल में पहुंचाने में वह सफल रहे। इस दौरान वह एक संयमित कप्तान के तौर पर उभरे हैं जो दबाव के बीच भी शांत बना रहता है। उनकी कप्तानी में एक बार दिल्ली कैपिटल्स भी फाइनल में पहुंची थी। श्रेयस महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद ही खास है क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ वह ऐसा करने में सफल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल के इस सत्र में 603 रन बनाये हैं। इस सब के बाद भी उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जो हैरानी की बात है। आईपीएल के पिछले सत्र में केकेआर ने रिटेन नहीं किया था जिसके लिए अब वह जरुर पछता रही होगी। वहीं इससे पंजाब को खासा लाभ हुआ। वहीं पिछले सत्र में शीर्ष पांच टीमों में भी शामिल नहीं थी पर इस सत्र में दूसरे नंबर पर आई है। श्रेयस के आने से पंजाब किंग्स को एक अच्छा बल्लेबाज और जुनूनी कप्तान मिला। ऐसा कप्तान जो करियर के उतार-चढ़ाव के बीच भी स्थिर बना रहता हो। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया होने के साथ रोहित शर्मा जैसा बिंदास व्यवहार भी है। आईपीएल के फाइनल में मिली हार के बाद भी अय्यर का मनोबल कम नहीं हुंआ और उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, 'अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। वहीं इंग्लैंड के लिए टीम में उन्हें शामिल नहीं किये जाने से पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग हैरान हैं। उनका कहना है कि इस झटके को भी श्रेयस ने आसानी से संभाल लिया। साथ ही कहा कि उसमें में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है।

दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ अपने फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। इन दोनों के बीच काफी पुराना रिश्ता है। साल 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर ही अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने। दिल्ली की फ्रेंचाइजी 2020 में आईपीएल फाइनल में पहुंची जो इस टीम की इस लीग की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। चोट के कारण ब्रेक लेने के बाद कैपिटल्स ने फैसला किया कि वे उन्हें टीम में बरकरार रख ऋषभ पंत को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। पंत उस समय के उभरते सितारे थे और कप्तानी की महत्वाकांक्षा रखते थे।

# आईसीसी के नियमों में फिर से बदलाव करने की तैयारी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुष वर्ग के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव की बात कही है। आईसीसी के अनुसार टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, एकदिवसीय के लिए 2 जुलाई और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 10 जुलाई से नियम बदलेंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी क्रिकेट समिति ने की थी। वहीं आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति ने ने भी बदलावों की अनुमति दी दी है। एकदिवसीय में गेंदों के के बारे में एक नया नियम और (सिर पर गेंद लगने पर) कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक नया नियम बनाया गया है

अब तक एकदिवसीय में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है पर अब नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद गेंद बदली जाएगी। वहीं पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए ये यह बदलाव किये जार रहे हैं। इसके अलावा आईसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक स्पष्ट बनाया जा सके जिससे मैचों के दौरान किसी भी तरह का संशय न हो। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची देनी होगी। इस सूची में प्रत्येक विशिष्ट भूमिका के लिए एक खिलाड़ी, एक बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर शामिल होना चाहिए।यह बदलाव हाल के मैचों में कुछ विवादों के बाद आया है। उदाहरण के लिए इस साल जनवरी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20आई मैच के दौरान बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को शामिल किया था। राणा ने तीन विकेट लिए जिससे इस तरह के प्रतिस्थापन की निष्पक्षता के बारे में सवाल उठ गये थे। ऐसे में नये नियम के तहत कि केवल समान विकल्प की अनुमति दी जाएगी।

# ग्लेन मैक्सवेल एवं हेनरी क्लासेन ने भी क्रिकेट को अलविदा कहा

**ग्लेन मैक्सवेल =**

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अब वह अपना ध्यान टी20ई पर केंद्रित करेंगे, विश्व कप 2026 में होना है। मैक्सवेल ने अंतिम बार कदिवसीय अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट की बात करें तो इस साल चैंपियंस ट्रॉफी खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वह आईपीएल 2025 में उतरे लेकिन चोट के कारण कुछ ही मैचों के बाद बाहर हो गये थे।



2012 में एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले मैक्सवेल दो बार विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान 149 एकदिवसीय मैचों में 4000 रन बनाए हैं। वहीं 79 विकेट लिए हैं। मैक्सवेल बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही समान रुप से प्रभावी रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 विश्व में में उन्होंने कठिन हालातों में दोहरा शतक लगाया था। मैक्सवेल ने अपने संन्यास को लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली को भी पहले ही जानकारी दे दी थी। फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान मैक्सवेल ने कहा था कि वह 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक नहीं खेल पाएंगे ऐसे में उनके लिए आगे खेलना बेकार है। मैक्सवेल ने कहा, मैंने उसी समय उनसे कह दिया था कि मुझे नहीं लगता कि मैं 2027 एकदिवसयी विश्व कप में खेल सकूंगा।

मैक्सवेल ने कहा कि अब समय आ गया है कि वह युवाओं को अवसर दे ताकि भविष्य के लिए टीम तैयार हो सके। साथ ही कहा कि अब मेरी जगह पर उन युवाओं के लिए योजना बनाई जाए जिन्हें 2027 विश्व कप के लिए स्थान मिलेगा। मैक्सवेल ने अपने करियर के दौरान 3990 रन, 4 शतक और 23 अर्धशतकों के साथ बनाए हैं। वहीं 201 रन उनका सबसे अधिक स्कोर है।

**हेनरिक क्लासेन =**

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। क्लासेन ने कहा है कि अब वह अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। क्लासेन ने पहले ही टेस्ट प्रारुप से भी संन्यास ले लिया था। उन्होंने केवल चार टेस्ट मैच खेले थे। ।क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना अंतिम एकदिवसीय मैच इसी साल मार्च में खेला था। क्लासेन ने संन्यास की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट किया , यह मेरे लिए कठिन दिन है। मैं इसी दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने के फैसला की घोषणा करता हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और मेरे परिवार के लिए क्या सबसे अच्छा रहेगा। यह सच में एक बहुत ही दुखी करने वाला फैसला था पर मैं इसी सही मानता हूं। पहले दिन से ही, अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान था। यह वह सब कुछ था, जिसके लिए मैंने एक युवा लड़के के रूप में काम किया था और जिसके बारे में सपना देखा था। देश की ओर से खेलना मेरे करियर का सबसे बड़ा सम्मान था और हमेशा रहेगा।



क्लासेन ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि यह फैसला मुझे ऐसा करने की अनुमति देगा। मैं हमेशाअपनी टीम का समर्थक रहूंगा। मैं करियर के दौरान मुझे और मेरे साथियों का समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा। 33 साल के क्लासेन ने साल 2018 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। क्लासेन ने 4 टेस्ट मुकाबलों में 104 रन बनाये जबकि 60 एकदिवसीय मुकाबलों में उन्होंने 4 शतक और 11 अर्धशतक की मदद से 2,141 रन बनाये। इस खिलाड़ी ने 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 1,000 रन बनाए हैं।

क्लासेन को मध्य क्रम के रूप में उनके आक्रामक छक्कों के लिए जाना जाता है।

क्लासेन टी20 विश्व कप-2024 में उपविजेता रही दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य भी थे।

# हमने सवाल उठाने वालों को करारा जवाब दिया-बुवामा

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत पर खुशी मनाने हुए कहा है कि हमारी टीम ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो हमपर संदेह करते थे। बावुमा के अनुसर कई लोगों ने उनकी टीम के फाइनल में पहुंचने पर सवाल उठाये थे1 उनका कहना था कि टीम कमजोर विरोधियों को हराकर फाइनल तक पहुंची है1 मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा '' एक टीम के रूप में हमने अपने को फाइनल में पहुंचाया। माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है जो हम पर संदेह करते हैं। सवाल उठाने वालों ने निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ उनकी जीत की ओर संकेत किया था पर उनकी टीम ने जीत के साथ ही करारा जवाब दिया। अंतिम दिन 278 रनों का पीछा करते हुए और लाल गेंद के क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर एक ऑस्ट्रेलियाई जैसी टीम को हराया। एडेन मार्करम ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शतक लगाया। बावुमा ने अपने साथी बल्लेबाज मार्करम की तारीफ की और कहा उनकी पारी अविश्वसनीय थी। आंकड़े महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हम चरित्र को देखते हैं और वह एडेन में है। हमारे लिए एक और बेहतरीन खिलाड़ी। कप्तान ने स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की भी जमकर प्रशंसा की । जिन्होंने फाइनल से पहले आलोचनाओं के घेरे में आने के बाद दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करके मैच का रुख ही पलट दिया।

**कमिंस ने माना दक्षिण अफ्रीकी टीम का प्रदर्शन बेहतर रहा**



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूयटीस) का खिताब नहीं जीत पाने पर निराशा जताते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीकी टीम ने बेहतर खेला और इसलिए वह जीत की अधिकारी थी। दक्षिण अफ्रीकी ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए बनाये रखा जिससे उसे पांच विकेट से जीत मिली। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने एक समय मुकाबले पर बढ़त बनायी हुई थी पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे। कमिंस ने कहा '' चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं। हमेशा कुछ चीजें होती हैं। हमारे पास पहली पारी में अच्छी बढ़त थी और हमने उन्हें दूसरी पारी मे आउट करने का प्रयास किया पर सफल नहीं रहे। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत मज़बूती से की, पहली पारी में 67 रन की अहम बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में उसकी बल्लेबाज विफल रही जिससे अफ्रीकी टीम को अवसर मिल गया। एडेन मार्करम की शानदार बल्लेबाजी से उसे जीत मिली कमिंस ने कहा '' ऐसा लग रहा था कि विकेट सपाट हो गया है उसके बदलने की उम्मीद थी पर ऐसा नहीं हुआ। स्पिनर नाथन लियोन को कोई विकेट नहीं मिला। कमिंस ने मार्करम की बल्लेबाजी की प्रशंसा की। साथ ही किा कि दक्षिण अफ्रीका चैंपियन बनने की अधिकारी थी।

ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी चक्र में अच्छा पर लॉर्ड्स में वह अपनी लय बनाये नहीं रख पाये। साथ ही कहा कि यह दो साल शानदार रहे हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में बने रहने और अवसरों का फ़ायदा उठाने की दक्षिण अफ़्रीका की क्षमता की प्रशंसा की।

**तमिलनाडु प्रीमियर लीग में एक गेंद पर तीन बार रनआउट का मौका हाथ से निकला**

यहां जारी तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) 2025 के एक मैच में एक अनूठा वाकया सामने आया। यहां डिंडीगुल ड्रैगन्स और मदुरै पैंथर्स के बीच मैच में एक ही गेंद पर तीन बार रन आउट का मौका निकल गया। इस दौरान यहां अंपायर और बल्लेबाज तक हंसने लगे। इसका एक विडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इस मुकाबले में हालांकि डिंडीगुल ने मदुरै को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में डिंडीगुल ड्रैगन्स के तेज गेंदबाज गणेशन पेरियास्वामी की वाइड यॉर्कर गेंद को गुरजपनीत सिंह ने कवर्स में मारा। डिंडीगुल के कप्तान रविचंद्रन अश्विन, जो कवर्स पर खड़े थे, ने गेंद को उठाया और नॉन-स्ट्राइकर एंड की तरफ फेंका पर पेरियास्वामी गेंद को नहीं पकड़ पाए। इससे मदुरै के बल्लेबाजों रन के लिए दौड़ पड़े। अश्विन के थ्रो के बाद डीप स्क्वायर लेग फील्डर ने गेंद को पकड़ा और स्ट्राइकर एंड की ओर फेंका जिसे इस बार विकेटकीपर बाबा इंदिराजीत पकड़ नहीं पाये। उसके बाद एक और थ्रो किया उसे भी पकड़ा नहीं जा सका। इस प्रकार डिंडीगुल ने एक ही गेंद पर तीन रनआउट के अवसर खो दिये।

**ऑस्ट्रेलियाई कोच मैकडॉनल्ड ने टीम में बदलाव के संकेत दिये**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीसी) फाइनल में अपनी टीम की हार पर निराशा जतायी है। कोच ने कहा कि अब नये डब्ल्यूसीसी चक्र में टीम बदलावों के साथ उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम लॉंड्र्स की दूसरी पारी में बल्लेबाजी में विफल रही थी। मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा गया था जिससे वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को तीसरे नंबर पर उतारा जा सके पर ये प्रयोग विफल रहा। लाबुशेन रन बनाने में असफल रहे। उनके अलावा ख्वाजा और ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक पाये।

मैकडॉनल्ड ने कहा, इस टेस्ट मैच से पहले पारी की शुरुआत को लेकर काफी बात हुई थी और मैं ओपनिंग संयोजन की जरूरत के बारे में बात कर रहा था। हमने वहां कुछ बदलाव किये पर अब समय आ गया है कि किसी को स्थायी तौर पर रखा जाये। हमको यह कहना होगा कि इस टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका बेहतर था। हमें उन सुधारों पर ध्यान देना होगा जो हमें करने की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

इस सत्र में लाबुशेन का औसत सिर्फ 27.82 रहा है, और ऐसे में उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज में शायद ही जगह मिले। मैकडॉनल्ड ने जोर देकर कहा कि वह टीम के भविष्य का एक बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, उस उम्र में टेस्ट क्रिकेट में 45, 46 का औसत रखने वाला कोई भी खिलाड़ी महत्वपूर्ण है। हमारे पास ऐसे पुराने खिलाड़ी हैं जो शुरुआत की तुलना में अंत के करीब हैं। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो आ रहे हैं।

# बालटाल भंडारे के लिए दो लाख का चेक देकर ट्रकों को दी हरी झंडी

निसिंग, 16 जून ( जोगिंद्र सिंह ) : अमरनाथ के बालटाल में हर वर्ष लगने वाले भंडारे के लिए श्री अमरनाथ सेवा मंडल की निसिंग शाखा सदस्यों ने दो लाख रुपए की सहयोग राशि का चेक दिया। ताकि भंडारे का पुण्य फल प्राप्त हो सके। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी राजकुमार गोयल ने मंदिर प्रधान लाला रोशन लाल गोयल और मुनीश कुमार के साथ सेवा मंडल प्रधान विजय सिंगला का फूल मालाओं से स्वागत किया। इससे पहले उन्हें बैंड बाजे के साथ अग्रवाल धर्मशाला से स्थानीय शाखा कार्यालय तक धूमधाम से लाया गया। वहीं खाद्य सामग्री से भरे ट्रकों को हरी झंडी देकर बालटाल के लिए रवाना किया। इन्होंने बताया कि इस बार अमरनाथ में 29 वां भंडारा है। जिसमें सहयोग के लिए लगातार लोग जुड़ रहे हैं। बढ़ चढ़ कर सहयोग राशि दे रहे हैं। शाखा की ओर से सर्वप्रथम 51000 का चेक दिया जाता था। लोगों की बाबा बर्फानी में अपार श्रद्धा बढ़ने के साथ ही भंडारे के लिए खाद्य सामग्री एवं राशि में भी बढ़ोतरी होती गई। सहयोग राशि देकर लोग अमरनाथ में भंडारा देने का पुण्य फल प्राप्त कर देते हैं। बालटाल में 30 वर्षो से



करनाल शाखा का लगातार 2 महीने तक भंडारा चलेगा। राजकुमार गोयल ने कहा कि मनुष्य के द्वारा किए गए कर्म ही साथ जाते हैं। बाकी सबकुछ यहीं आकर मिलता और यहीं रह जाता है। परलोक में रुपया नहीं केवल पुण्य की करेंसी चलती है। लोगों को धर्म कर्म दान पुण्य के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। भजन और दान से जीव के मोक्ष का रास्ता प्रशस्त होता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को भंडारे में दान के लिए प्रेरित किया। मनीष गर्ग ने बताया कि क्षेत्र से सैकड़ो लोग भंडारे में सेवादार बनकर बालटाल में श्रमदान का पुण्य लेते है। श्री सनातन धर्म शिव मंदिर प्रधान लाला रोशन लाल गोयल ने कहा कि वर्ष 1995 में लाला मिथन लाल अमरनाथ दर्शन के लिए गए थे। उन्हें जिस भी व्यवस्था में कमी दिखाई दी। उसे पूरा करने की ठानी और श्री अमरनाथ सेवा मंडल की स्थापना की। बालटाल में भंडारा शुरू किया। तभी से आज तक बर्फानी भक्तों के सहयोग से भंडारा लगाया जाता है। जिसे अब उनके सुपुत्र विजय सिंगला जारी रखे हुआ है। मौके पर दिनेश गोयल, दीपक गोयल, अमित गोयल, चंदन सुबा राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया

यमुनानगर, 16 जून ( संजीव कुमार ) : जगाधरी, हनुमान गेट स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसके दौरान साध्वी सरस्वती भारती जी ने आध्यात्म के कुछ गूढ़ सूत्रों पर मनन करते हुए कहा कि संशय और विश्वास दोनों ही हमारे अंतःकरण की अवस्थाएँ है।अंतर केवल इतना है कि अन्तःकरण की तामसिकता संशय को जन्म देती है और सात्विकता विश्वास को प्रकट करती है। हमारी आत्मा सच्चिदानन्द स्वरूप एवं परम आनंद स्वरूप,परमपिता परमात्मा का अंश है जिसमें प्रेम, श्रद्धा विश्वास, समर्पण जैसे गुण सुषुप्त रूप से विद्यमान् हैं किन्तु हमारी आत्मा के इन दिव्य गुणों पर कलियुग और माया का आवरण तब तक पड़ा रहता है जब तक आत्मा को अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान नहीं होती। जब जीवन में एक पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरू ब्रह्मज्ञान के द्वारा अपने शिष्य के प्रारब्ध और संचित कर्मों की मलिनता को साफ़ करके उसकी आत्मा का परिचय परमात्मा के प्रकाश स्वरूप से करवाते हैं तब शिष्य के सुषुप्ति में पड़े हुए सद्गुण अंत करण से उघड़ कर उसके व्यक्तित्व में झलकते हैं। गुरु बाहर से अपने शिष्य को कुछ नहीं देता अपितु वे तो अपने तपोबल का संबल प्रदान कर के उसकी आत्मा को इतना सशक्त बनाता है कि वह आत्म साक्षात्कार के द्वारा स्वयं के अलौकिक अस्तित्व का बोध कर पाए और सृष्टि के कण कण में उस परम तत्व का दर्शन करे जो भीतर ही विद्यमान् था। श्रीमद् भगवद् गीता में श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को समझाते हुए कहते हैं कि मानव के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करने वाले तीन गुण होते हैं। सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण मनुष्य के जीवन के वो आधार हैं जिन पर उसके जीवन की सभी क्रियाएं और प्रतिक्रियाएँ निर्धारित होती हैं। जब मनुष्य निरंतर ध्यान साधना करते हुए इन गुणों को अपने आत्म बल और परमात्मा में विश्वास के द्वारा संतुलित कर के अपने जीवन में उतारना सीख लेता है तब उसका जीवन औरों के लिए भी सुखदायी एवं कल्याणकारी हो जाता है। जब तक आत्मा के ऊपर तमोगुण का आवरण पड़ा रहता है तब तक



आत्मसाक्षात्कार असंभव है। तमोगुण ही संशय को जन्म देता है क्योंकि संशय उस अंधकार की तरह है जो प्रकाश की अनुपस्थिति में स्वतः ही प्रकट हो जाता है। जब आत्मा अपने सहज स्वरूप को जान लेता है तो कदाचित अविश्वास और संशय के लिए कोई स्थान ही नहीं रहता क्योंकि जिसने अपने नेत्रों से ही सूर्य का दर्शन कर लिया हो तो वह कदाचित किसी के भी कहने से कभी सूर्य के अस्तित्व पर संशय नहीं कर सकता। जब तक अपनी इच्छाओं की पूर्ति और भोग संसाधनों की प्राप्ति ही हमारी भक्ति का आधार है तब तक भक्ति में संशय और संदेह आना अवश्यंभावी है किंतु जब सात्विक गुणों से परिपूरित होकर एक आत्मा अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है तो वह अपने परम लक्ष्य से एकत्व स्थापित कर लेता है, जिसके पश्चात उसके भीतर का विश्वास एक प्रखर सूर्य की तरह प्रकट होता है जो उसके संपर्क में आने वाले कई जीवों के अंतःकरण को भी विश्वास की रश्मियों से प्रकाशित कर देता है। यदि लौकिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो विश्वास हमारे सांसारिक संबंधों को निभाने के लिए अति आवश्यक है क्योंकि संशय की एक चिंगारी हमारे कई वर्षों के जुड़े हुए संबंधों को भी तोड़ने के लिए पर्याप्त है। ये मन का विश्वास ही होता है जो एक हारे हुए मनुष्य को पुनः खड़ा कर के उसे विजयश्री दिला देता है किंतु एक संशयग्रस्त मनुष्य चिंता, तनाव और कई प्रकार के कष्टों का सामना करते हुए स्वयं ही अपने जीवन की हानि करता है।

विश्वास वह सुगंध है जो जीवन को अलौकिक आनंद प्रदान करती है लेकिन संशय जीवन में घुटन व संकीर्णता देकर हमारे जीवन का पतन कर देती है। अब चुनाव हमारा है कि हम अपने जीवन में विश्वास रूपी सुगंध का आलिंगन करते हैं अथवा संशय रूपी दुर्गंध से अपने ही जीवन की क्षति। सत्संग कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

# विधानसभा के 40 गांवों की युवतियां सिलाई सीखकर बनेंगी आत्मनिर्भर : कैलाश सैनी

लाडवा, 16 जून ( रामगोपाल ) : मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के 40 गांवों की युवतियों को सिलाई सीखकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के योजना के तहत सरकार अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार और रोजगार सृजन के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के उपायों को अपना रही है। इनमें से सिलाई केन्द्र खोलना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चारों मंडलों में एक-एक ब्यूटीशियन सेंटर, सोलर रिपेयर केन्द्र भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी सोमवार को स्कील फाउंडेशन गुरुग्राम के सहयोग से गांव बिहोली, रामसरण माजरा, बकली और बपदी में तैयार किए गए सिलाई सेंटरों का उद्घाटन किया। उनके साथ स्कील फाउंडेशन गुरुग्राम के एजीएम आरके सिंह भी मौजूद रहे। प्रत्येक गांव में एक ग्रुप में 50-50 महिलाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के सभी मंडलों में एक-एक सिलाई सेंटर की शुरूआत की गई है। इन केंद्रों पर अंत्योदय की नीति से महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रत्येक सिलाई सेंटर पर



आस-पास के 10-10 गांवों को कवर किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार की अंत्योदय नीति का उद्देश्य प्रदेश के सबसे गरीब परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। अंत्योदय परिवारों को स्वयं का रोजगार खोलने और पहले से चल रहे रोजगार में विकास करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी परिवार पहचान पत्र के तहत पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि अंत्योदय की योजना के तहत सरकार छोटे व्यवसायों को ऋण प्रदान कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य अंत्योदय परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। इस मौके पर स्कील फाउंडेशन गुरुग्राम के एजीएम आरके सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सुनील, ओम प्रकाश, कौशल सेन, भीम केडथला, शिव राम, अनिल टाटकी, रिंकू कश्यप, डिम्पल सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को दिया स्वच्छ सम्मान

करनाल, 16 जून ( परमजीत कौर ) : स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को नगर निगम करनाल की ओर से सम्मानित किया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को स्वच्छ सम्मान से नवाजा। इनमें 44 पुरुष एवं 3 महिला सफाई कर्मी शामिल हैं। सम्मान पाकर कर्मचारियों के चेहरों पर मुस्कान के साथ काफी उत्साह भी था। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर रोजाना अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही हैं। स्वच्छ सम्मान गतिविधि भी इन्हीं में से एक है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की प्रत्येक बीट में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक



सफाई कर्मी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि जोन नम्बर 1 से 12 सफाई कर्मचारियों, जोन नम्बर 2 से 18, जोन नम्बर 3 से 8 तथा जोन नम्बर 4 से 9 सफाई कर्मचारियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार के नेतृत्व में सफाई निरीक्षकों की जोन अनुसार टीम गठित की गई थी। यह टीम प्रत्येक बीट में जाकर लगातार अपनी निगरानी बनाए हुई थी। टीम द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों के आधार पर उपरोक्त कर्मचारियों का चयन किया गया था। इनमें कर्मचारी का पूरी वर्दी में होना, हाजिरी, समय से ड्यूटी पर उपस्थित होना, आपातकाल ड्यूटी पर तुरंत आना, कार्य में कौताही न बरतना, कर्मचारी की शिकायत न आना तथा अपने कार्य को पूरी निष्ठा व लगन से करना जैसे मापदंड तय किए गए थे। नगर निगम आयुक्त ने अपने संबोधन में शानदार कार्य करने के लिए सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव के पत्थर होते हैं। आज करनाल शहर स्वच्छ और सुंदर है तो इसका श्रेय स्वच्छता के वाहक कर्मचारियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं ईश्वर भी निवास करते हैं। स्वच्छता के कार्य में सबसे ज्यादा योगदान सफाई कर्मचारी दे रहे हैं। ये लोग बिना समय की परवाह किए सडक़ों, प्लॉट, नालियों एवं नालों की सफाई कार्यों में जुटे नजर आते हैं। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों से अपील करते कहा कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करें और इसकी शुरुआत स्वयं से करें। इसके पश्चात वह अपने घर, गली, क्षेत्र व मौहल्लों में जागरूकता फैलाकर इसे अपने जीवन से समाप्त करने बारे नागरिकों को कहें। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील करते कहा कि देश का सच्चा नागरिक होने के नाते हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम सब भी सफाई का ख्याल रखें और अपने आस-पास गंदगी न होने दें। प्रत्येक नागरिक के प्रयास से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में मदद मिलती है। इस मौके पर सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, मनदीप सिंह व संदीप कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह, स्वच्छ भारत मिशन टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर महेन्द्र सिंह, कुलदीप व दीपमाला, लिपिक अंकित तथा आई.ई.सी. एक्सपर्ट विनोद दहिया मौजूद रहे।

# ग्लोबल जैम अवॉर्ड से सम्मानित हुई देश की महान शख्सियतें

करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर गवर्मेंट के टूरिज्म डिपार्टमेंट के सहयोग से करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विश्व विख्यात बिजनेस टायकून एवं शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक, गठबंधन व चुनाव डॉ अभिषेक वर्मा ने मुख्य के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेता रज़ा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानुशाली और फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल रहे।



कार्यक्रम में वीवीआईपी गेस्ट एम डी मुख्तार अंसारी निकोल वर्मा, डॉ वृप्पू संजीवा राव, सज्जाद अली खान, उमेश कुमार अग्रवाल, सविता चौहान, नजाकत चौधरी, विजय राव, सतीश कुमार प्रजापत, डॉ आशीष मलिक रहे। इस अवसर पर डॉ अभिषेक वर्मा ने कहा कि हमसी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जो सिर्फ विकासशील नहीं बल्कि चरित्रवान एवं ईमानदार हो। इस अवसर पर ग्लोबल जैम अवॉर्ड से पवन शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, लक्की संधू, कृपाल सिंह कटारिया, आशीष कुमार सिन्हा, डॉ सबरीराजा डी, संजय सिंघल, सुमित पूजाना, चांद किरण शर्मा, मोहित कौशिक, संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार सहगल, रोहित शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, डॉ संजीव शर्मा, डॉ सुरेश्री सागरिका जैना, आशुतोष चतुर्वेदी, हरजीत सिंह,नीरज गुनियाना, सुल्तान सिंह, प्रियंका राजीव गोयल, अशोक बजाज, योगेश गोयल, विकास जैन, सुरेन्द्र कुमार, एडवोकेट संजीव शर्मा, डॉ नितिन कुमार गोयल, हीरा लाल, पिंकी देवी, डॉ आशीष सांगवान, रवि कुमार, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, डॉ राशी मान, सोनू लाल बरनवाल, विनोद मोदगिल, खुर्शीद आलम, संतोष विष्णु, नदीम कबीर शेख, मोहम्द उमर, देवव्रत आर्य, सुशील कुमार, अलीमुदीन, अहसान अली, सतेंद्रा, ज़ुबेर, अर्जुन कुमार, अजीज अंसारी, जयदेव मंडल, इंद्रनील मंडल, सुजीत घोष, रणजीत गिरी, बसंत ठाकुर, दिवाकर मंडल, अरविंद, मोहमद अकील खान, अमरेश बिस्वास, देवप्रसाद, सीमा गोदारा, पार्थ घोष, राजकीरण घर, इमरान, भीखम साहू, विजयेंद्र कुमार, सत्यनारायण सोनी, दीपक कुमार जायसवाल, प्रवेश, शीतल साहू, हनीफ, संतोष, विमल, राशिद, मोहमद महताब सैफी, विनोद, संजय, गौतम, राजू घोष, योगी साहू, राजेश यादव आदि को सम्मानित किया गया।

# पेड़-पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी जरूरी : डीएसपी राजीव कुमार

करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ) : शहर के उत्तम सिंह स्थित छठ पूजा घाट पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएसपी राजीव कुमार ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। पार्षद पप्पू लाठर, पूर्व पार्षद रोहताश लाठर, पदम सिंह द्वारा बुके देकर मुख्यतिथि। डीएसपी राजीव कुमार व अन्य अतिथियों ने पार्क में त्रिवेणी लगाकर पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी राजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना अति आवश्यक है। पेड़ हमें केवल छाया, फल व लकड़ी ही नहीं देते बल्कि संजीवनी रूपी आक्सिजन भी देते है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। वहीं डीएसपी राजीव ने संदेश देते



हुए कहा कि हम सभी को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी बेहद जरूरी है। अक्सर देखभाल ना करने के कारण पौधे विकसित नहीं हो पाते। इसलिए हम सभी का कर्त्तव्य बन जाता है कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें, तभी पौधे लगाओ और पर्यावरण बचाओ का संदेश सार्थक हो पाएगा। वहीं पार्षद पप्पू लाठर, पूर्व पार्षद रोहताश लाठर, पदम सिंह ने कहा कि पर्यावरण बचाना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। आज भी कुछ लोग पेड़ों को काट रहे है। कोरोना काल के दौरान आक्सिजन की कमी से लोगों को किस तरह से जुझना पड़ा था। इसलिए हमें पेड़ नहीं काटने चाहिए। पेड़ सुरक्षित रहेंगे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी गुरमत समागम में कल पहुंचेंगे एचएसजीपीसी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा



रतिया, 16 जून ( अमन सेठी ) : हर साल की तरह इस साल भी श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। इसी संबंध में आज गुरुद्वारा पुराना बाजार रतिया में श्री अखंड पाठ आरंभ किया गया जिसका भोग 18 जून को डाला जाएगा। श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा ट्रस्ट गतका अखाड़ा के प्रधान फतेह सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे विशेष सहयोगी श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा ट्रस्ट के सदस्यगण व क्षेत्र की समूह संगत द्वारा 18 जून को प्रकाश पर्व व गुरमत समागम किया जाएगा। इस महान गुरमत समागम में रागी ढाडी व कथा वाचक सिक्ख संगत को गुरु इतिहास के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। जरनैल सिंह खालसा ने भी जानकारी देते हुए बताया कि इस समागम में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए प्रधान जगदीश सिंह झींडा विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। और क्षेत्र की संगत द्वारा गुरुद्वारा साहिब के संबंधित अनेकों मांगे प्रधान के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र की सिक्ख संगत से अपील की है कि इस धार्मिक कार्यक्रम में जरूर हिस्सा लें। इस मौके पर गुरचरण सिंह, डॉ. शीशपाल खोखर, भोला सिंह, जयपाल सिंह, मास्टर मंजीत सिंह, सुरेंद्रपाल सिंह, रूप सिंह, शेर सिंह खोखर, जगजीत सिंह, ग्रंथि किशन सिंह, अर्शदीप सिंह, मैनेजर वीरेंद्र सिंह, क्लर्क अमृतपाल सिंह मौजूद रहे।

# स्त्रियों द्वारा किए जा रहे जघन्य अपराधों पर चिंतन की जरूरत : अरविंद शर्मा

सफीदों, 16 जून ( एस.के मित्तल ) : विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कहा कि आज समाज को स्त्रियों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर गहन चिंतन और मनन करने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्त्रियों /महिलाओं द्वारा किए जा रहे जघन्य अपराधों की बढ़ती हुई गिनती हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रही हैं कि इन साधारण सी दिखने वाली स्त्रियों (जिसमें मेरठ मर्डर केस की मुस्कान, मेघालय मर्डर केस की सोनम रघुवंशी, औरैया मर्डर केस की प्रगति यादव, हरियाणा (भिवानी) मर्डर केस की रवीना और भी कई शामिल है) के ऐसे अपराध करने का कारण व उसके पीछे की मानसिकता क्या है? इन अपराधों का दोषी कौन है? क्या हमारे समाज का दायित्व नहीं है कि ऐसे अपराधों के ऊपर मजाक बनाना छोड़कर इनके ऊपर गहन चिंतन व विचार करें। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया पर नीला ड्रम व हनीमून आदि विषयों पर घटिया मजाक बनाए जा रहे हैं। क्या यह भारतीय संस्कृति की धरोहर बनेगी। सभी को चाहिए कि ऐसे विषयों पर मजाक ना बनाकर उसके कारण व निवारण पर चिंतन करें ताकि जिस समाज में हम रह रहे हैं उस समाज में से धर्म व संस्कृति का पतन न हो। स्त्रियों द्वारा किए जा रहे अपराधों को वर्तमान और भविष्य के लिए चेतावनी समझें और इस पर विचार करके इनके कारण व निवारण के बारे में अवश्य सोचे क्योंकि हमें जरूरत है पारिवारिक व सामाजिक ढांचे को जागरूक करने व बदलने की।

# हकृवि में परीक्षाएं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न : डॉ राजबीर गर्ग

हिसार, 16 जून ( मनमोहन शर्मा ) : जिला प्रशासन की देखरेख में आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। स्ट्राइक कर रहे छात्रों द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से परीक्षा में बाधा डालने की भी कोशिश की गई। इसके बावजूद भी 50 से अधिक छात्र एवं छात्राएं परीक्षा देने के लिए आए व 100 से अधिक एमएससी और पीएचडी छात्रों ने अपने विभाग में आकर अपनी हाजिरी लगाई और अपने रिसर्च से संबंधित कार्य किए। ज्ञात रहे की आज सभी विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं थी और कुछ छात्रों ने मेडिकल ग्राउंड पर परीक्षाएं न देने की भी सूचना दी। विश्वविद्यालय द्वारा आंदोलनरत छात्रों के समाधान के लिए गठित की गई कमेटी के अध्यक्ष व अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन आंदोलन कर रहे छात्रों से एक बार पुनः अनुरोध करता है कि कल (मंगलवार) होने वाली परीक्षा में शामिल हों और स्ट्राइक पर बैठे छात्रों को आगाह भी करता है कि किसी भी छात्र को परीक्षा देने से ना रोका जाएं। परीक्षा देना छात्रों का मौलिक अधिकार है उनको जबरदस्ती रोकना गैर कानूनी भी है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की सारी मांगे मान ली है अब स्ट्राइक का कोई भी औचित्य नहीं बनता है। फिर भी कोई बात कहनी है तो आयें बात करें किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के द्वारा ही निकाला जा सकता है। विद्यार्थी कमेटी के समक्ष खुले मन से आएं तो समस्या का समाधान निकलेगा।

# समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान

करनाल, 16 जून ( सुनील कुमार ) : डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इस समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा 3 शिकायतें अभी लंबित है।

इसी प्रकार से नीलोखेड़ी उपमंडल में 1 शिकायत प्राप्त हुई, जो अभी लंबित है, घरौंडा उपमंडल से 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसी प्रकार इंद्री उपमंडल में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा 1 शिकायत अभी लंबित है। वहीं असंध उपमंडल में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

# सड़कों पर उतरे एचएसईबी वर्कर्स युनियन ने दिया एमडी को नोटिस , मिड सीजन में आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कड़ा विरोध , धरना व जमकर की नारेबाजी

**हांसी,16 जून ( मनमोहन शर्मा ):** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा मिड-सेशन में जबरन और पक्षपातपूर्ण तरीके से लागू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन, मुख्य कार्यालय भिवानी द्वारा आज (सोमवार) को धरना प्रदर्शन के सातवें दिन विद्युत नगर, हिसार में एक सशक्त एवं अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखा गया। इस आंदोलन की अध्यक्षता राज्य मुख्य संगठनकर्ता अशोक शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन का कार्य प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान मनोज सैनी ने प्रभावशाली रूप से किया। यह नीति उस समय थोप दी गई जब कर्मचारियों के बच्चों के स्कूलों में दाखिले पूर्ण हो चुके हैं और शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है। यह निर्णय न केवल असंवेदनशील प्रतीत होता है, बल्कि प्रशासन की मनमानी और कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा का प्रमाण भी है।




**प्रमुख आपत्तियाँ** – निगम द्वारा 27 कर्मचारियों को ट्रांसफर से छूट दी गई, जो वरिष्ठ अधिकारियों के 'चहेते' माने जाते हैं, यह खुला भेदभाव और भाई-भतीजावाद का प्रतीक है।हिसार ज़ोन की लगभग सभी पोस्ट जानबूझकर ब्लॉक कर दी गईं, जिसके परिणामस्वरूप यहां के कर्मचारियों को 200-300 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया गया।कई कर्मचारियों को पारिवारिक जीवन से दूर अन्य जिलों में तैनात कर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक तनाव दिया गया।राज्य महासचिव यशपाल देशवाल ने कहा की हम आप एमडी साहब को नोटिस देने जा रहे है और चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि जब तक मुख्य प्रशासक (हिसार) द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही, यह मांग भी रखी गई कि यूनियन और निगम प्रबंधन के बीच वार्ता होने तक किसी भी कर्मचारी को जबरन रिलीव न किया जाए। यदि ऐसा हुआ, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

**देशवाल जी ने कर्मचारियों को आह्वान करते हुए नारा दिया** –पहुंचो हिसार, बचाओ अधिकार !मुख्य संगठनकर्ता श्री अशोक शर्मा ने चेताया कि निगम प्रबंधन हमारे धैर्य की परीक्षा न ले। यदि कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह आंदोलन और अधिक तीव्र किया जाएगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नए,स्क्स्क्साथी आंदोलन में शामिल हुए और उन्होंने होम सर्कल ऑर्डर (घर वापसी) की पुरजोर मांग रखी। इस पर महासचिव यशपाल देशवाल और मुख्य संगठनकर्ता अशोक शर्मा ने उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को पूरा करवाया जाएगा।

**हमारी प्रमुख मांगें** – 1. मिड-सेशन ट्रांसफर पॉलिसी को तत्काल रद्द किया जाए।2. सभी कर्मचारियों को समान आधार पर स्थानांतरण का अवसर मिले।3. ब्लॉक की गई सभी पोस्टों को तुरंत अनब्लॉक किया जाए।4. अफसरशाही के दबाव में तैयार की गई चहेतों की सूची की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।5. ALM/LM/AFM को उनके गृह सर्कल में उपलब्ध रिक्त पदों पर तैनात किया जाए।एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने इस तानाशाही और भेदभावपूर्ण नीति के विरुद्ध सख्त नाराज़गी जताई और चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो एक व्यापक और ज़ोरदार आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर अशोक शर्मा (राज्य मुख्य संगठनकर्ता), विजयपाल जाखड़ (पूर्व प्रेस सचिव), राजेश शर्मा (पूर्व उपमहासचिव), सवंत सिंह चौहान, सतेन्द्र सहारण, अनिल पहल, वीरेंद्र गोयत, राजा शामदो, मलकीत सैनी, दलबीर श्योराण, सतिंदर मोंगा, राजेश आशन, वकास नेहरा, साधु राम, संजय सांगवान, शमशेर सिंह( हाँसी), राजमंदिर, शमशेर सिंह (टोहाना), शअनिल, सोनू, रामनिवास, भगत सिंह, संदीप एमसीसी, रामहेर, कृष्ण सैनी, धर्मबीर बैरागी, महाबीर (नरवाना), बलवान ढिल्लों, अनिल इंडेल, सुरेंद्र,रत्तन लाल, नसीब (नरवाना), रामफल (प्रधान, जींद), मदन लाल (हांसी), साहिल मित्तल, रमेश, वेदपाल शर्मा, राजेंद्र कथूरिया, जोगिंदर सिंह, जयभगवान (बरवाला), वींद्र (बरवाला), दिनेश गिल, सुनील सोथा, अनिल राखी, जगबीर पंवार, सतपाल (FM), गिरधारी (LM), पवन (LM), सोमबीर (SA), दीपक शर्मा (SA), राजेश बतरा (AFM), नरेश बतरा (AFM), श्याम सुंदर (JE), मनजीत (JE), अमित पेटवार, सुरेश पेटवार, सतीश बुरा, जयप्रकाश (प्रधान, नारनौंद), आज़ाद सिंह, वीरेंद्र (नारनौंद), सत्यवान शर्मा, शमशेर यादव, सचिन भाकर, सुरेश (सतरोड़), सन्नी (प्रधान, सतरोड़), सतीश लोहान, सुमंत (सचिव, सीसाय), सुरेश (सचिव, सब-अर्बन हांसी), नवीन, सुरेंद्र (उमरा), प्रदीप मलिक, मन्नू यादव (LM), संदीप सैनी (हांसी) और अनेक अन्य कर्मचारी साथी।

# पंचों के गुप्त फैसले के आधार पर सहमत हुए आंदोलित किसान

**मुस्तफाबाद गांव में 13 दिन से चल रहे धरने को किया समाप्त**

**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** मुस्तफाबाद गांव के रकबे में गत 13 दिनों से लगातार चल रहा धरना पंचों द्वारा किए गए गुप्त फैसले के आधार 4 गांव के आंदोलित किसानों ने सहमति से धरने को उठा लिया गया है। इस मसले को हल करने के लिए किसानों व ठेकेदार की ओर से 2-2 पंच नियुक्त करके एक 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी में ठेकेदार की ओर से फूंसगढ गांव धर्मबीर लाठर व मंगलोरा गांव के सतबीर सिंह तथा किसानों की ओर से गांव ढाकवाला गुजरांन के चंद्रभान करनाल से मुकेश कुमार को शामिल किया गया था। भाकियू की ओर से इस कमेटी में कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ था। किसानों व ठेकेदार की सहमति से गठित की गई कमेटी ने मौखिक रूप से किसानों को अपने विश्वास में लेते हुए फैसले को गुप्त रख लिया गया है। जिस पर धरने पर उपस्थित किसानों ने अपनी अपनी सहमति देते हुए अपने धरने को उठा लिया और अपने खेत रेत ड़ालने की कथित सहमति दे दी। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बताया कि किसानों की सहमति के चलते धरने को खत्म करने की घोषणा कर दी है। इस अवसर पर राम सिंह मुस्तफाबाद, पालाराम ढ़ाकवाला गुजरांन, अनिल, सुमित चौधरी, मनोहर लाल, महाबीर सिंह, दिलावर सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।



# नवीन जिंदल फाउंडेशन ने गुलडेहरा धूलगढ़ में फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 108 लोगों का स्वास्थ्य

**पिहोवा, 16 जून ( विवेक ) :** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल



वैन सोमवार को गांव गुलडेहरा और धूलगढ़ में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव गुलडेहरा के सचिवालय में 62 लोगों को दवा देने के साथ 24 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि धूलगढ़ में 17 ओपीडी के साथ 5 लैब टेस्ट हुए। कुल 108 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। यशस्वी योजना से संबंधित कई आवेदन शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं। इस अवसर पर गुलडेहरा के सरपंच प्रदीप कुमार, निर्मल शर्मा, संजय, बलिंद्र, रमेश कुमार, कर्म सिंह और गांव धूलगढ़ में जीता राम सरपंच, गुरलाल सिंह, लक्ष्मण दास, संजीव, रामदिया व इंद्र सिंह आदि ने गांव में शिविर लगाने पर सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया।

# अधिकारियों की रुचि से ही होगा लोगों की समस्याओं का समाधान -उपायुक्त

## नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर- पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र

पानीपत, 16, जून (हरप्रीत छत्तवाल) हरियाणा सरकार के बड़े कर्यक्रम के तहत जिले व उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का अधिकारियों द्वारा रूचिपूर्वक समाधान किया जाता है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस निर्णय लें। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समय दें। जब तक अधिकारी रुचि नहीं लेंगे समस्याओं का समाधान कैसे होगा। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने को लेकर रुचि लेने के निर्देश दिए।



उपायुक्त ने बताया कि जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनमें इस मुहिम का साफ असर दिखाई पड़ रहा है व इसमें प्रशासन को अच्छी खासी सफलता मिल रही है। नागरिक समाधान शिविर में निस्संकोच होकर अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं व उनका समाधान करवा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरे दो घंटे समर्पित भाव से देते हैं। नागरिकों को भी अधिकारियों के सम्पर्ण व प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जनता समाधान शिविर में व्यक्तिगत रूचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है उससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव की झलक साफ दिखाई पड़ रही है। जनता समाधान शिविर में निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय व नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि अधिकारियों को शिविर में रूचि लेनी होगी तभी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा समय देने के अधिकारियों को निर्देश दिये। सोमवार को जनता समाधान शिविर में जिले के नागरिकों ने पैंशन, फैमिली आईडी में इनकम कम करवाने, आधारकार्ड व पुलिस विभाग से जुड़ी 32 समस्याएं दी।उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।प्रार्थी नरेश वास छाजपुर ने सोलर पैनल में सब्सिडी दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को कार्रवाई करने की निर्देश दिए। प्रार्थी साहिल वासी तहसील कैंप ने गली से अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी सुमन वासी जलमाना ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। उन्होंने प्रशासन से अपनी स्थिति भी बताई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिए। एक अन्य प्रार्थी नरेश ने उनके कटे हुए राशन कार्ड को फिर से शुरू करवाने का अनुरोध किया उन्होंने अपनी स्थिति भी कार्ड बनवाने को लेकर स्पष्ट की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिए। शिविर में और भी कई अन्य विभाग भागों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस मौके पर निगम संयुक्त आयुक्त डॉक्टर संजय, सीटीएम टिनू पोशवाल, डीआरओ रण विजय सिंह सुल्तानिया, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डिप्टी सीईओ कंचन लता, पुलिस उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स, डिप्टी सीएमओ दिव्य साहनी, एलडीएम राजकुमार, कृषि विभाग से एडीओ नेहा, खेल प्रशिक्षक सुषमा, पुलिस कैप्लेंड अधिकारी सुरेश, हैल्प डैस्क से संजीव शर्मा व जौगिन्द्र मौजूद रहे।

# आयुष विभाग द्वारा बीपीएस खानपुर में किया गया योग सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत, 16 जून ( विनोद ):** आयुष विभाग से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय शर्मा ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत भक्त फूल सिंह महिला यूनिवर्सिटी में योग सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बीपीएसएम के निदेशक डॉ जगदीश चंद्र दूरेजा ने किया। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य को स्वस्थ रहना है तो उसे रोजाना योग अवश्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में लिखा भी गया है करो योग रहो निरोग। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग, खेल विभाग, शिव युवा शक्ति संघ सोनीपत, पतंजलि योग संस्थान, भारतीय योग संस्थान, महायोग फाउंडेशन द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए गए, जिसमें लोगों को योग को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान औषधीय पौधे भी वितरित किए गए और लोगों को योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। सोमवार को विभिन्न स्थानों पर लगभग 4600 लोगों ने योग किया।उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए तुरंत आयुष विभाग द्वारा जारी नंबर 9501131800 पर मिस्ड कॉल कर अपना रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जून को सुबह 06 बजे आयुष विभाग द्वारा योग मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा, इसलिए सभी नागरिक इसमें अवश्य भाग लें ताकि इस मुहिम को मिलकर सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि योग मैराथन लघु सचिवालय से शुरू होगी और हैबिटेट क्लब के सामने से महलाना रोड़, तिरंगा चौक, छोटूराम चौक से होते हुए वापिस लघु सचिवालय में समाप्त होगी।

जन्मदिन मुबारक



रिद्धि शर्मा को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं ।

# श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट द्वारा लगाया गया साप्ताहिक विशाल भंडारा

**पंचकुला,16 जून ( सतीश मंगला ):** महामंडलेश्वर, गीता मनीषी, स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के आशीर्वाद एवं सदप्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट पंचकुला द्वारा साप्ताहिक भंडारा लगाया गया। यह भंडारा समाजसेवी नरेश मित्तल (सांवरा स्वीट्स) के सहयोग से पंचकुला सैक्टर 6 सिविल हॉस्पिटल के बाहर विशाल भंडारा लगाया। इस भंडारा मे हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीति सचिव तरुण भंडारी ने पहुंचकर अपने हाथों से भंडारा वितरण किया। ट्रस्टी परविंदर ढींगरा, धर्मपाल सिंगला, वृषभान गर्ग, रिम्पी गर्ग, ने तरूण भंडारी एवं भंडारा में सहयोग करने हेतु नरेश मित्तल को पटका पहनाकर एवं ट्रस्ट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा मुख्यमंत्री के राजनीति सचिव तरुण भंडारी, विभिन्न समाजसेवी ट्रस्टों मे मुकेश सिंगला, श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट के प्रधान दिनेश बंसल, सब की सेवा -रब की सेवा ट्रस्ट के संगठन मंत्री दिनेश गुप्ता, अग्र क्रांति मंच के प्रधान सुरेंद्र गोयल, सांवरा स्वीट्स के निर्देशक नरेश मित्तल, पंकज वर्मा, राहुल गर्ग, श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट से परविंदर ढींगरा, धर्मपाल सिंगला, वृषभान गर्ग, रिम्पी गर्ग, राकेश गर्ग बिट्टू,जीवन बब्बू, सुनील जैन, ओ पी पाहवा, वी के कालरा एवं आदि अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# गुरफतेह सिंह गिल ने आदेश ग्रुप के डायरेक्टर का पद संभाला

**शाहाबाद मारकंडा,16 जून ( रूबी ) :** आदेश ग्रुप ने एक और ऐतिहासिक क्षण में प्रवेश किया जब गुरफतेह सिंह गिल ने आदेश ग्रुप के डायरेक्टर के रूप में पदभार संभाल लिया। यह अवसर आदेश ग्रुप के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा लेकर आया है। पदभार ग्रहण समारोह आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एचएस गिल, सचिव कमलदीप कौर गिल, आदेश यूनिवर्सिटी भटिंडा के डायरेक्टर डा. गुरप्रीत सिंह गिल, आदेश अस्पताल मोहड़ी के डायरेक्टर डा. गुणतास गिल, डा. अरमान गिल, पीपीएससी के सदस्य बब्बू तीर, डा. गुरमोहन संधू और सहज सिद्धू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चेयरमैन डा. एचएस गिल ने गुरफतेह सिंह गिल को बधाई देते हुए कहा कि गुरफतेह सिंह गिल में नेतृत्व की जो क्षमता व नयी सोच और संस्थान के प्रति प्रतिबद्धता है वह आदेश ग्रुप को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी। पदभार संभालने के बाद गुरफतेह सिंह गिल ने कहा वह आदेश ग्रुप की इस परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। उनकी प्राथमिकता संस्थान की गुणवत्ता, विस्तार और नवाचार को बढ़ाना रहेगा। हम सभी मिलकर आदेश ग्रुप को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कार्य करेंगे। मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने गुरफतेह सिंह गिल को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# थुराना से सरपंच बने रामदिया, कवारी से करतार सिंह व उगालन से बवीता चुनी गई

**हांसी,16 जून ( मनमोहन शर्मा ):** थुराना,उगालन, कंवारी तथा खेड़ी रोज गांव में पंचायत उपचुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। कंवारी गांव में करतार सिंह को सरपंच चुना गया है। खेड़ी रोज में हुए पंच पद के चुनाव में तेजवीर सिंह पंचायत सदस्य चुने गए हैं। थुराना में रामदिया को सरपंच चुना गया है। उगालन गांव में बबीता को सरपंच चुना गया है।



